

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 1 अंकः 320 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 07 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

# पीएम मोदी की लीडरशिप के कायल हुए ब्रिटिश PM,
## ऋषि सुनक ने कहा- भारत का जी20 की अध्यक्षता करना अद्भुत

नई दिल्ली. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि भारत की विविधता और उसकी असाधारण सफलताओं का अर्थ है कि जी20 की अध्यक्षता के लिए वह 'सही समय' पर 'सही देश' है. इसके साथ ही सुनक ने नरेन्द्र मोदी के पिछले साल के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि भारत को जी20 की अध्यक्षता ऐसे समय मिली जब विश्व कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है.

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति ऋषि सुनक ने 9-10 सितंबर को यहां आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले, पीटीआई- भाषा को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा कि ब्रिटेन और भारत के संबंध दोनों देशों के वर्तमान से भी अधिक, उनके भविष्य को परिभाषित करेंगे.

उन्होंने कहा, 'भारत का आकार, विविधता और इसकी असाधारण सफलताओं का अर्थ है कि यह जी20 की अध्यक्षता के लिए सही समय पर सही देश है. मैं पिछले वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करता हूं और भारत जिस प्रकार वैश्विक नेतृत्व कर रहा है, उसे देखना अद्भुत है.'

### पीएम सुनक ने किया यूक्रेन पर रूसी हमले का जिक्र

प्रधानमंत्री सुनक ने 'पीटीआई' के सवालों के ईमेल से भेजे गए जवाब में कहा, "वैश्विक



अर्थव्यवस्था को स्थिर करने से लेकर जलवायु परिवर्तन से निपटने तक विश्व की मौजूदा प्रमुख चुनौतियों का सामना करने के लिए हम जी20 की अध्यक्षता के जरिए भारत के साथ मिलकर काम करेंगे." ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन पर रूसी हमले का भी जिक्र किया और कहा कि यदि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को किसी संप्रभु पड़ोसी देश पर हमला करने की अनुमति दी गई, तो पूरी दुनिया के लिए इसके 'भीषण परिणाम' होंगे.

### सुनक ने बताया, ब्रिटने क्यों कर रहा है यूक्रेन का समर्थन

सुनक ने कहा, "विश्व के दो प्रमुख लोकतंत्रों के तौर पर, हमारे लोग हमें परिभाषित करते हैं और हमें दिशा दिखाते हैं. यही वजह है कि ब्रिटेन अवैध और अकारण रूसी आक्रमण का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है."

उन्होंने कहा, "एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश के तौर पर यूक्रेन को अपना भविष्य खुद तय करने का अधिकार है. अगर पुतिन को किसी संप्रभु पड़ोसी पर हमला करने की अनुमति दी गई तो पूरे विश्व के लिए इसके भीषण परिणाम होंगे." सुनक ने कहा, "यूक्रेन के लोगों से ज्यादा कोई भी शांति नहीं चाहता है, लेकिन पुतिन के पास अपने सैनिकों को वापस बुलाकर इस युद्ध को कल समाप्त करने की शक्ति है."

## 'एक्स' पर सीएम योगी की लोकप्रियता नए मुकाम पर
### सोशल मीडिया हैंडल पर सीएम के फॉलोअर्स की संख्या पहुंची 2.6 करोड़ के पार

समाज जागरण

लखनऊ, 4 सितंबर। सीएम योगी ने विगत 6 वर्ष में देश की आबादी के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की छवि बदलने से लेकर उसे तरक्की की राह पर ले जाने का जो कार्य किया है, उसकी हर ओर प्रशंसा हो रही है। नतीजा, उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश और दुनिया में सीएम योगी की लोकप्रियता में तेजी से वृद्धि हुई है। सोशल मीडिया भी इसका अपवाद नहीं है। यहां भी हर नए दिन के साथ सीएम योगी की लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। इस क्रम में बुधवार को एक और उपलब्धि तब दर्ज हो गई जब सोशल मीडिया साइट एक्स पर सीएम योगी के ऑफिशियल हैंडल @myogiadityanath के फॉलोअर्स की संख्या ने 26 मिलियन (2.6 करोड़) का आंकड़ा पार कर लिया। पीएम मोदी और अमित शाह के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले सीएम योगी तीसरे ऐसे राजनेता हैं, जिनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इतनी बड़ी संख्या में चाहन्ेवाले हैं। एक्स पर उनकी लोकप्रियता देश के अंदर लगभग सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, विपक्ष के नेताओं और यहां तक कि कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से ज्यादा है। हाल ही में एक्स द्वारा 30 दिन में सर्वाधिक फॉलोअर्स पाने वाले लोगों, संगठनों और विभागों की लिस्ट जारी की गई थी, जिसमें सीएम योगी 2 लाख 67 हजार 419 नए फॉलोअर्स के साथ पीएम मोदी के बाद दूसरे लोकप्रिय भारतीय राजनेता रहे थे।




## हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी के कारण बैठक में जोरदार हंगामा
### केंद्रीय नेतृत्व के नियुक्तियाँ निर्णय को एस आर के गुट की ललकार

विनोद कश्यप
(हरियाणा स्टेट हैड,

दैनिक समाज जागरण चण्डीगढ़ 6 सितम्बर; हरियाणा प्रदेश कांग्रेस में पिछले साढ़े 9 सालों से भंग चल रहे संगठन को खड़ा करने का कांग्रेस उच्च कमॉन प्रयास कर रही है, लेकिन हरियाणा में कांग्रेस नेताओं की गुटबाजी मनमानी पर आई हुई है। सैलजा गुट के कार्यकर्ता उच्च कमॉन की ओर से की गई इन नियुक्तियों को परवान नहीं चढ़ने दे रहा है । जींद और करनाल के बाद अंबाला कैंट के कांग्रेस भवन में हुई मीटिंग में भी हंगामा हुआ। हुड्डा और कुमारी सैलजा गुटों ने नारेबाजी की।

कुमारी सैलजा गुट के वर्कर्स ने हुड्डा बाप-बेटे की न चलने देंगे के नारे लगाए। वहीं, हुड्डा गुट ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा जिंदाबाद के नारेबाजी की। यही नहीं, दोनों गुट दूर-दूर बैठे दिखाई दिए। कुमारी सैलजा गुट के वर्कर्स कांग्रेस



भवन तो वहीं हुड्ड गुट के नेता व वर्कर्स सामने दुकान में खड़े दिखाई दिए।

**हाथ जोड़कर मामला शांत कराते ऑब्जर्वर शाबिर खान पठान**

ऑब्जर्वर के सामने हुई नारेबाजी बता दें कि अंबाला में बुधवार को कांग्रेस की संगठनात्मक प्रक्रिया को लेकर अहम बैठक हुई, जिसमें हुड्डा व सैलजा गुट में विरोधाभास देखने को मिला। इस दौरान पर्यवेक्षक शाबिर खान पठान व समन्वयक रघुवीर तेवतिया, जयपाल लाली के सामने ही सैलजा और हुड्डा गुट के वर्कर्स ने नारेबाजी की और अपने-अपने नेताओं के कसीदे पढ़े। हालांकि, पर्यवेक्षकों ने इस दौरान गुटबाजी से इनकार किया और कहा सभी कांग्रेस के लिए काम कर रहे हैं।

**हरियाणा कांग्रेस में अब 2 गुट**

हरियाणा कांग्रेस में संगठन नहीं बन पाने की सबसे बड़ी वजह गुटबाजी है। इस समय पार्टी में दो गुट हैं। पहला पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का, जो सबसे मजबूत माना जाता है। दूसरा रणदीप सुरजेवाला, कुमारी शैलजा और किरण चौधरी (एस आर के ) का गुट है, जो अब हुड्डा के खिलाफ एक साथ है। हुड्डा की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हरियाणा कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान को उन्हीं की मर्जी से लगाया गया है।

**एसआरके गुट ने हाईकमान से जताई नाराजगी**

बता दें कि जिलों में हो रहे विरोध के बीच हुड्डा विरोधी खेमे के नेता सुरजेवाला, शैलजा और किरण चौधरी दिल्ली पहुंच थे। यहां उन्होंने हरियाणा में चल रहे हालातों को लेकर केंद्रीय नेतृत्व से अपनी नाराजगी जाहिर की। कुमारी शैलजा ने केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात के बाद कहा कि जिलों में बाहर के प्रभारी लगा दिए गए हैं, जो असली कांग्रेसी कार्यकताओं की अनदेखी कर रहे हैं। इससे कार्यकताओं में रोष है।

## नयाघाट से गुप्तारघाट के बीच संचालित होगा क्रूज, स्नैक्स के साथ किराया 300 रुपये

अयोध्या।जन्माष्टमी के बाद से सरयू नदी में श्रद्धालुओं के लिए क्रूज सेवा प्रारम्भ हो जायेगी। नयाघाट से गुप्तारघाट के बीच इसका संचालन किया जायेगा। नयाघाट से गुप्तारघाट तक इसे पहुंचने में 50 मिनट का समय लगेगा। यहां 20 मिनट रुकने के बाद पुनः नयाघाट क्रूज वापस चला जायेगा। क्रूज का नाम जटायू रखा गया है तथा इसका किराया 300 रुपये है जिसमें स्नैक्स की सुविधा भी श्रद्धालुओं को मिलेगी।

अयोध्या क्रूज लाइन्स के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल शर्मा ने बताया कि यह डबल इंजन क्रूज है जो 3 से 4 फुट पानी में भी चलेगा। इसमें 35-35 की यात्रियों क्षमता के दो कम्पाउन्ड



होंगे। उपर भी 20-20 यात्री के साथ कुल 100 के लगभग यात्रियों की क्षमता क्रूज में है। नयाघाट से गुप्तारघाट के बीच यह चलेगी। नयाघाट से 50 मिनट में गुप्तारघाट पहुंचने के बाद वहां 20 मिनट रुकेगी। इसके बाद फिर से 50 मिनट में नयाघाट पहुंचेगी। घाटों के पौराणिक इतिहास के बारें में श्रद्धालुओं को बताने के लिए गाईड की व्यवस्था रहेगी। होस्टेज व वेटर भी होंगे। यह फुली एसी व टाप लग्जरी है। श्रद्धालुओं को स्नैक्स दिया जायेगा। अभी हमनें इसका बजट 300 रुपये रखा है। मीडियम फैमिली के लिए आने वाले समय में पुष्पक विमान आयेगा। जिसमें 800 रुपये लगेगा।




## G20 समिट में क्रिप्टोकरेंसी पर होगा मंथन, भारत की दलीलों के आगे झुके सदस्य देश, डिजिटल करेंसी पर बनाएंगे नियम




नई दिल्ली. वित्त मंत्रालय जी-20 शिखर सम्मेलन के एजेंडे को लेकर साल भर से जारी विचार-विमर्श में क्रिप्टोकरेंसी की अंधेरी और अनिश्चित, लेकिन अपरिहार्य दुनिया को प्रमुखता से उठाता रहा है. और अब एक बड़ी जीत में, भारत जी20 समिट में भाग लेने वाले सदस्य देशों को यह समझाने में कामयाब रहा है कि क्रिप्टोकरेंसी को इस समिट के एजेंडे में शामिल होना चाहिए. भारत के ठोस तर्कों के बाद और कुछ देशों की शुरूआती झिझक के बावजूद अधिकांश देश इस पर चर्चा के लिए सहमत हो गए हैं.

यह तर्क दिया गया कि क्रिप्टोकरेंसी कई लोगों के लिए एक अपरिहार्य विकल्प है और इसने लोकप्रियता हासिल की है. हालांकि, इंटरनेट की विशाल दुनिया क्रिप्टोकरेंसी के मुफ्त और निर्बाध उपयोग की अनुमति देती है. इसके दुरुपयोग और यहां तक कि आपराधिक गतिविधियों और आतंकी कृत्यों में शामिल होने की भी खबरें आई हैं. भारत एक क्रिप्टो रेग्यूलेशन कानून पर काम कर रहा है और उसने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और एक समान नियामक तंत्र के माध्यम से निगरानी का सुझाव दिया है.

### पीएम मोदी ने अगस्त में भी उठाया था यही मुद्दा

अगस्त में B20 शिखर सम्मेलन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी एक चुनौती है. इस मामले में अधिकतम एकीकृत दृष्टिकोण की जरूरत है. एक वैश्विक ढांचा तैयार करने की जरूरत है जिसमें सभी हितधारकों के हितों का ध्यान रखा जाए.' जबकि क्रिप्टोकरेंसी में व्यापार की अनुमति है, भारत सरकार ने इस पर 30% कर लगाया है. हालाँकि, इसकी कानूनी निविदा नहीं है और इसका उपयोग बैंकिंग उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता है.

### क्रिप्टोकरेंसी की निगरानी के लिए सभी को तत्पर रहने की जरूरत

सूत्रों का कहना है कि भारत को क्रिप्टो कानून बनाने के लिए जी-20 देशों के समझौते पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है, लेकिन उसने इसे एजेंडे में रखने पर जोर दिया है. भारत ने कहा है: "सिर्फ एक ही देश नहीं हो सकता जो क्रिप्टो मुद्दे को संभालेगा. इसके व्यापक वैश्विक व्यापक आर्थिक निहितार्थ हैं, इसलिए हमें इसकी निगरानी के लिए सभी को तत्पर रहने की जरूरत है."

### क्रिप्टो पर आम सहमति बनने की उम्मीद

भारत ने G20 देशों को क्रिप्टो के लिए एक सामान्य टेम्पलेट की आवश्यकता पर जोर दिया है और आश्वस्त किया है. इसकी पूरी संभावना है कि नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन खत्म होने तक क्रिप्टो पर आम सहमति बन जाएगी क्योंकि कोई भी देश अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मोल नहीं ले सकता.

## गृह मंत्री अमित शाह का बिहार दौरा, 16 सितंबर को झंझारपुर में कार्यक्रम

समाज जागरण

पटना. लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी का मुख्य फोकस बिहार पर है. खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगातार बिहार का दौरा कर रहे हैं. इसी कड़ी में अमित शाह एक बार फिर बिहार आ रहे हैं. आने वाले 16 सितंबर को मधुबनी के झंझारपुर में वे कार्यक्रम को संबोधित करेंगे. बता दें कि जदयू के एनडीए से अलग होने के बाद पटना, पूर्णिया, नवादा, बाल्मीकिनगर का पिछले महीनों दौरा कर चुके हैं.

बता दें कि हाल में ही बीते 23 जून को विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक के बाद 29 जून को शाह लखीसराय पहुंचे थे, तब उन्होंने लालू, नीतीश, ललन सिंह समेत विपक्षी दलों के अन्य नेताओं पर जोरदार हमला बोला



था. अब मिथिलांचल को साधने की तैयारी है. दरअसल, मिशन 2024 को लेकर अमित शाह बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं. बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत को लेकर उनका फोकस है.

31 और 1 सितंबर को मुंबई में विपक्षी गठबंधन INDIA की तीसरी बैठक में जिस तरह से लालू यादव ने केंद्र की सरकार, खास कर पीएम नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा था, ऐसे में अमित शाह का इतनी जल्दी बिहार आगमन महत्वपूर्ण है. आगामी 16 सितंबर को अमित शाह बिहार पहुंच रहे हैं और वे मधुबनी के झंझारपुर में गृहमंत्री एक आम सभा को संबोधित करेंगे जहां से बिहार की राजनीति में कुछ तेज हलचल दिख सकती है.

## दिल्ली मेट्रो में फिर भिड़ी 2 महिलाएं! सीट के लिए खूब चले लात-घूंसे और थप्पड़

समाज जागरण / दिल्ली मेट्रो अपने वायरल वीडियो को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती है. कभी लोगों के नाचने तो, कभी गाने या फिर झड़पों के वीडियो वायरल होते रहते हैं. अभी सोशल मीडिया पर दिल्ली मेट्रो ट्रेन के अंदर दो महिलाओं के बीच तीखी नोकझोंक के एक वायरल वीडियो ने इंटरनेट का ध्यान खींचा है. इस फुटेज में, काली सलवार सूट पहनी एक महिला को पीली सलवार सूट वाली दूसरी महिला के साथ हाथापई करते हुए देखा जा सकता है. इस वीडियो को एक्स ( ) पर 'Ghar Ke Kalesh' आईडी से अपलोड किया गया है. इसका कैप्शन है, 'मेट्रो मे दो महिलाओं में क्लेश, महिला पुलिस ने किया हस्तक्षेप.' वीडियो में एक महिला पुलिस अधिकारी और कुछ अन्य लोग झगड़ा कर रही दोनों महिलाओं को अलग करने का प्रयास करते दिख रहे हैं. वहीं काली पोशाक वाली महिला दूसरी महिला को चेतावनी देते हुए कहती सुनाई दे रही है, 'जज की बेटी हूं मैं, तुम्हें छोड़ूंगी नहीं...'

## ग्रेटर नोएडा में आवारा पशुओं का आतंक, सांड ने मासूम बच्ची पर किया हमला, कुत्तों ने ऐसे बचाई जान

ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के समसपुर गांव में, जहां एक सांड ने 8 साल की मासूम बच्ची पर हमला किया. नगर के वासियों में आवारा पशुओं के खत्म होने का नाम नहीं लेने के बारे में सजीव चर्चा हो रही है. इस घटना में मासूम बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं. वहीं पास के अस्पताल में चिकित्सा कराई जा रही है. घटना की जांच सीसीटीवी कैमरों द्वारा की जा रही है. इसके बाद आसपास के निवासियों में भी अप्रत्याशित गुस्सा है.

## जन्माष्टमी पर टूटा सोने का भाव, चांदी के दाम में दर्ज हुई बड़ी गिरावट

जन्माष्टमी पर सोना चांदी के खरीदारों के लिए अच्छी खबर है. यूपी के वाराणसी में बुधवार (6 सितंबर) को सोने-चांदी के कीमतों में कमी आई है.बाजार खुलने के साथ सोना 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है.वहीं बात चांदी की करें तो उसकी कीमत में 1000 रुपये प्रति किलो की बड़ी गिरावट आई है.जिसके बाद चांदी का भाव 79000 रुपये हो गया.बताते चलें कि सोने-चांदी की कीमत हर दिन टैक्स,उत्पाद शुल्क के कारण घटता बढ़ता रहता है.

## सत्यम ब्रुयात, प्रियम ब्रुयात

किसी की चाहत में दर-बदर हो गये,
भरी दुनिया से कैसे बेखबर हो गये,
उनका उजड़ना जिन्हें गवाँरा हुआ,
रूप सँवार कर हमजिगर हो गये।

जब बुद्धि किसी की भ्रष्ट हो जाती है,
तो शृगाल की तरह शहर को जाता है,
उसकी जिन्दगी बरबाद हो जाती है,
फिर भी वो विनाश की ओर जाता है।

जाने अनजाने छोटी बड़ी भूल होती है
भूल को सुधारने का मौका मिलता है,
चूक गए तो कभी मौका नहीं मिलता है,
बस मुट्ठी बंद पर हाथ खाली होता है।

इंसान को पास और दूर करने वाली
अनोखी चीज होती है उसकी बोली,
बोलें, पर उचित, यथार्थ, पर्याप्त बोलें,
अन्यथा मौन रहें और कुछ भी ना बोलें।

दूसरी बड़ी चीज है इंसान के बीच रिश्ते,
जो भंडार गृह के सामान की तरह होते हैं,
जरूरत होती है, तभी इस्तेमाल होते हैं,
वरना रिश्ते बस नाम के लिए होते हैं।

जीवन के अधिकांश सम्बन्ध हमारे
बोलने के तरीके पर निर्भर होते हैं,
हम क्या बोलते हैं से ज्यादा, मायने
ये रखता है कि हम कैसे बोलते हैं '

सत्य बोलना चाहिये, प्रिय बोलना चाहिये,
सत्य किंतु अप्रिय नहीं बोलना चाहिये,
प्रिय किंतु असत्य नहीं बोलना चाहिये,
आदित्य ये सनातन सच मानना चाहिये।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ।**

## मेरे श्याम सांवरे

हमें तुमसे है मोहब्बत
मेरे श्याम साँवरे,
लेते हैं तेरा नाम हम
अविराम साँवरे।

आओ हमारे घर कभी
माखन चुराने तुम,
आओ हमारे घर कभी
मुरली की सुनाओ धुन।
हमें तेरा इन्तजार
अविराम साँवरे,
लेते हैं तेरा नाम हम
अविराम साँवरे।

यमुना की लहरें तुम बिन
मचलना विसर गई,
शाखों पे कलियां तुम बिन
महकना विसर गई।
तेरे बिना नहि अब कोई
काम साँवरे
लेते हैं तेरा नाम हम
अविराम साँवरे।

हमे तुमसे है मोहब्बत
मेरे श्याम साँवरे,
लेते हैं तेरा नाम हम
अविराम साँवरे।

**बिंदु अग्रवाल**
**किशनगंज बिहार**

# विनम्रता को आत्मसात करें, स्वभिमान को अस्त्र बनाये।

**दैनिक समाज जागरण**

प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है वह जीवन के हर सोपान में अपने आप को उत्तम स्थिति में रखना चाहता है। किंतु जीवन की सफलता मनुष्य के संघर्ष और उसके आचरण में अंतर्निहित विनम्रता पर भी निर्भर करती हैं। मनुष्य यदि सब कुछ प्राप्त करके भी वह विनम्र नहीं है तो उसका जीवन अधूरा है। रावण बहुत बड़ा विद्वान और शास्त्रों का ज्ञाता था किंतु उसके जीवन में और उसके आचरण में विनम्रता ना होकर दंभ और अहंकार समाविष्ट था, अतः वह अपने अहम और विनम्रता विहीन जीवन के कारण प्रभु श्री राम के हाथों मारा गया। विनम्रता मनुष्य का वह गुण है जो मनुष्य के निजी जीवन में समाजीकरण की प्रक्रिया में उसके द्वारा आत्मसात किया जाता है। मनुष्य मूलतः अहंकारी, स्वार्थी, लालची तथा पद प्राप्त करने वाला लोभी रूप होता है। किंतु धीरे-धीरे वह सामाजिक परिवेश में अपने आसपास के ज्ञानी ,साधु एवं सच्चे सद्गुणी नागरिकों के संपर्क में आकर अपने लोभ तथा लालच की अहंकारी गतिविधियों में सुधार लाकर सहिष्णु, सौहार्द, करुणा, सहयोग आदि गुणों को अपने में समाहित कर विनम्रता के सद्गुण को ग्रहण कर लेता है। विनम्रता सही मायने में सामाजिक अच्छाई की परिणति है। सद्गुण और विनम्रता महान लोगों के द्वारा ग्रहण किया हुआ वह अलंकार है जो उसे लोक तथा परलोक में सर्वमान्य रूप से स्थापित करता है। छोटा और तुच्छ व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी गतिविधियों में रहकर अपने आप को सर्वशक्तिमान एवं सर्व ज्ञानी समझकर कुएं के मेंढक की तरह अधजल गगरी छलकत जावे की कहावत को सिद्ध करता है। महान तथा ज्ञानी व्यक्ति के व्यक्तित्व में विनम्रता झलकती है वह उसे प्रदर्शित करने से परहेज करते हैं क्योंकि विनम्रता उनके संपूर्ण व्यक्तित्व में समाहित होती है। विनम्रता किसी भी सज्जन व्यक्ति की जीवन की शैली होती है। महान और विनम्र व्यक्ति की प्रशंसा करने पर भी वे उसे स्वीकार न कर किसी दूसरे व्यक्ति को इस-का श्रेय देते हैं। और अज्ञानी और छोटी सोच के कारण व्यक्ति अपने मियां मिट्ठू बनने से नहीं अघाते हैं। ज्ञानी व्यक्ति अपनी उपलब्धि को समाज की बेहतरी के लिए उपयोग में लाता है, ना कि उसे केवल अपने अथवा अपने करीबी या परिवार के लिए ही सीमित नहीं रखता है। विनम्र व्यक्ति सदा ज्ञान तथा सद्गुणों की खोज में रहता है एवं उसके जीवन में नई-नई उपलब्धियां अपने आप आने लगती हैं । जिस तरह फलदार वृक्ष सदैव झुके हुए होते हैं उसी तरह विनम्र और ज्ञानी व्यक्ति भी बहुत अधिक विनम्र तथा देश समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर बने रहने के पश्चात भी विद्यार्थियों के साथ रहा करते थे जो उनको महानतम बनाता है और इसी महानता के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च भारत रत्न की उपाधि दी गई थी। ज्ञानी व्यक्ति केवल सूचनाओं का केंद्र ही नहीं होता बल्कि ज्ञान उसे विनम्र और सद्गुणी बनाता है, विनम्रता मनुष्य को उसके जीवन में अच्छे मार्ग में प्रशस्त होता है विनम्र व्यक्ति ही समाज में उचित स्थान तथा सम्मान का हकदार बनता है। विनम्रता से ही मनुष्य समाज के हर पहलू में उसका पात्र बनकर उसे ग्रहण करने का अधिकार रखता है। इसलिए विनम्र एवं ज्ञानी व्यक्ति समाज में सदैव सम्मानित एवं उच्च स्थान प्राप्त करने वाला व्यक्ति बन जाता है। विनम्र व्यक्ति में नेतृत्व गुण भी संभावित होता है क्योंकि ज्ञानी और विनय शील व्यक्ति को अपने नेतृत्व कर्ता के रूप में शहर से स्वीकार करती है। क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने विचारों को आमजन पर अधिरोपित नहीं करता बल्कि उनके विचारों को उनके सुझाओं को प्राप्त कर नए-नए समाधान भी निकलता है। महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता के लिए इसे अपना अस्त्र तथा शस्त्र बनाया था। सत्य और अहिंसा विनम्र व्यक्ति के दो अमोघ अस्त्र की तरह थे जो विनम्रता को और प्रभावशाली बनाते हैं। विनम्र व्यक्ति सदा संतोषी एवं परम सुखी होता है क्योंकि उसकी अपनी कोई महत्वाकांक्षा इच्छा, लोभ,जलन अथवा प्रतिस्पर्धा नहीं रहती है, वह अवगुणों से दूर रहकर अपने को परिमार्जित कर लेता है और समाज के विकास के लिए समर्पित भी रहता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में कहा जाता है कि जब वे ज्ञान की खोज में देशाटन कर रहे थे तब लोगों ने उन्हें अनेक प्रकार की यातनाएं दी पर महात्मा बुध ने बिना विचलित हुए अपनी खोज में लगे रहे और उनके अथक प्रयास ,विनम्रता और ज्ञान के दम पर महापरिनिर्वाण की स्थिति को प्राप्त किया। जिस तरह शक्ति को दबाया जा सकता है किंतु समाप्त नहीं किया जा सकता उसी प्रकार विनम्रता कुछ समय के लिए कमजोर प्रतीत हो सकती है अंततः उसकी अपनी क्षमता व्यापकता और पर्वत के समान कठोर तत्वों के कारण वह हर बाधा को पार कर मनुष्य को सफलता दिलाने में सक्षम होती है इसी विनम्रता और कठोर श्रम के चलते महात्मा गांधी ने ब्रि-टश सरकार की बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया और भारतवासियों को अपनी विनम्रता से स्वाधीनता का स्वाद चखाया। यही बात हमारी भारतीय सनातन तथा वैदिक संस्कृति पर भी लागू होती है वह हजारों वर्ष से अब तक सुरक्षित बनी हुई है। विनम्रता व्यक्ति हो या संस्कृति उसे विनम्रता स्थायित्व प्रदान करती है एवं आने वाले मार्ग की बाधाओं को समाप्त कर देती है जैसा कि अहंकार का अस्थाई तथा क्षणभंगुर होता है, किसी भी राष्ट्र संस्कृति समाज के स्थायित्व के लिए उसका विनम्र तथा सहिष्णु होना आवश्यक है ।इसीलिए यह माना जाता है कि मनुष्य, समाज ,देश के लिए विनम्रता सर्वश्रेष्ठ अवदान है।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# कृष्ण जन्माष्टमी

**दैनिक समाज जागरण**

कृष्ण जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव है। योगेश्वर कृष्ण के भगवद्गीता के उपदेश अनादि काल से जनमानस के लिए जीवन दर्शन प्रस्तुत करते रहे हैं। जन्माष्टमी को भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में बसे भारतीय भी इसे पूरी आस्था व उल्लास से मनाते हैं। श्रीकृष्ण ने अपना अवतार भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मध्यरात्रि में कंस का विनाश करने के लिए मथुरा में लिया। चूंकि भगवान स्वयं इस दिन पृथ्वी पर अवतरित हुए थे अतः इस दिन को कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। इसीलिए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मथुरा नगरी भक्ति के रंगों से सराबोर हो उठती है।

**जन्मोत्सव**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। कृष्ण जन्मभूमि पर देशझ्रविदेश से लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और पूरे दिन व्रत रखकर नर-नारी तथा बच्चे रात्रि 12 बजे मन्दिरों में अभिषेक होने पर पंचामृत ग्रहण कर व्रत खोलते हैं। कृष्ण जन्मभूमि के अलावा द्वारकाधीश, बिहा-रीजी एवं अन्य सभी मन्दिरों में इसका भव्य आयोजन होता है, जिनमें भारी भीड़ होती है।

**विष्णु के आठवें अवतार**

**मुख्य लेख : कृष्ण एवं कृष्ण संदर्भ**

भगवान श्रीकृष्ण विष्णुजी के आठवें अवतार माने जाते हैं। यह श्रीविष्णु का सोलह कलाओं से पूर्ण भव्यतम अवतार है। श्रीराम तो राजा दशरथ के यहाँ एक राजकुमार के रूप में अवतरित हुए थे, जबकि श्रीकृष्ण का प्राकट्य आततायी कंस के कारागार में हुआ था। श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि को रोहिणी नक्षत्र में देवकी व श्रीवसुदेव के पुत्ररूप में हुआ था। कंस ने अपनी मृत्यु के भय से बहिन देवकी और वस-देव को कारागार में कैद किया हुआ था।


**कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा**

कृष्ण जन्म के समय घनघोर वर्षा हो रही थी। चारों तरफ घना अंधकार छाया हुआ था। श्रीकृष्ण का अवतरण होते ही वसुदेवझ्रदेवकी की बेड़ियाँ खुल गईं, कारागार के द्वार स्वयं ही खुल गए, पहरेदार गहरी निद्रा में सो गए। वसुदेव किसी तरह श्रीकृष्ण को उफनती यमुना के पार गोकुल में अपने मित्र नन्दगोप के घर ले गए। वहाँ पर नन्द की पत्नी यशोदा को भी एक कन्या उत्पन्न हुई थी। वसुदेव श्रीकृष्ण को यशोदा के पास सुलाकर उस कन्या को ले गए। कंस ने उस कन्या को पटककर मार डालना चाहा। किन्तु वह इस कार्य में असफल ही रहा। श्रीकृष्ण का लालनझ्रपालन यशोदा व नन्द ने किया। बाल्यकाल में ही श्रीकृष्ण ने अपने मामा के द्वारा भेजे गए अनेक राक्षसों को मार डाला और उसके सभी कुप्रयासों को विफल कर दिया। अन्त में श्रीकृष्ण ने आतातायी कंस को ही मार दिया। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का नाम ही जन्माष्टमी है। गोकुल में यह त्योहार 'गोकुलाष्टमी' के नाम से मनाया जाता है।

जन्माष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़, कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा

भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य उत्सव

भगवान श्रीकृष्ण ही थे, जिन्होंने अर्जुन को कायरता से वीरता, विषाद से प्रसाद की ओर



जाने का दिव्य संदेश श्रीमदभगवदगीता के माध्यम से दिया।

कालिया नाग के फन पर नृत्य किया, विदुराणी का साग खाया और गोवर्धन पर्वत को उठाकर गिरिधारी कहलाये।

समय पड़ने पर उन्होंने दुर्योधन की जंघा पर भीम से प्रहार करवाया, शिशुपाल की गालियाँ सुनी, पर क्रोध आने पर सुदर्शन चक्र भी उठाया।

अर्जुन के सारथी बनकर उन्होंने पाण्डवों को महाभारत के संग्राम में जीत दिलवायी।

सोलह कलाओं से पूर्ण वह भगवान श्रीकृष्ण ही थे, जिन्होंने मित्र धर्म के निर्वाह के लिए गरीब सुदामा के पोटली के कच्चे चावलों को खाया और बदले में उन्हें राज्य दिया।

उन्हीं परमदयालु प्रभु के जन्म उत्सव को जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है।

शास्त्रों के अनुसार

श्रावण (अमान्त) कृष्ण पक्ष की अष्टमी को कृष्ण जन्माष्टमी या जन्माष्टमी व्रत एवं उत्सव प्रचलित है, जो भारत में सर्वत्र मनाया जाता है और सभी व्रतों एवं उत्सवों में श्रेष्ठ माना जाता है। कुछ पुराणों में ऐसा आया है कि यह भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। इसकी व्याख्या इस प्रकार है कि 'पौराणक वचनों में मास पूर्णिमान्त है तथा इन मासों में कृष्ण पक्ष प्रथम पक्ष है।' पद्म पुराण , मत्स्य पुराण , अग्नि पुराण में कृष्ण जन्माष्टमी के माहात्म्य का विशिष्ट उल्लेख है।

छान्दोग्योपनिषद में आया है कि कृष्ण देवकी पुत्र ने घोर आँगिर से शिक्षाएँ ग्रहण कीं। कृष्ण नाम के एक वैदिक कवि थे, जिन्होंने अश्विनों से प्रार्थना की है।

अनुक्रमणी ने ऋग्वेद को कृष्ण आंगिरस का माना है।

जैन परम्पराओं में कृष्ण 22वें तीर्थकर नेमिनाथ के समकालीन माने गये हैं और जैनों के प्राक्-इतिहास के 63 महापुरुषों के विवरण में लगभग एक तिहाई भाग कृष्ण के सम्बन्ध में ही है।

महाभारत में कृष्ण जीवन भरपूर हैं। महाभारत में वे यादव राजकुमार कहे गये हैं, वे पाण्डवों के सबसे गहरे मित्र थे, बड़े भारी योद्धा थे, राजनीतिज्ञ एवं दार्शनिक थे। कतिपय स्थानों पर वे परमात्मा माने गये हैं और स्वयं विष्णु कहे गये हैं। महाभारत शान्ति पर्व ; द्रोण पर्व ; कर्ण पर्व; वन पर्व; भीष्म पर्व। युधिष्ठिर, द्रौपदी एवं भीष्म ने कृष्ण के विषय में प्रशंसा के गान किये हैं। हरिवंश, विष्णु, वायु, भागवत एवं ब्रह्मवैवर्त पुराण में कृष्ण लीलाओं का वर्णन है जो महाभारत में नहीं पाया जाता है।

पाणिनि से प्रकट होता है कि इनके काल में कुछ लोग 'वासुदेवक' एवं 'अर्जुनक' भी थे, जिनका अर्थ है क्रम से वासुदेव एवं अर्जुन के भक्त।

पतंजलि के महाभाष्य के वार्तिकों में कृष्ण सम्बन्धी व्यक्तियों एवं घटनाओं की ओर संकेत है, यथा वार्तिक संहिता में कंस तथा बलि के नाम; वार्तिक संहिता में 'गोविन्द'; एवं पाणिनी के वार्तिक में वासुदेव एवं कृष्ण। पंतजलि में 'सत्यभामा' को 'भामा' भी कहा गया है। 'वासुदेववर्ग्यः', ऋष्यन्धकवृष्णिकुरुभ्यश्च' में, उग्रसेन को अंधक कहा गया है एवं वासुदेव तथा बलदेव को विष्णु कहा गया है, आदि शब्द आये हैं। अधिकांश विद्वानों ने पंतजलि को ई. पू. दूसरी शताब्दी का माना है। कृष्ण कथाएँ इसके बहुत पहले की हैं। आदि पर्व एवं सभा पर्व में कृष्ण को वासुदेव एवं परमब्रह्म एवं विश्व का मूल कहा गया है।

**कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा**

ई. पू. दूसरी या पहली शताब्दी के घोसुण्डी अभिलेख एवं इण्डियन ऐण्टीक्वेरी, में कृष्ण को 'भागवत एवं सर्वेश्वर' कहा गया है। यही बात नागाघाट अभिलेखों, ई. पू. 200 ई. में भी है। बेसनगर के 'गरुणध्वज' अभिलेख में वासुदेव को 'देव-देव' कहा गया है। ये प्रमाण सिद्ध करते हैं कि ई. पू. 500 के लगभग उत्तरी एवं मध्य भारत में वासुदेव की पूजा प्रचलित थी।

श्री आर. जी. भण्डारकर कृत 'वैष्णविज्म, शैविज्म' , जहाँ पर वैष्णव सम्प्रदाय एवं इसकी प्राचीनता के विषय में विवेचन उपस्थित किया गया है। यह आश्चर्यजनक है कि कृष्ण जन्माष्टमी पर लिखे गये मध्यकालीन ग्रन्थों में भविष्य, भविष्योत्तर, स्कन्द, विष्णुधर्मोत्तर, ना-रदीय एवं ब्रह्म वैवर्त पुराणों से उद्धरण तो लिये हैं, किन्तु उन्होंने उस भागवत पुराण को अछूता छोड़ रखा है जो पश्चात्कालीन मध्य एवं वर्तमानकालीन वैष्णवों का 'वेद' माना जाता है। भागवत में कृष्ण जन्म का विवरण संदिग्ध एवं साधारण है। वहाँ पर ऐसा आया है कि समय काल सर्वगुणसम्पन्न एवं शोभन था, दिशाएँ स्वच्छ एवं गगन निर्मल एवं उडुगण युक्त था, वायु सुखस्पर्शी एवं गंधवाही था और जब जनार्दन ने देवकी के गर्भ से जन्म लिया तो अर्धरात्रि थी तथा अन्धकार ने सबको ढक लिया था।

**राधा-कृष्ण**

भविष्योत्तर पुराण में कृष्ण द्वारा 'कृष्णजन्माष्टमी व्रत' के बारे में युधिष्ठिर से स्वयं कहलाया गया हैझ्र'मैं वासुदेव एवं देवकी से भाद्र कृष्ण अष्टमी को उत्पन्न हुआ था, जबकि सूर्य सिंह राशि में था, चन्द्र वृषभ राशि में था और नक्षत्र रोहिणी था'। जब श्रावण के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र होता है तो वह तिथि जयन्ती कहलाती है, उस दिन उपवास करने से सभी पाप जो बचपन, युवावस्था, वृद्धावस्था एवं बहुत से पूर्वजन्मों में हुए रहते हैं, कट जाते हैं। इसका फल यह है कि यदि श्रावण कृष्णपक्ष की अष्टमी को रोहिणी हो तो न यह केवल जन्माष्टमी होती है, किन्तु जब श्रावण की कृष्णाष्टमी से रोहिणी संयुक्त हो जाती है तो जयन्ती होती है।

रासलीला, कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा

जन्माष्टमी व्रत

'जन्माष्टमी व्रत' एवं 'जयन्ती व्रत' एक ही हैं या ये दो पृथक व्रत हैं। कालनिर्णय [29] ने दोनों को पृथक व्रत माना है, क्योंकि दो पृथक नाम आये हैं, दोनों के निमित्त (अवसर) पृथक हैं (प्रथम तो कृष्णपक्ष की अष्टमी है और दूसरी रोहिणी से संयुक्त कृष्णपक्ष की अष्टमी), दोनों की ही विशेषताएँ पृथक हैं, क्योंकि जन्माष्टमी व्रत में शास्त्र में उपवास की व्यवस्था दी है और जयन्ती व्रत में उपवास, दान आदि की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त जन्माष्टमी व्रत नित्य है (क्योंकि इसके न करने से केवल पाप लगने की बात कही गयी है) और जयन्ती व्रत नित्य एवं काम्य दोनों ही है, क्योंकि उसमें इस-के न करने से न केवल पाप की व्यवस्था है प्रत्युत करने से फल की प्राप्ति की बात भी कही गयी है। एक ही श्लोक में दोनों के पृथक उल्लेख भी हैं। हेमाद्रि, मदनरत्न, निर्णयसिन्धु आदि ने दोनों को भिन्न माना है। निर्णयसिन्धु [30] ने यह भी कहा है कि इस काल में लोग जन्माष्टमी व्रत करते हैं न कि जयन्ती व्रत। किन्तु जयन्तीनिर्णय [31] का कथन है कि लोग जयन्ती मनाते हैं न कि जन्माष्टमी। सम्भवतः यह भेद उत्तर एवं दक्षिण भारत का है।

वराह पुराण एवं हरिवंश में दो विरोधी बातें हैं। प्रथम के अनुसार कृष्ण का जन्म आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी को हुआ था। हरिवंश के अनुसार कृष्ण जन्म के समय अभिजित नक्षत्र था और विजय मुहूर्त था। सम्भवतः इन उक्तियों में प्राचीन परम्पराओं की छाप है। मध्यकालिक निबन्धों में जन्माष्टमी व्रत के सम्पादन की तिथि एवं काल के विषय में भी कुछ विवेचन मिलता है ; कृत्यतत्त्व ; तिथितत्व, समयमयूख एवं निर्णय सिंधु में इस विषय में निष्कर्ष दिये गये हैं।

**श्रीकृष्ण, कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा**

सभी पुराणों एवं जन्माष्टमी सम्बन्धी ग्रन्थों से स्पष्ट होता है कि कृष्णजन्म के सम्पादन का प्रमुख समय है 'श्रावण कृष्ण पक्ष की अष्टमी की अर्धरात्रि' (यदि पूर्णिमान्त होता है तो भाद्रपद मास में किया जाता है)। यह तिथि दो प्रकार की हैझ्र

बिना रोहिणी नक्षत्र की तथा

रोहिणी नक्षत्र वाली।

निर्णयामृत में 18 प्रकार हैं, जिनमें 8 शुद्धा तिथियाँ, 8 विद्धा तथा अन्य 2 हैं (जिनमें एक अर्धरात्रि में रोहिणी नक्षत्र वाली तथा दूसरी



रोहिणी से युक्त नवमी, बुध या मंगल को)। *तिथितत्त्व से संक्षिप्त निर्णय इस प्रकार हैंझ्र 'यदि 'जयन्ती' (रोहिणीयुक्त अष्टमी) एक दिन वाली है, तो उसी दिन उपवास करना चाहिए, यदि जयन्ती न हो तो रोहिणी युक्त अष्टमी को होना चाहिए, यदि रोहिणी से युक्त दो दिन हों तो उपवास दूसरे दिन ही किया जाता है, यदि रोहिणी नक्षत्र न हो तो उपवास अर्धरात्रि में अवस्थित अष्टमी को होना चाहिए या यदि अष्टमी अर्धरात्रि में दो दिन वाली हो या यदि वह अर्धरात्रि में न हो तो उपवास दूसरे दिन किया जाना चाहिए। यदि जयन्ती बुध या मंगल को हो तो उपवास महापुण्यकारी होता है और करोड़ों व्रतों से श्रेष्ठ माना जाता है जो व्यक्ति बुध या मंगल से युक्त जयन्ती पर उपवास करता है, वह जन्म-मरण से सदा के लिए छु-टकारा पा लेता है।'

क्योंकि अष्टमी तिथि 18 अगस्त को सुबह के बजाय रात में करीब 9 बजकर 30 मिनट पर शुरू हो रही है। फिर 19 अगस्त को सूर्योदय से रात तक रहेगी। ऐसे में अष्टमी की उदया तिथि 19 अगस्त को मानी जाएगी। इस उदया तिथि के अनुसार जन्माष्टमी 19 अगस्त का मनाना ज्यादा अच्छा रहेगा। 19 अगस्त को अष्टमी तिथि दिन और रात दोनों समय रहेगी। ऐसे में कृष्ण की नगरी मथुरा, वृंदावन और द्वारका में कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव 19 अगस्त को ही मनाया जाएगा।

जन्माष्टमी व्रत में प्रमुख कृत्य एवं विधियाँ

मुख्य लेख : कृष्ण जन्माष्टमी व्रत कथा

जन्माष्टमी व्रत में प्रमुख कृत्य है उपवास, कृष्ण पूजा, जागरण (रात का जागरण, स्तोत्र पाठ एवं कृष्ण जीवन सम्बन्धी कथाएँ सुनना) एवं पारण करना।

तिथितत्त्व , समयमयूख , कालतत्वविवेक , व्रतराज, धर्मसिन्धु ने भविष्योत्तर पुराण के आधार पर जन्माष्टमी व्रत विधि पर लम्बे-लम्बे विवेचन उपस्थित किये हैं।

बाल कृष्ण को यमुना पार ले जाते वसुदेव

व्रत विधि

गोवर्धन पर्वत उठाते हुए कृष्ण

व्रत के दिन प्रातः व्रती को सूर्य, सोम (चन्द्र), यम, काल, दोनों सन्ध्याओं (प्रातः एवं सायं), पाँच भूतों, दिन, क्षपा (रात्रि), पवन, दिक्पालों, भूमि, आकाश, खचरों (वायु दिशाओं के निवासियों) एवं देवों का आह्वान करना चाहिए, जिससे वे उपस्थित हों। उसे अपने हाथ में जलपूर्ण ताम्र पात्र रखना चाहिए, जिसमें कुछ फल, पुष्प, अक्षत हों और मास आदि का नाम लेना चाहिए और संकल्प करना चाहिएझ्र 'मैं कृष्णजन्माष्टमी व्रत कुछ विशिष्ट फल आदि तथा अपने पापों से छुटकारा पाने के लिए करूँगा।' तब वह वासुदेव को सम्बोधित कर चार मंत्रों का पाठ करता है, जिसके उपरान्त वह पात्र में जल डालता है। उसे देवकी के पुत्रजनन के लिए प्रसूति-गृह का निर्माण करना चाहिए, जिसमें जल से पूर्ण शुभ पात्र, आम्रदल, पुष्पमालाएँ आदि रखना चाहिए, अगरु जलाना चाहिए और शुभ वस्तुओं से अलंकरण करना चाहिए तथा षष्ठी देवी को रखना चाहिए। गृह या उसकी दीवारों के चतुर्दिक देवों एवं गन्धर्वों के चित्र बनवाने चाहिए (जिनके हाथ जुड़े हुए हों), वासुदेव (हाथ में तलवार से युक्त), देवकी, नन्द, यशोदा, गोपियों, कंस-रक्षकों, यमुना नदी, कालिया नाग तथा गोकुल की घटनाओं से सम्बन्धित चित्र आदि बनवाने चाहिए। प्रसूति गृह में परदों से युक्त बिस्तर तैयार करना चाहिए।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जगदेव विचार मंच ने मनाया जगदेव प्रसाद का 49वां शहादत दिवस

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 6 सितंबर 2023 :- जगदेव विचार मंच कुटुंबा के द्वारा बुधवार को जगदेव चौक अंबा स्थित सम्राट अशोक बुद्ध विहार के प्रांगण में जगदेव प्रसाद का 49वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू के प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार लेनिन जगदेव बाबू का जन्म 2 फरवरी 1922 को जहानाबाद के कुर्था प्रखंड अंतर्गत कुरहारी गांव में हुआ था। उनका शहादत दिवस 5 सितंबर से शुरू होकर पूरे माह मनाया जाता है। निम्न मध्यमवर्गीय परिवार में पैदा होने के कारण वे शुरू से ही संघर्षशील एवं जुझारू प्रवृत्ति के थे। उन्होंने आजीवन संघर्ष कर राजनीति की एक नई दिशा और दशा का सूत्रपात किया। 5 सितंबर 1974 को देश के नब्बे प्रतिशत गरीब-शोषित वर्ग के हक की लड़ाई में उनकी हत्या कर दी गई। जगदेव बाबू नए-नए तथा जनवादी नारे गढ़ने में निपुण थे। जनसभाओं में उनके भाषण काफी प्रभावशाली होते थे। उन्होंने ने कहा था पहली पीढ़ी मारी जाएगी, दूसरी पीढ़ी जेल जाएगी और तीसरी पीढ़ी राज करेगी। सभा को समाजसेवी बैजनाथ मेहता, समाजसेवी सरयू मेहता, पूर्व मुखिया विजय दास, जदयू प्रखंड उपाध्यक्ष विरेंद्र पांडेय, जदयू जिला महासचिव विरेंद्र मेहता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर योगेंद्र प्रसाद, अरुण पासवान, अमरेंद्र मेहता, योगेंद्र कुमार, संजय मेहता, तपस्या मेहता आदि लोग उपस्थित हुए।

# जज की पत्नी पर जानलेवा हमला

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा थाना क्षेत्र के पचरूखिया - दाउदनगर मुख्य पथ के समीप निर्माणाधीन रिसोर्ट को देखने गई जज की पत्नी के उपर दबंगों के द्वारा गोली बारी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पचरूखिया स्थित धमनी गांव निवासी जज साहब की पत्नी सफलता कुमारी ने लिखित आवेदन हसपुरा थाना को दी है। जिसमें हसपुरा थाना क्षेत्र के उच्छाहल बिगहा गांव निवासी अमरेन्द्र कुमार उर्फ मुनमुन यादव सहित उसके भगीना चंदन कुमार व प्रभात कुमार तथा मां चन्द्रमा देवी के साथ - साथ 10 से 12 लोगों को आरोपित बनाया है। थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सभी आरोपित 4 सितंबर की शाम पचरूखिया - दाउदनगर पथ में रिसोर्ट निर्माण स्थल पर आकर गोली - बारी करने लगे। गोली की आवाज सुनकर बाहर आकर कुछ समझना चाहा की अमरेन्द्र कुमार सहित सभी आरोपित ने मारने की धमकी देते हुए मुझपर हमला बोल दिया। मैं किसी तरह वाहन में बैठ कर पचरूखिया बाजार की ओर भाग निकला। इस बीच आरोपियों ने निर्माणाधीन स्थल पर मौजूद कुलर, कुर्सी सहित अन्य सामान तोड़ दिया गया। इसके बाद सभी आरोपित अपने गांव उच्छाहल बिगहा को ओर भाग निकला। गोली बारी करने एवं जानलेवा हमला करने कि सूचना तत्काल हसपुरा थानाध्यक्ष को दी गई। बताया जाता है कि जमीनी विवाद का मामला हसपुरा अंचल कार्यालय में भी चल रहा है। थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने बताया की मामला दर्ज करते हुए पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 6 सितंबर 2023:**

औरंगाबाद जिले के देव में अखिल भारती शिक्षा संस्थान शिशु शिक्षा प्रबंध, समिति बिहार के तत्वाधान में संचालित विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर देव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभ आरंभ स्थानीय प्रबंधकारनी समिति के सचिव श्री राजेंद्र प्रसाद सिंह एवं मुख्य अतिथि के रूप में श्री परशुराम सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अमरेश प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्चन कर किया जबकि मंच संचालन के रूप में आचार्य श्री मनीष कुमार मिश्रा ने किया। फिर पुनः मुख्य अतिथि के द्वारा भैया, बहनों, को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की महत्ता को विस्तारित रूप से बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने धन्यवाद व्यापित करते हुए बताया कि रूप सजा प्रतियोगिता से भैया, बहनों, के मन में सकारात्मक विचार उत्पन्न होता है इस कार्यक्रम में लगभग 20- 25 की संख्या में भैया/ बहनों ने भाग लिया जिस कार्यक्रम का मूल्यांकन मातृ भारती की संयोजिका श्रीमती मुन्नी देवी एवं अध्यक्षया श्रीमती रीता देवी ने मूल्यांकन किया इस रूप सजा कार्यक्रम में कृष्ण के रूप में सजे हुए आर्यन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान आयुष प्रभा ने तो तृतीय स्थान प्रतिमान



सिंह ने किया। राधा के रूप में सजे वंशिका सिंह प्रथम स्थान द्वितीय स्थान अन्य कुमारी तो तृतीय स्थान आराध्या कुमारी ने मारी बाजी यह सभी को विद्यालय के तरफ से पुरस्कार दिया गया। शेष बच्चे भैया, बहनों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य गण उपस्थित रहे।

# पीरपैंती के 3 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर चयन किया गया

**समाज जागरण अमन चौरसिया**

पीरपैंती (बिहार) थांगटा संघ की ओर से लिक्खीसराय खेल भवन में 2 एवं 3 सितंबर को तीसरा राज्य स्तरीय थांगटा मार्शल आर्ट चैंपियंशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के 11 जिले सम्मिलित हुए। स्टाइल 1 और स्टाइल 2 लेबल पर सीनियर, जुनियर, बालक, बालिका प्रतिभागी के वजन के अनुसार सभी जिले से पहुंचे प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें चौखंडी मुस्तफापुर की 10 बालिकाओं ने भाग लिया और प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड,3 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली प्रियंका कुमारी, रिया कुमारी,रेणु कुमारी,स्वाति कुमारी और प्रिया कुमारी रहीं। जबकि रजत पदक ममता कुमारी,स्वक्षी सरगम और साजन कुमारी ने प्राप्त किया। और 2 कांस्य पदक हासिल करने वाली में कोमल और बालक वर्ग से आयुष कुमार रहे। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच संतोष कुमार ने बताया



कि भागलपुर थांगटा महासंघ की ओर से जिले के अलग अलग क्षेत्रों से युवाओं को पिछले 3 महीनों से ट्रेनिंग दिया जा रहा है। लखीसराय में आयोजित इस प्रतियोगिता में पीरपैंती की 3 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। जो 30 सितंबर को जम्मू कश्मीर में आयोजित प्रतियोगिता में सामिल होने के लिए रवाना होंगी। उन्होंने बताया प्रशिक्षण के लिए स्थान और संसाधन साईं बाबा ट्रस्ट के जोगेंद्र सिंह और अनुज सिंह ने उपलब्ध कराया है। वही उन्होंने बताया कि संजीवनी गंगा खिलाड़ियों के सम्मान में सीघ्र ही सम्मान समारोह आयोजित करेगी। पीरपैंती और जिले का नाम रोशन करने के लिए। प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रणव कुमार उर्फ पप्पू यादव, जिला पारिषद सदस्य कैलाश यादव, मुखिया अरविंद साह, मुखिया संघ प्रदेश उपाधक्ष झुंपा सिंह, मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम दास, मुखिया दयावती देवी, पवन यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष रंजित साह,अवधेश सिंह,पंचस प्रतिनिधि, पंकज कुमार, अमित कटारुका, पूर्व फौजी मो0 नुरुल्लाह, रंजीत पासवान, विनय शर्मा एवं क्षेत्र गणमान्य लोगों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी साथ ही इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# यह सिर्फ एक यूनिफॉर्म नहीं है, यह हमारे एथलीटों के लिए गौरव और पहचान का प्रतीक है: श्री अनुराग सिंह ठाकुर

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मंगलवार (5 सितंबर) को भारतीय दल के लिए आधिकारिक औपचारिक पोशाक और खेल किट का अनावरण किया। यह दल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझू में आयोजित होने वाले आगामी 2022 एशियाई खेलों में प्रतिस्पधाओं में शामिल होगा।

इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा आयोजित विदाई समारोह में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्य एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, आईओए अध्यक्ष और प्रसिद्ध धाविका पीटी उषा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

भारतीय दल का प्रतिनिधित्व भारतीय हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश (पुरुष), सविता पुनिया (महिला), शूटिंग खिलाड़ी 'मनु भाकर और 2018 एशियाई खेलों के शॉटपुट स्वर्ण पदक विजेता तजिंदरपाल सिंह तूर और कई अन्य प्रतिस्पधाओं के खिलाड़ियों द्वारा किया गया है।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी द्वारा संकल्पित और विशिष्ट रूप से डिजाइन की गई औपचारिक पोशाक में महिलाओं के लिए खाकी बनावट वाली साड़ी और पुरुष खिलाड़ियों के लिए खाकी कुर्ता शामिल है।

पुरुष एथलीटों के लिए बंद गला जैकेट और महिलाओं के लिए हाई नेक ब्लाउज को भारतीय रूपांकनों और प्रिंटों के माध्यम से सहज रूप से सर्वोत्कृष्ट भारतीय परिधानों के रूप में तैयार किया गया है, जो वैश्विक मंच पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परिधान कला का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह परिधान अपने डिजाइन में प्रकृति को आत्मसात करते हैं, जो स्थिरता को दशार्ते है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि यह सिर्फ एक यूनिफॉर्म नहीं है; यह हमारे एथलीटों के लिए गौरव और पहचान का प्रतीक है। यह यूनिफॉर्म गर्व के साथ भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतिनिधित्व करती है और देश की विविध विरासत और डिजाइन क्षमता को प्रदर्शित करती है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय टीम अपने युवाओं और नये भारत के प्रतिनिधित्व के साथ ऐतिहासिक प्रदर्शन को सुनिश्चित करते हुए अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ पदकों की संख्या के साथ स्वदेश लौटेगी। उन्होंने समस्त देशवासियों से अपने युवा खिलाड़ियों के साथ खड़े होते हुए उनका उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया।

इस दल के खेल परिधान को अधिकारिक प्लेइंग किट भागीदार, जेएसडब्ल्यू इंस्पायर द्वारा तैयार किया गया है और खेल वस्त्र के डिजाइन को कश्मीर के प्रतिभाशाली डिजाइनर आकिब वानी द्वारा तैयार किया गया है, जिन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भी डिजाइन की है। यह देश के विविध कला रूपों से प्रेरित है जो भारत को परिभाषित करने वाली अद्वितीय विविधता और एकता को प्रतिबिम्बित करने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक एथलीट मैदान पर अपने गृह राज्य के वस्त्र का कुछ अंश अपने साथ लेकर जाए।

आईओए अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा कि उन्हें आशा है कि दल का प्रत्येक सदस्य भारत को गौरवान्वित करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास करेगा, उन्होंने कहा कि हमने 2022 एशियाई खेलों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षा की है और हमें प्रसन्नता है कि भारत 634 एथलीटों का अपना सबसे बड़ा दल भेज रहा है। हमारा मानना है कि इस टीम में भारत को सर्वाधिक पदक दिलाने की भी क्षमता है।

उन्होंने कहा कि आईओए में, हमने अपने एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की क्षमता को बनाए रखने और उनकी बेहतर तरीके से देखभाल को सुनिश्चित करने का प्रयास किया है।

# गोह अंचल के नाजिर पर मुआवजे के बदले रिश्वत मांगने का लगा आरोप।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के हुड़रही गांव के पीड़ित ने अंचल कार्यालय में पदस्थापित नाजिर पर मुआवजे के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। बताते चलें कि हुड़रही गाँव निवासी कैलाश राम के मकान में बीते 14 अप्रैल की रात में अचानक आग लग गई थी। इस घटना में पीड़ित का पांच बकरी, दो गाय के बछड़े सहित घर मे रखा अनाज जलकर खाक हो गया था। इसी को लेकर पीड़ित ने मुआवजे के लिए जब अंचल कार्यालय पहुँचा तो पहले दफा 11 हजार रुपये की मुआवजे की राशि दी गई। उसके बाद बीस हजार रुपये की राशि पीड़ित को मुहैया कराया गया। तो पीड़ित की ओर से इस रकम से अठा-



रह सौ रुपये की रिश्वत पहले मांगी गई तब रुपये की भुगतान किया गया। हद तो तब हो गई जब तीसरे दफा में चार हजार रुपये की मुआवजे में भी पंद्रह सौ रुपये की फिर से नाजिर ने डिमांड कर दिया। इसी को लेकर पीड़ित कैलाश राम ने मंगलवार कार्यालय पहुँचकर अंचलाधिकारी से मौखिक रूप से शिकायत किया ।इस मामले में मिडिया ने अंचलाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की पर संपर्क नहीं हो सका। जब भाजपा के उपहारा मंडल अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष राजीव विद्यार्थी ने कहा कि यह सुनकर हमें भी आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों पर तो कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं जब इस सबंध में नाजिर जयंत कुमार से बात की गई तो उन्होंने सारे आरोपों को बेबुनियाद बताया है, कहा हमे बेवजह फसाया जा रहा है।

# प्रखंड मुख्यालय देव में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बीडीओ ने की बैठक।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 6 सितंबर 2023:-**

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ कार्यालय में बीडीओ कुंदन कुमार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बुधवार को बैठक की। बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षो एवं प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेंट की सूची प्रखंड कार्यालय में जमा करने का बात कही गई। साथ ही आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण में सहयोग के साथ वैसे मतदाताओं जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवश्यक प्रचार प्रसार कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। जिससे मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता के साथ- साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। इसके अलावे बैठक में जर्जर भवन व आधारभूत सुविधाओं के अभाव वाले मतदान केंद्र को नए प्रस्तावित मतदान केंद्र में प्रवर्तित करने के लिए भेजा जाएगा। बैठक में शिक्षक रंजीत कुमार, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष पिंटू साहिल, जदयू जिला सचिव रामानुज सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष



रविंद्र कुमार सिंह, राजद प्रखंड उपाध्यक्ष भूपेश कुमार यादव, कांग्रेस नेता रत्नाकर सिंह, भाकपा नेता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, जदयू प्रखंड प्रवक्ता पवन कुमार सिंह, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, अरविंद मेहता एवं कई लोग उपस्थित थे।

# चेहल्लुम के मौके पर इनामी मुकाबला आज बिहपुर के मंजिलगा मैदान पर

**दैनिक समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर- (बिहार) शोहदाए कर्बला चेहल्लुम के मौके पर फन ए शिपह (लाठी ) का इनामी मुकाबला आज बिहपुर प्रखंड के मंजिलगा मैदान पर 4:00 बजे दिन में नवगछिया अनुमंडलाधिकारी श्री उत्तम कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री दिलीप कुमार के द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा। जबकि परितोषिक वितरण के मुख्य अतिथि सरपरस्त अली कौनैन खां फरीदी खानकाह फरीदिया मोहब्बतीया के द्वारा किया जाएगा,मोहर्रम इंतजामियां कमेटी के सदस्य मोहम्मद इरफान आलम एवं उप सदर मोहम्मद इनामुल ने कहा कि चेहल्लुम के मौके पर इनामी (लाठी )मुकाबले की तैयारी पूरी कर ली गई है ।वही मोहर्रम इंतजामियां कमेटी के सचिव मोहम्मद इबरार आलम एवं खजांची मोहम्मद यूसुफ और कासिम ने बताया कि शोहदाए कर्बला चेहल्लुम मुकाबले में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। इसके लिए प्रशासन हर साल की तरह इस साल भी मउश्तएद रहेगी मनचाहे लोगों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी ।नायाब सदर अहमद हुसैन मतवाला, उपसचिव मोहम्मद जावेद एवं मोहम्मद खुर्शीद, जावेद खान, मोहम्मद अजहरुद्दीन उर्फ अफरोज, मोहम्मद अरशद अली, दिलकश सरदार,मोहम्मद वाजिद अली, मोहम्मद पिंटू , संशतबरेज उर्फ संटी, मोहम्मद आलम, मोहम्मद सरफराज, मेहरबान खान, मोहम्मद गुलजार, इत्यादि लोगों के द्वारा शोहदाए कर्बला चेहल्लुम के मौके पर होने वाले फन ए शिपह (लाठी) के इनामी मुकाबले को सफल बनाने के लिए इन सभी की भागीदारी सक्रिय देखी जा रही है।

# सावधान अगर आप भी अपने घरों के एक्वेरियम में सजाकर कछुआ पालते हैं , ये खबर जरूर पढ ले नही तो भारी जुमार्ना के साथ जेल जाना पड सकता है।

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर (बिहार) जिले में लगातार वन विभाग द्वारा एक मुहिम चलाई जा रही है ।हाल ही के दिनों में भागलपुर जिले में पशु तस्करों द्वारा कछुआ को तस्करी कर दूसरे राज्यों में ले जाया जा रहा था ,जिससे कि लगातार उन्होंने मुहिम चलाने के बाद पशु तस्करों को कछुआ के साथ बड़ी संख्या में भी गिरफ्तार किया था इसके बाद भागलपुर जिले के वन विभाग अब घरों में कछुआ पालने वाले लोगों पर जुमार्ना लगा रही है लगातार भागलपुर के वन विभाग के उमरिया अधिकारी एवं वन चिकित्सा डॉ संजीत कुमार द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि वह अपने घरों में कछुआ ना पाले अगर भूल बस वह अपने घरों में कछुआ एक्वेरियम में पाल रहे हैं तो सुंदरवन के कछुआ रेस्क्यू सेंटर में उसे जमा करवा दें वन विभाग के डॉक्टर संजीत कुमार ने बताया कि अगर आपके पास भी कछुआ है तो वह उसे आप वन विभाग को सौंप दें सुंदरवन के कछुआ रेस्क्यू सेंटर में आप अपने कछुए के साथ पहुंचे और वहां उसे कर्मचारियों को दे दें। कछुआ किसी भी प्रजाति का हो पालन या बेचना कानून जुर्म है अगर आप भी घर में कछुआ एक्वेरियम में पाल रहे हैं तो यह अपराध की श्रेणी में आता है इस।को लेकर एक मोटा जुमार्ना और आपको जेल हो सकती है आपको बता दे कि लोग शौक से कछुआ को अपने घरों में पालते हैं वहीं कछुआ को शुभ माना जाता है इसलिए लोग



इसे अपने पास रखने से नौकरी और परीक्षा में सफलता की प्राप्ति के बारे में सोचते हैं आपको बता दें कि हिंदू धर्म में कछुआ को घर में रखने को बहुत शुभ माना जाता है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु का एक रूप कछुआ था भगवान विष्णु ने कछुए का रूप धारण कर समुद्र मंथन के समय मंत्राचल पर्वत को अपने कवच पर थाम लिया था कहा जाता है कि जहां कछुआ होता है वहां लक्ष्मी का आगमन होता है.वही सीटर वन विभाग कछुआ रखने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है और उसे मोटे जमाने के साथ जेल भेजने की भी तैयारी कर रहा है. आपको बता दे कि भारत के संविधान में जानवरों की रक्षा के लिए कई कानून बनाए गए हैं इसमें प्रीवेंशन आफ क्यूरिंग इक्वलिटी तो एनिमल एक्ट 1960 की धारा 11 के मुताबिक पालतू जानवर को छोड़ने उसे भूखा रखना नुकसान पहुंचाने और भूख प्यास से मारने की दोषी के खिलाफ केस दर्ज हो सकता है.

कोई आपको बता दे कि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 में 66 धारा एवं 6 अनुसूचित बनाई गई है जिसमें अलग-अलग अनुसूचियां हैं जो पशु पक्षियों के अलग-अलग प्रजातियों के संरक्षण की बात करता है इसमें कछुआ को अपने घरों में पालने को लेकर भी नियम बनाए गए हैं जिसमें कि यह अवैध है. घर में कछुए को नहीं पाल सकते है.आपको बता दें कि 1972 में भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम पारित किया गया था बाद में 2003 में इसे संशोधित कर इसका नाम भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 2002 रखा गया इसके बाद इसके दंड और जमाने को और भी सख्त कर दिया गया लगातार वन विभाग द्वारा से मजबूती से पालन करवाया जा रहा है'

# इलाज करा घर जा रहे पति पत्नी ट्रक के धक्के से हुए घायल फिर पहुंचे अस्पताल

**समाज जागरण** पीरपैंती(बिहार) ऐसे तो एन एच 80 सड़क पर प्रत्येक दिन कहीं न कहीं दुर्घटना देखने सुनने को मिल ही जाती हैं वही बुधवार को एक ताजा दुर्घटना सामने आया जहाँ घायल मिजाचौकी निवासी श्रावण कुमार वर्णवाल ने बताया कि एन एच 80 मुख्य सड़क पर शेरमारी बाजार स्थित शिव मंदिर सामने से अपनी पत्नी के साथ अपाचे बाइक से शिवनारायणपुर से इलाज कराकर अपने घर मिजाचौकी जा रहे थे तभी पीछे से आ रहे टाटा पिकअप ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे हम दोनों मौके पर ही गिरकर पूरी तरह घायल हो गए हैं स्थानीय लोगों ने हमे अस्पताल पहुंचाया हैं वही इस घटना की सूचना मिलते ही पीरपैंती थाना अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच पिकअप को आवश्यक कार्यवाही हेतु कब्जे में ले लिया गया कवही घायल को अच्छे इलाज के लिए भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया

# बालू की तस्करी करते ट्रैक्टर के साथ चालक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 6 सितंबर 2023 :- अंबा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की सुबह तीन बजे औरंगाबाद रोड अंबा से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ चालक को रफ्तार किया। ट्रैक्टर चालक की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र अंतर्गत घेउरा गांव निवासी अमरजीत कुमार पासवान के रूप में हुई है। यह कार्यवाही बलराम पासवान ने की। वहीं दूसरी कार्यवाही में अंबा थाना की पुलिस ने बुधवार की सुबह 5:30 बजे छापेमारी कर वारंटी मकसूद को उसके घर से गिरफ्तार किया। वारंटी उदयगंज का निवासी है। यह कार्यवाही थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने की।

# छापेमारी में 16 वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 6 सितंबर 2023 :- प्रखंड क्षेत्र के कुटुंबा एवं रिसियप थाना की पुलिस मंगलवार की रात्रि छापेमारी कर सोलह वारंटियों को गिरफ्तार किया। कुटुंबा थानाध्यक्ष बलवंत सिंह ने बताया कि पंद्रह वारंटियों को गिरफ्तार किया गया था। उनके परिजनों के द्वारा रिकॉल दिखाने के पश्चात थाने से ही मुक्त कर दिया गया। वहीं रिसियप थाना की पुलिस ने रात्रि बारह बजे छापेमारी कर लंबे समय से फरार वारंटी संजय पासवान को उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी करकट्टा गांव का निवासी है। यह कार्यवाही थानाध्यक्ष संजय कुमार ने की।

# डोरी एक्ट में फरार चल रहे दो आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना क्षेत्र के चापुक गांव से डोरी एक्ट में फरार चल रहे दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना लाया है। बताते चलें कि गिरफ्तार दोनों आरोपित चापुक गांव निवासी महेंद्र साव व सुषमा देवी के रूप में हुई है। अगले वर्ष 2022 में डोरी एक्ट का मामला दर्ज कराया गया था। उसी समय से दोनों फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि इन दोनों के विरुद्ध सासाराम न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था। जिसके आलोक में गुप्त सूचना मिलने पर दोनों को घर से ही गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय भेज दिया है।

# किसान के खेत से पंप मोटर चोरी करते हुए तीन आरोपी गिरफतार, भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार , प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा थाना क्षेत्र के तिलौती गांव के बधार से एक किसान का खेत में पटवन के लिए लगाया गया बिजली की मोटर पंप चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है ।जिसे लेकर तिलौती गांव निवासी मोटर पंप मालिक जयप्रकाश मेहता के लिखित आवेदन पर हसपुरा थाना में मामला दर्ज किया गया है। जिसमें तिलौती गांव के लवकुश कुमार शर्मा,नवीन कुमार,लवकेश कुमार को नामजद आरोपीत बनाया है ।थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने बताया कि नामजद आरोपीतों को गिरफ्तार कर कागजी कार्रवाई पुरी करते हुए तीनों आरोपित को न्यायालय में समर्पित कर जेल भेज दिया गया। बताया जाता है की लगातार मोटर पंप की घटनाएं हो रही है। पुलिस एक मामला को उद्भेदन करती नहीं की दुसरी घटना सामने आ जाती है।

# *नबीनगर से नशे की हालत मे दो शराबी गिरफ्तार*

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 6 सितम्बर 2023 औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर के भावानोखाप मोड़ के समीप से नशे की हालत मे नबीनगर थाना पुलिस गश्ती दल ने दो नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है । गश्ती दल मे एस आई अनित कुमार एवम सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति दिलकेश्वर राम पिता मांदीप राम, ग्राम महुअरी थाना नरारी कला जिला



औरंगाबाद और दूसरा शंकर राम पिता लालू भुईया, ग्राम फुलडीहा थाना माली जिला औरंगाबाद का निवासी है ।दोनो को रेफरल अस्पताल नबीनगर मे चिकित्सको द्वारा शराब पीने की पुष्टि किया गया।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि मद्यनिषेध अधिनियम अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार किए गए दोनो को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया

# नबीनगर के भावानोखाप से एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर ( बिहार) 6 सितंबर 2023 नबीनगर के भवानोखाप से एस आई पिंकी कुमारी एवम एवम सशस्त्र बल द्वारा एक एनबीडब्ल्यू वारंटी गोल्डन



राम पिता राजेश्वर राम ग्राम भवानोखाप थाना नबीनगर जिला औरंगाबाद को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है ।गोल्डन राम काफी दिनो से फरार चल रहा था। इधर एक अन्य मामले में कुर्की के दो अभियुक्तों को महीपबीघा थाना नबीनगर से उनके घर से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किया गया व्यक्ति धनंजय सिंह और राम लायक सिंह दोनों पिता रघुवंश सिंह ग्राम महीप बीघा थाना नबीनगर जिला औरंगाबाद का निवासी है।

मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा

# 11 सूत्री मांगों के समर्थन में सरपंच और पंच का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण अमन चौरसिया**

पीरपैंती (बिहार) प्रखंड कार्यालय परिसर में सरपंच और पंच के द्वारा अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसकी अध्यक्षता सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष वरुण गोस्वामी ने किया कवही पंच और सरपंच द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया गया। वहीं सरपंचों द्वारा बताया गया कि अगर सरकार हमारी मांगे नहीं मानती है तो 2 अक्टूबर को पैदल यात्रा कर राज्यपाल महोदय के सामने अपना इस्तीफा सौप कर सरपंच पद से त्यागपत्र दे दिया जाएगा धरना प्रदर्शन में सरपंच ज्योति देवी, किशोर चौधरी, विनोद बारूद, उमेश कुमार सिंह, राज नारायण मंडल, ललिता देवी, उपसरपंच मोहम्मद गुड्डू सहित प्रखंड के सरपंच और पंच शामिल थे।

# कोरोना काल में बंद हुई रेल सेवा को पुन शुरू करने की मांग रेल मंत्रालय से की गई

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को भेजे एक पत्र में अवगत कराया कि पूर्व में कोटद्वार के लिए आवंटित 5 रेल कोच देहरादून से चलकर दिल्ली को जानें बाली मंसूरी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 4042 तथा हावड़ा जानें बाली दून एक्सप्रेस 3010 डाउन में कोटद्वार के लिए एक थ्री टायर कोच नजीबाबाद से जुड़ता था उक्त सेवा को भी कोरोना काल में बंद कर दिया गया था जिससे लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि उक्त ट्रेनों का पुन संचालन शुरू हो गया है परंतु कोटद्वार के लिए आवंटित उक्त रेल कोचों को जोड़े जानें के आदेश जारी नही किए गए हैं जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है इस कारण उत्तराखंड की जनता के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि पता चला है कि रेलवे देहरादून से लखनऊ के लिए वंदे भारत ट्रेन का संचालन करने जा रहा है अत उत्तराखंड के प्रवेश द्वार पर स्थित नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज किया जाए जिससे उत्तराखंड की जनता के साथ-साथ स्थानीय लोगों को ट्रेन का लाभ मिल सके। मंसूरी एक्सप्रेस में जुड़ते थे 5 कोच देहरादून से दिल्ली को जाने वाली 4042 डाउन मसूरी एक्सप्रेस के नजीबाबाद पहुंचने पर उसमे कोटद्वार के लिए आवंटित पांच कोच जुड़ते थे जिसमे 2 साधारण, 2 थ्री टायर तथा 1 एसी थ्री टायर कोच होता था जिससे कोटद्वार की जनता के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी काफी फायदा मिलता था परंतु कोरोना काल में बंद हुई उक्त सेवा से आमजन परेशान है।

# विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर -शिक्षक दिवस के अवसर पर सत्यदेव डिग्री कॉलेज गाजीपुर के परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंध निदेशक डॉक्टर सानंद सिंह,सत्यदेव डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ राम चन्द्र दूबे,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख डाक्ट राज शेखर,संगठन मंत्री विपुल जी,तथा समस्त शिक्षक बंधु उपस्थित रहे। कार्य क्रम को संबोधित करते हुए डॉ राजशेखर ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए शिक्षकों के महत्व को परिभाषित किया साथ ही उन्होंने विद्यार्थी परिषद के राष्ट्र में निर्माण राष्ट्र के कार्य की सराहना करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इतिहास पर संक्षिप्त संक्षिप्त प्रकाश डाला। सभा के मुख्य वक्ता प्रोफेसर सानंद सिंह ने सभी शिक्षकों का शिक्षा में योगदान के लिए आवाहन किया।उन्होंने शिक्षकों की गरिमा को विशद रूप में समझाते हुए उनके राष्ट्र निर्माण के कार्यों की महत्ता को बतलाते हुए शैक्षणिक कार्य को करने के लिए उत्प्रेरित



किया।उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शिक्षकों के सम्मान कार्य को किए जाने की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में सभी को आगे आकर अपने-अपने योगदान के लिए आवाहन किया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री विपुल जी ने शिक्षकों के कर्तव्यों को बतलाते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए कहा। इस समारोह के अंत में सत्यदेव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामचंद्र दुबे ने सभी अतिथियों का और सहभागियों का आभार प्रकट किया उन्होंने शिक्षकों के कुछ विशिष्ट गुणों को बतलाते हुए उन्हें अनवरत शिक्षा लेने और शिक्षा देने के लिए सजग रहने के लिए कहा। समारोह में आए सभी शिक्षक बंधुओ को अंग वस्त्रम और एक-एक हरे पौधे प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

# गुरुजन तपस से तमस को दूर करते हैं - फादर पी विक्टर

## *गुरुजनों के सम्मान में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया*

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर -सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर, जौनपुर में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत ईश-प्रार्थना से हुई।प्रार्थना के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती कनीज एवं धर्म भगिनियों के साथ देश के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन एवं मदर टेरेसा के चित्रों पर माल्यार्पण किया।विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर गुरुजनों को सम्मानित किया।तमस दूरकर ज्ञान को प्रकाशित करने के प्रतीक स्वरूप गुरुजनों ने दीप प्रज्वलित किया। प्रियांजलि के नेतृत्व में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं की छात्राओं ने गुरुजनों के सम्मान में समूह नृत्य किया।स्कूल क्वायर ने गुरुजनों के सम्मान में समूह गान किया।कक्षा बारहवीं की छात्रा विदुषी सिंह ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला।सीनियर वर्ग की छात्रा अक्षिता



एवं पूर्वी ने युगल-नृत्य कर गुरुजनों को आह्लादित कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए फादर ने कहा कि गुरुजन अपने तपस अर्थात तपस्या से तमस अर्थात अंधकार को दूर करते हैं।गुरुजनों के बिना न कोई डॉक्टर बन सकता है न इंजीनियर, न कोई कलक्टर बन सकता है न न्यायाधीश।गुरुजन समाज रूपी काया के मेरुदंड हैं अतः उस मेरुदंड के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना एवं सम्मान देना हमारा धर्म बनता है ; क्योंकि गुरुजनों की तपस्या एवं कृपा से ही सभ्य समाज का निर्माण होता है। इस अवसर पर अदिती, रितिका,मान्या एवं गार्गी ने कुशल मंच संचालन किया।स्कूल कैप्टन आदित्य यादव एवं अंकिता यादव के नेतृत्व में हाउस कैप्टन एवं स्पोर्ट्स कैप्टन ने सुंदर मंच सज्जा किया और विद्यालय परिसर में कुशल अनुशासन-प्रबंधन किया।

# करीमुद्दीनपुर में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया सब्जी के नर्सरी एवं बीज का वितरण

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर -जय माँ कष्टहरणी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड करीमुद्दीनपुर के सौजन्य से 2 लाख सब्जी की नर्सरी व वर्मी कम्पोष्ट खाद व तोरई बीज का निःशुल्क वितरण कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सूर्य प्रताप शाही हाथों किया गया।इस दौरान एक कृषि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।गोष्ठी का प्रारंभ मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर उन्होंने प्रगतिशील किसान पंकज राय को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मंत्री जी का माल्यार्पण,बुके, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम से सम्मान किया।किसान कृष्ण कांत राय ने मंत्री जी को साफा बांध कर सम्मानित किया।इस अवसर पर अपने संबोधन में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मैं धन्यवाद देता हूँ पंकज राय को जो विगत कई वर्षों से इस क्षेत्र के किसानों को निःशुल्क नर्सरी का वितरण करते आ रहे है। क्षेत्र के युवा किसानों को इनसे सीख लेने की आवश्यकता है।आज समय क्लस्टर कृषि का है।क्लस्टर कृषि से उत्पाद को लेने के लिए व्यापारी स्वयं किसानों के पास आएंगे और खर्च कम होगा।उन्होंने कहा कि आज किसान सब्जी की खेती कर रहा है और उसके उत्पाद जो पहले कानपुर और वाराणसी में बिकते थे वे आज विदेशों में जा रहे है।वाराणसी में व्हेयर हाउस बनाये गए हैं जहाँ कृषक अपने उत्पाद ले जाकर ग्रेडिंग और पैकिंग कर सकेंगे और विदेशों में भेज देंगे।लखनऊ में भी ऐसा हो रहा है।अब गोरखपुर में भी शुरू करने की योजना है।गोष्ठी में के वी के के वैज्ञानिक जे पी सिंह ने कहा कि आज सरकार प्राकृतिक खेती पर जोर दे रही है।हमारी मिट्टी में लाखों करोड़ों प्रकार के जीवाणु पाए जाते है जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाते है लेकिन रासायनिक उर्वरकों के बेतहाशा प्रयोग से ये



जीवाणु मर रहे है।अगर प्राकृतिक खेती शुरू हो तो इनकी संख्या बढ़ जाएगी।इसके लिए देशी गाय सबसे महत्वपूर्ण है एक गाय के गोबर मूत्र के प्रयोग से लगभग 30 एकड़ की खेती हो सकती है।गोमूत्र बेसन गुड़ से जीवामृत तैयार किया जा सकता है। कृषि मंत्री के द्वारा किसान कृष्ण कान्त राय को अनुदान पर मिले ट्रैक्टर की चाभी प्रदान की गई।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद आशुतोष कुमार,संयुक्त कृषि निदेशक लखनऊआशुतोष मिश्र, जिला उद्यान अधिकारी शैलेन्द्र दूबे, उपनिदेशक यतीन्द्र सिंह कृषि वैज्ञानिक जे पी सिंह जिलाकृषि अधिकारी उमेश कुमार,जिला सूचना अधिकारी राकेश सिंह,भाजपा नेता वीरेंद्र राय, बृजेन्द्र सिंह ब्लाक प्रमुख बाराचवर,भाजपा नेता परशुराम सिंह,भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्यामराज तिवारी ,क्षेत्रीय किसान मंत्री कृष्णानंद राय,टुनटुन सिंह ,देवेंद्र सिंह देवा,विनोद राय गुड्डू,डॉ रामकुमार राय,कृष्णकांत राय,संजीव कुमार राय बब्लू,भांवरकोल मंडल अध्यक्ष शशांक शेखर राय,जिला पंचायत सदस्य अनिल राय मुन्ना, प्रगतिशील किसान दिवाकर राय, जितेंद राय,नथुनी सिंह, मधुसूदन राय झुन्ना,ओम प्रकाश तिवारी,राजेश राय,राकेश पाण्डेय, श्रीप्रकाश राय,राजेश सिंह राजू,समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। ज्ञात हो की करीमुद्दीनपुर निवासी प्रगतिशील किसान पंकज राय प्रतिवर्ष अपनी नर्सरी का 20 प्रतिशत नर्सरी का निःशुल्क वितरण किसानों को करते है।

# शिक्षकों के सम्मान में लायंस क्लब गोमती परिवार ने गुरूजनों को किया सम्मानित

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

जौनपुर। लायंस क्लब गोमती द्वारा 33वें शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोरमा मौर्य और विशिष्ट अतिथि मंडल सचिव मनीष गुप्ता रहे। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि व सम्मानित शिक्षकों सहित मंचासीन अतिथियों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में ध्वज वंदना डॉ राजेश मौर्य ने किया जिसके बाद पूर्व प्रोफेसर डॉ आरएन सिंह बीएचयू वाराणसी, डॉ आरपी पाठक एसो. प्रोफेसर मिहरावा, सुशीला सिंह इमामिया गर्ल्स हाईस्कूल, विपनेश श्रीवास्तव अध्यापक जनक कुमारी, सुजीत श्रीवास्तव प्रधानाचार्य उच्च माध्यमिक विद्यालय खलसहा को गोमती परिवार ने अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह, माल्यार्पण करके सम्मानित किया। इसी क्रम में क्लब के अध्यापकों सैयद मुस्तफा, डा सरला गुप्ता, डॉ प्रज्ञा मिश्रा आदि का सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ आरएन सिंह ने कहा कि जीवन में माता-पिता का स्थान कोई नहीं ले सकता, क्योंकि वह ही हमें इस दुनिया में लाते हैं। मुख्य अतिथि ने



कहा कि लायंस क्लब जौनपुर गोमती जनपद में एक प्रतिष्ठित क्लब है। इसकी कार्य ही इसकी पहचान है। विशिष्ट अतिथि मंडल सचिव मनीष गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक व्यक्तियों को अपने जन्मदिन या शादी की वर्षगांठ पर समाज में निश्चित रूप से कोई न कोई सेवा कार्य करना चाहिए। संस्थापक अध्यक्ष डॉ जीसी सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष धनंजय पाठक एवं संचालन सचिव गौरव श्रीवास्तव ने किया। शिक्षकों का जीवन परिचय धीरज गुप्ता, डा सरला गुप्ता, डॉ प्रज्ञा मिश्रा, प्रियंका गुप्ता ने सदन में रखा। आभार व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक प्रतिमा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ जीसी सिंह, विष्णु सहाय जोन चेयरपर्सन, अशोक गुप्ता, कमर हसनैन दीपू, डा सिलोचना सिह, सुधा मौर्य, अनिल पांडेय, अनिल अग्रहरि, नवीन मिश्रा, संजय महेश्वरी, सुधीर साहू, त्रिलोकी जी, मिथिलेश मिश्रा, गणेश गुप्ता, डॉ नरेंद्र यादव, शिव कुमार गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, सुनीता पाठक, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ पूजा यादव, सुनीता श्रीवास्तव, प्रियंका गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# एक जलता हुआ दीपक ही दूसरे दीपक को जला सकता है-प्रोफेसर डाक्टर आनंद सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम ढोटारी गाजीपुर में शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षक, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के मुख्य प्रबंध निदेशक, प्रख्यात विद्वान, प्रोफेसर डॉ.आनंद सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। इसमें कोई शक नहीं कि गुरु एक ऐसा तत्व है जो सृष्टि में हर जगह विद्यमान रहता है। एक जलता हुआ दीपक ही दूसरे दीपक को जला सकता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर मैं अपेक्षा करता हूं कि एक बार हम विश्व का नेतृत्व करेंगे और भारत विश्व गुरु बनेगा। डॉ. सुमन सिंह ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज कर्मवीर सत्यदेव सिंह जी की कर्मस्थली है। शिक्षा का उद्देश्य इस बात पर निर्भर



करता है कि आपने समाज को क्या दिया। मनुष्य के पास किताबी ज्ञान के अलावा सामाजिक ज्ञान का होना अनिवार्य है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजेंद्र कुमार सिंह ने सभी गुरु को सादर नमन करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की शिक्षक समाज का मार्गदर्शक एवं निमार्ता होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं निदेशक प्रमोद सिंह ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के द्वारा सभी विद्वान शिक्षक गण को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में जंगली प्रसाद पटेल कमलेश यादव विश्वकर्मा प्रसाद राजेश सिंह रविंद्र कुमार कृष्णानंद पांडेय अनु सिंह गोवर्धन पासवान उपेंद्र भार्गव उपस्थित थे।

# डालिम्स सनबीम स्कूल में मना भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की जयंती

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के गांधीनगर स्थित सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त डालिम्स सनबीम स्कूल के प्रांगण में भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन जयंती पर भव्य शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आगाज विद्यालय के निदेशक हर्ष राय के द्वारा, दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ प्रेरणा राय , कोआर्डिनेटर अमित रॉय , नरेंद्र राय, प्रतिमा तिवारी आदि वरीय शिक्षक उपस्थित थे। इस क्रम भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर तिलक-



चंदन तथा माल्यार्पण किया गया। शिक्षक दिवस समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी रंगा-रंग प्रस्तुतियों से भव्यता प्रदान कर दर्शकों को मुग्ध कर दिया। इस सफल कार्यक्रमों को शानदार और बेहतर बनाने में बच्चों का योगदान सराहनीय रहा। अंत में प्रधानाचार्या डॉ प्रेरणा राय ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कार्यक्रम की समापन की घोषणा की।

# कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया

। अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के भैया- बहिनों ने रंगारंग कृष्ण भक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संस्कृत कार्यक्रम में पाखी ,अक्षिता बिश्नोई, अनुष्का,गहलोत,पूर्णिमा कशिश रानीगुंजन ,दिव्यांशी , एंजेल ,आयुषी वर्मा अभी वर्मा सृष्टि अन्य बहनों ने भाग लिया।इस अवसर पर विद्यालय में राधा कृष्ण स्वरूप प्रतियोगिता हुई। राधा स्वरुप प्रतियोगिता में आयुषी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और भानवी ने द्वितीय स्थान और काव्य नेतृत्व स्थान प्राप्त किया। कृष्ण



स्वरूप प्रतियोगिता में कृष्णा ने प्रथम स्थान विहान ने द्वितीय स्थान और कनिष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने कृष्ण और राधा को झूला झुलवाया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक विपिन कुमार जैन,श्रीमती बीना जैन, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार बजाज उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का अंत में आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य बंधु और आचार्या बहिनों का सहयोग रहा।

# सिविल कोर्ट में जान से मारने की धमकी दी

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के नजीबाबाद सिविल कोर्ट में प्रैक्टिसनर्स अधिवक्ता हरपाल ने एक अन्य अधिवक्ता पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया पुलिस अधीक्षक बिजनौर को शिकायती पत्र देकर अधिवक्ता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की। आज नजीबाबाद सिविल कोर्ट मैं प्रैक्टिसनर्स अधिवक्ता हरपाल ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह पैसे से अधिवक्ता है जात से चमार है। सिविल कोर्ट परिसर व तहसील परिसर में बैठकर ईमानदारी से 1990 से वकालत का कार्य करता चला आ रहा है प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि धीरेंद्र एडवोकेट अधिवक्ता है वह प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य भी करता



है हरपाल का आरोप है कि उक्त अधिवक्ता विवादित संपत्ति को आने-पौने दामों में खरीद कर उन्हें अधिवक्ता होने के पद पर कब्जा कर अच्छे दामों में बेच देता है। धीरेंद्र वकील विवादित संपत्ति को खरीदना चाहता है धीरेंद्र ने अनेक बार मुकदमे में अधिवक्ता की हैसियत से पर भी न करने की धमकी दी तथा ऐसा न करने पर परिणाम भुगतने की धमकी भी दे चुका है 2 सितंबर 2023 को समय करीब 4:30 बजे शाम की घटना है कि धीरेंद्र ने तहसील नजीबाबाद परिसर में हरपाल अधिवक्ता को रॉक और बदतमीजी करनी शुरू कर दी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया आरोप है कि धीरेंद्र व उसके साथ ही कर्मेंद्र ने हाथापाई व मारपीट की। गवाही देने वाले को भी धीरेंद्र ने जान से मारने की धमकी दी और कैरियर बर्बाद करने की बात कहीं

# मदहे सहाबा का सालाना कार्यक्रम शहर मे आयोजित

**दिलीप कुमार जायसवाल दैनिक समाज जागरण**

जौनपुर। शहर के मुल्ला टोला में 18 सफर का तारीखी जुलूसे चादर व जलसा ए सीरतुन्नबी स.अ.व. व मदहे सहाबा का सालाना प्रोग्राम मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद श्याम सिंह यादव रहे। यह आयोजन अन्जुमन हैदरिया मुल्ला टोला के बैनर तले हुआ। इस मौके पर सांसद श्याम सिंह यादव ने कहा कि यह आयोजन इस्लाम और शांति का संदेश देता है। हम सबको मिलकर हर धर्म से अच्छी बाते ग्रहण करनी चाहिए। मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष



शौकत अली का स्वागत अंजुमने हैदरिया ने किया जिसके बाद श्री अली ने कहा कि यह त्योहार हम सबका है। शहर की तमाम अंजुमनों, सजावट कमेटी और अखाड़ों को एक साथ मिलकर हम सबके प्यारे नबी सरवरे कायनात का जलसा और जुलूस को कामयाब करना है। इस अवसर पर कमालुद्दीन अंसारी, इरशाद मंसूरी, आफाक मंसूरी, अलमास सिद्दीकी, असीम मछलीशहरी, रियाजुद्दीन अल्वी, शहाबुद्दीन विधार्थी, सरताज सिद्दीकी, रियाजुल हक, इकराम सौदागर, शकील माज राइनी, जफर मसूद, फिरोज कुरेशी, शोबी ताज कादरी, सैय्यद फरोग, शोएब अहमद समीर, दिलदार, हफिज शाह, नेयाज ताहिर, नासिर सिद्दीकी, शफीक खान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# साइबर क्राइम थाने पर फ्रॉड को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

**'विशेषज्ञ ओपी जायसवाल ने थर्ड पार्टी ऐप के बारे में दी जानकारी**

**दिलीप कुमार जायसवाल दैनिक समाज जागरण**

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा के निर्देशन पर पुलिस लाइन स्थित साइबर क्राइम थाने पर जागरूकता अभियान चलाया गया। थाने पर उपस्थित लोगों को साइबर फ्रॉड के बारे में बताया गया। इस दौरान साइबर विशेषज्ञ ओम प्रकाश जायसवाल ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी तरह से थर्ड पार्टी एप डाउनलोड न करें। उन्होंने बताया कि ये एप फोन में एक्सेस कर गलत तरीके से आपके कॉन्टैक्ट लिस्ट, गैलरी और लोकेशन की जानकारी हासिल कर लेते हैं। उसके बाद ये कॉन्टैक्ट लिस्ट के जरिए



लोगों को एडिट की हुई फोटो भेजकर पैसे को डिमांड करते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी हाल में ऐसी लिंक या किसी स्टोर से थर्ड पार्टी एप को इंस्टॉल न करें। साइबर फ्रॉड होने की दशा में 1930 पर कॉल करें।

# तीन वर्ष से दौड़ रहे फरियादी को एसडीएम ने दिलायी न्याय

**बेदखली के आदेश के अनुक्रम में हटवाया गया कब्जा**

**संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

जौनपुर। नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सैदनपुर में कब्रिस्तान पर हुए काफी पुराने कब्जे को निस्तारण एसडीएम सदर ऋषभ पुंडीर ने करा दिया। मालूम हो कि सैदनपुर में कब्रिस्तान के जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया गया था जिस पर गांव के ही कुछ लोगों ने एसडीएम सदर ऋषभ देशराज पुंडीर को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। प्रार्थना पत्र देने वाला फरियादी विगत 3 वर्ष से इस कार्यवाई के लिए परेशान था जिस पर एसडीएम ने मामले को दिखवाया और बेदखली के आदेश के अनुक्रम में एसडीएम ने मंगलवार को उक्त कब्जे को हटवा दिया। इस बाबत पूछे जाने पर उपजिलाधिकारी श्री पुण्डीर ने बताया कि उक्त कब्जे को पूरी शांति व्यवस्था के साथ बेदखली के आदेश के अनुक्रम में कब्जा हटा दिया गया है।

# सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज गांधीनगर में मना शिक्षक दिवस

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक के सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज में शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रबंधक हिमांशु राय के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सर्व पल्ली डाक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कालेज के सभी शिक्षक एवं स्टाफ के द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित किया गया। प्रबन्धक हिमांशु राय



के द्वारा सभी शिक्षक गण के साथ केक काटा गया। हिमांशु राय के द्वारा सभी शिक्षक एवं स्टाफ को अंगवस्त्रम एवं उपहार भेंट किया गया और सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामना दी गयी।इस अवसर पर प्रिन्स राय, डाक्टर संतोष गुप्ता,राम जी राय,राजेश राय, अमरेन्द्र यादव, मनोज यादव, मधुकर पाण्डेय,काजल पाण्डेय दिवाकर पाण्डेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# किशोरी दिवस पर रंगारग देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

किशोरी दिवस पर रंगारग देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित अजमल हसन दैनिक समाज जागरण। अफजलगढ़ करुणा समाज सेवा संस्था कोटद्वार द्वारा सेंट मैरी स्कूल भिक्कावाला में आयोजित " किशोरी दिवस" कार्यक्रम आयोजित किया क्षेत्र के करीब 15 गांव से आई किशोरियों ने देश भक्ति रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव भिक्कावाला स्थित सेंट मैरी स्कूल परिसर में मानोस यूनिदास स्पेन के सहयोग से "किशोरी दिवस' कार्यक्रम आयोजित किया क्षेत्र के 15 गांव से आई लड़कियों ने देश भक्ति रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष हम्बीर सिंह ने महिलाओं ओर लड़कियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित



विभिन्न योजनाओं,तथा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत डायल 112,1090 हेल्प लाइन नंबर, यातायात नियमों का पालन करने एवं साइबर अपराध से बचाव आदि के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष हम्बीर सिंह के अलावा फादर फिलिप प्रधानाचार्या सिस्टर करूणा , सिस्टर डोरिस ,ऋतु शर्मा व रेनू शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# आरोग्य दिवस पर जिले में विशेष अभियान के तहत संचालित हुईं टेलीकंस्लटेशन सेवा

-आरोग्य दिवस पर प्रसव पूर्व जांच की भी सुविधा मिलती है

-टेलीकंस्लटेशन से सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में आसान हुई है जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच

- जिले में अब तक कुल 1.28 लाख से अधिक लोगों ने ई-टेलीमेडिसिन का उठाया लाभ

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिले के सभी प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुधवार को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) सत्र का आयोजन किया गया । इस दौरान गर्भवती व धात्री महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सुविधाओं के साथ परामर्श एवं गर्भवती की हीमोग्लोबिन , बीपी , वजन आदि की जांच की गयी। सत्र में मौजूद गर्भवती, धात्री, किशोरी एवं बच्चों की माताओं को उम्र के अनुसार पोषक तत्वों की आवश्यकता, आहार को सन्तुलित बनाने, उपलब्ध खाद्य सामग्री को मात्रा के हिसाब से सेवन करने, सही तरीके से स्तनपान, स्वस्थ पोषण व्यवहार, गांव- घर में उपलब्ध संसाधनों में से पौष्टिक आहारे तैयार करने, पोषण वाटिका के महत्व इत्यादि के संबंध में विस्तार से बताया गया। साथ ही राज्य सरकार के सात निश्चय-2 कार्यक्रम के तहत सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में टेलीमेडिसिन सेवाओं को ज्यादा प्रभावी बनाने व इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर महीने के पहले व तीसरे बुधवार को टेलीकंस्लटेशन से संबंधित विशेष अभियान संचालित करने का निर्देश राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी करे दियो है ।

**गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की आम लोगों तक पहुंच आसान होती है -**



सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि ई-संजीवनी एक वेब आधारित व्यापक टेलीमिडिसिन सेवा है। यह ग्रामीण क्षेत्र के वंचित समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कराती है। उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, बुनियादी ढांचे व मानव संसाधन की कमी की समस्या से निपटने में ये अचूक रूप से लाभकारी है। टेली मेडिसिन में चिकित्सा विशेषज्ञ वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं।

**ई संजीवनी सेवाएं लोगों के लिये बेहद उपयोगी हैं --**

जिला योजना समन्वयक विश्वजीत कुमार ने बताया कि एप के इस्तेमाल से मरीज इलाज के लिये अस्पताल आने की झंझट से मुक्त रहते हैं। लोग घर बैठे विशेषज्ञ चिकित्सकों से अपने रोग के संबंध में जरूरी परामर्श ले सकते हैं। इससे आम लोगों को भीड़-भाड़ सहित अन्य वजहों से संक्रमण के खतरों का भी सामना नहीं करना पड़ता। अस्पताल आने-जाने की मजबूरी, लंबी कतार में खड़े रहने व चिकित्सक से समय लेने में होने वाली दिक्कतें स्वतः खत्म हो जाती है। जिले में फिलहाल 16 हब व 289 स्पोक्स स्थापित हैं। जिले में आरोग्य दिवस के दिन लगभग 600 के करीब मरीजों को सेवा का लाभ दिया गया है। इससे अनावश्यक खर्च नहीं होती व समय की भी बचत होती है । टेली मेडिसिन सेवाओं के जरिये मरीज वीडियो कांफ्रेसिंगे से अपनी समस्या हब में बैठे चिकित्सकों के पास रख सकते हैं। चिकित्सकों से उन्हें उचित परामर्श व दवा के लिए स-झाव दिया जाता है। उसके साथ उन्हें निःशुल्क दवा भी दी जातीं है।

**जिले में अब तक कुल 1.28 लाख से अधिक लोगों ने ई-टेलीमेडिसिन का उठाया लाभ--**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि वीएचएसएनडी सत्र के दौरान अब ग्रामीणों को ई-टेलीमेडिसिन की सेवा भी उपलब्ध कराई जा रही है। खासकर गर्मी के मौसम में सुदूर ग्रामीण इलाकों के लाभार्थियों के लिए ई-टेलीमेडिसिन काफी सुविधाजनक साबित हुआ । सदर प्रखंड समेत जिले में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां से स्वास्थ्य केंद्रों की दूरी ज्यादा होने के साथ ही हर समय चिकित्सीय सलाह लेना मुश्किल लगता था। लेकिन अब तो घर बैठे फोन करके भी सलाह या दवा मिलनी शुरू हो चुकी है। ऐसे में टेलीमेडिसीन यहां के लोगों के लिए वास्तव में संजीवनी साबित हो रही है। लाभार्थी महिलाओं को अब चिकित्सीय परामर्श के लिए पीएचसी या सदर अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। अब वो ई-टेलीमे-डिसिन के मध्यम से ऑनलाइन चिकित्सकों को अपनी बीमारी और परेशानियों से अवगत कराकर उचित परामर्श और इलाज ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1.28 लाख से अधिक लोगों ने ई-टेलीमेडिसिन के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाया है।

# अध्ययन शिक्षा प्रतिष्ठान में मनाया गया शिक्षक दिवस

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

स्थानीय कदमकानन स्थित तथा शिक्षा के क्षेत्र में जाना पहचाना नाम "अध्ययन शिक्षा प्रतिष्ठान" में व्यापक रूप से कार्यक्रम आयोजन कर धूमधाम के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर प्रतिष्ठान के प्रमुख रविशंकर मंडल एवं अपराजिता मंडल द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।



तत्पश्चात केक काटकर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाया गया। अध्ययन शिक्षा प्रतिष्ठान के छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों को गुलदस्ता एवं उपहार प्रदान किया गया। तथा छात्र-छात्राओं द्वारा संगीत के धुन पर नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। वहीं इस प्रतिष्ठान में अध्यनरत कक्षा पंचम से उच्च माध्यमिक के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक भोजन का भी आनंद लिया गया। कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने में ऋतुजा डे, अनुभव भद्र, सौम्यादीप महतो, अमृत गुप्ता, देबीका मंडल, रीमा महतो, सुभो कुमार, बिश्वादीप महतो, सुदेब महतो, खुदीराम मुर्मू सहित अन्य छात्र-छात्राओं का अहम भूमिका रहा।

# पूर्णियां:पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 की पांच फीट ऊंची सुनहरी ट्रॉफी का हुआ अनावरण

## पैनोरमा स्पोर्ट्स कंपलेक्स ई होम्स पूर्णियां के मैदान पर29 सितंबर को होगा आगाज

**पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

रियल एस्टेट कारोबार से जुड़ी एवं पूर्णियां में पहली बार ई होम्स सेक्टर में कदम रखने वाली पनोरमा ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 की भव्य विजेता ट्रॉफी का अनावरण पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री,बिहार,स्व कमलदेव नारायण सिंह के पुत्र एवं शिक्षाविद व एस के मिशन स्कूल के निदेशक श्री अजय सिन्हा तथा पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से बुधवार को पनोरमा स्पोर्ट्स कंपलेक्स,ई होम्स पूर्णियां में किया गया।पनोरमा स्पोर्ट्स कंपलेक्स,ई होम्स पूर्णियां के मैदान पर 29 सितंबर से आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के सात विधाओं में से कम से कम तीन विधाओं में विजेता बनने वाले विद्यालय को ओवरऑल चैंपियन्स खिताब के साथ ही सुनहरे रंग की 5 फीट ऊंची विशाल ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।यह प्रतियोगिता छः चरणों में खेली जाएगी।प्रथम चरण में बैडमिंटन,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल,शतरंज,टेबल टेनिस एवं द्वितीय चरण में फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर 11 तथा अंडर 16 आयु वर्ग के साथ-साथ क्रिकेट प्रतियोगिता ओपन टू ऑल खेली जाएगी। सीजन 6 के प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक ही है।ट्रॉफी अनावरण के अवसर पर उपस्थित शिक्षाविद व एस के मिशन स्कूल के निदेशक श्री अजय सिन्हा एवं गणमान्य खेल प्रेमियों ने व्यापक स्तर पर पनोरमा स्पोर्ट्स के आयोजन के लिए पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा की प्रशंसा की एवं उन्हें साधुवाद दिया।पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 के आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता छः चरण में खेली जाएगी।प्रथम चरण विद्यालयों के बालक-बालिका वर्ग में बैडमिंटन,बास्केटबॉल,वॉलीबॉल, शतरंज,टेबल टेनिस आदि खेलों से प्रारंभ होगी।रियल एस्टेट कारोबार के अलावा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पनोरमा ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 को सभी के सहयोग से एक बेहतर आयोजन बनाया जा रहा है।पिछले दिनों हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि नगद राशि के रूप में दिए जाने वाले पुरस्कार किसी एक विजेता को न देकर विभिन्न आयु वर्ग के विजेताओं में विभक्त कर दिया जाएगा,जिससे अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागियों के भाग लेने को प्रोत्साहन मिले।ट्रॉफी अनावरण के अवसर पर श्री अजय सिन्हा एवं पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा के अलावा श्रीमती स्वाति वैश्यंत्री, मिथलेश राय,अविनाश कुमार मिश्रा, सिस्टर बंदिता,अब्बू आलम,मो मंजर मोहशिम,सैयद जब्बार हुसैन,एस एस सिंह"गुड्डू",जितेंद्र कुमार सिन्हा गोपी,प्रमोद पंसारी,सुनील सुमन, स्वरुप कुमार दास,बिमल मुकेश, मुरारी झा,अमृत कुमार,अक्षय कुमार सिन्हा,राजेश कुमार साह,हरिओम झा,सलोनी गोलछा,राजीव कुमार, बब्लू चौधरी के साथ हीं पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।




# चिलचिलाती धूप और गर्मी : जनहित के मद्देनजर नहीं हो रही है नियमित बिजली आपूर्ति

- बेसरबाटी पंचायत मुखिया अनुपमा ठाकुर के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओ ने धरना प्रदर्शन कर बिजली व्यवस्था सुधार हेतु दी चेतावनी
- सांसद एव स्थानीय विधायक को जनता के दुखों से कोई सरोकार नहीं - अनुपमा ठाकुर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया( किशनगंज) । इस चिलचिलाती गर्मी में ठाकुरगंज प्रखंड में बिजली की व्यवस्था काफी लचर है । कोई न कोई बहाना बनाकर बिजली आपूर्ति ठप कर दी जाती है । जबकि इस सीमावर्ती क्षेत्र से सटे बंगाल व नेपाल में बिजली की निरंतर आपूर्ति यहाँ के लोगों को मूँह चिढ़ाती नजर आती है । मद्देनजर ठाकुरगंज में बिजली की अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर चुरली पावर हाउस में बूधवार को बीजेपी महिला मोर्चा के किशनगंज जिला अध्यक्ष सह बेसरबाटी पंचायत की मुखिया अनुपमा ठाकुर ने चुरली पॉवर हाउस के परिसर में दर्जनों महिलाओ के साथ बिजली व्यवस्था को लेकर विरोध प्रदर्शन की । अनुपमा ठाकुर ने बताया कि इस उमस भरी गर्मी के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । अकसर बिजली गुल रहती है । खासकर रात को हर दिन तीन चार घंटा कोई न कोई बहाना से बिजली काट ली जाती है । मद्देनजर आजे चुरली पॉवर हाउस का घेराव किया गया । अगर पावर कट से लोगों को राहत नहीं मिलेगी तो अब सड़क जाम कर प्रदर्शन भी किया जाएगा ।



लचर बिजली आपूर्ति से परेशान जनमानस का आवाज बनकर आर पार की लड़ाई को लेकर मैदान में उतरी बेसरबाटी पंचायत की मुखिया अनुपमा ठाकुर ने बुधवार को धरना प्रदर्शन के दौरान जिले के सांसद एव स्थानीय विधायक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिले की जनता के दुखों से इनका कोई स-रोकार नहीं है ।

वहीं बिजली विभाग के सहायक अभियंता अमरजीत कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ किशनगंज से ही कम बिजली मिलने के कारण बिजली आपूर्ति बीच बीच में बाधित रहती है । छतरगाछ तो कभी खरखरी में बिजली फॉल्ट होने के कारण अक्सर लोगो को बिजली की दिक्कत हो जाती है जिसको लेकर लोग आज प्रदर्शन किऐ हैं ।

# झाड़ग्राम रेलवे स्टेशन पर जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

बुधवार को झाड़ग्राम रेलवे स्टेशन पर हावड़ा बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शुरू हो गया है।सुबह 8:25 मे हावड़ा बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस के प्लेटफार्म संख्या दो पर रुकने पर झाड़ग्राम के सांसद कुनार हेंब्रम ने ट्रेन के चालक एवं सहायक चालक को फूल माला पहनाकर तथा गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सांसद कुनार हेंब्रम एवं खड़गपुर के मंडल रेल प्रबंधक के आर चौधरी ( आई आर एस ई ) एवं अन्य अधिकारियों ने झाड़ग्राम स्टेशन पर हावड़ा बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर रेलवे के विभिन्न विभाग के उच्च पदाधिकारी गण एवं आम लोग उपस्थित थे। 12021 हावड़ा बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस को आज पायलट जे चक्रवर्ती असिस्टेंट लोको पायलट पंकज झा तथा गार्ड जी के जेना ने परिचालन किया। ट्रेन संख्या 12021 का झाड़ग्राम में आगमन सुबह 8:24 तथा प्रस्थान 8:25 है। वहीं 12022 बड़बिल हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस का झाड़ग्राम आगमन शाम 6:07 तथा प्रस्थान 6:08 है।



# सिलीगुड़ी में भारी मात्रा में गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन की पुलिस ने महिला द्वारा मादक तस्करी कारोबार का खुलासा किया है।भक्तिनगर थाने की सादे पोशाक की पुलिस ने भक्तिनगर ट्रैफिक गार्ड के पास अभियान चलाकर गांजा की तस्करी करने वाली एक महिला को रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी महिला का नाम सोनामुनि दास( 43 ) है। वह दिनहाटा की निवासी बताई गई है। जानकारी मिली है कि सोनामुनि दास को किसी ने 500 रुपए के बदले में गांजे की तस्करी करने के लिए कहा था। इसी के मद्देनजर वह ट्रैफिक गार्ड के पास किसी को गांजा देने के लिए इंतजार कर रही थी। इसकी खबर मिलते ही भक्तिनगर थाने की सादे पोशाक की पुलिस ने वहां अभियान चलाया और महिला के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला के पास से कुल 18 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी महिला को गुरुवार को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है।



# राजनगर में नए अंचलाधिकारी रामा रविदास ने 27 वें अंचलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया।

**रवि कांत गोप, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)06सितंबर2023: राजनगर प्रखंड में 27 वें अंचलाधिकारी के रूप में रामा रविदास ने 6 सितंबर को पदभार संभाला। इसके बाद उन्होंने अंचल कर्मियों से मुलाकात की एवं क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में निष्पक्ष कार्य करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। इससे पहले रामा रविदास बोकारो जिले के (चंदन क्यारी अंचल)में पदस्थापित थे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह,प्रखंड प्रमुख ओलिभ ग्रेस कुल्लू एवं अंचल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक : अपने हक की लड़ाई के लिए गठित की एक संगठन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । ठाकुरगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने बैठक कर एक संगठन गठित की । जानकारी के अनुसार, प्रखंड के 21 पंचायत के पर्यवेक्षकों ने बैठक कर संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया । सभी ने सर्वसम्मति से पथरिया पंचायत के पर्यवेक्षक अख्तर आलम को अध्यक्ष चुना । इसके अलावा निवास कुमार शर्मा सचिव व सविता कुमारी को कोषाध्यक्ष, नरेश कुमार को मिडिया प्रभारी चुना गया । सभी ने संघ के गठन व अधिकारी के चयन पर उन्हें बधाई दी ।

बैठक में पर्यवेक्षक मो नौशाद आलम, शाहिद आलम, बासुदेव लाल गणेश, राज शरण सिंह, विशाल कुमार, कैलाश कुमार, शाह आलम आदि शामिल हुए ।

मीडिया प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि सभी ने सरकार के स्वच्छता मानक के अनुरूप काम करने का संकल्प लिया । इसके अलावा अपने हक की लड़ाई में तत्पर रहने की बात कही । इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया की स्वच्छता पर्यवेक्षक के हित में वह सदा काम करते रहेंगे ।




# जन्माष्टमी के मौके पर हेंसल में धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा।

**रवि कांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)06सितंबर2023: राजनगर प्रखंड के हेंसल में श्री श्री सार्वजनिक जन्माष्ठमी पूजा कमेटी हेंसल के तत्वावधान में जमाष्टमी के मौके पर बुधवार की सुबह 108 कुँवारी कन्याओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।वहीं व्रती गाँव के बड़ा तालाब से कलश में जल लेकर जगधात्री मंदिर होते हुए जन्माष्टमी पालकी मंडप तक पहुँची।इस दौरान सार्वजनिक जन्माष्टमी पूजा कमेटी हेंसल के सचिव पवित्र ज्योतिषी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 108 कन्याओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।और अर्धरात्रि में पूजा अर्चना की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि जमाष्टमी के मौके पर आगामी 8 सितंबर को हेंसल में भव्य भगवात कथा का भी आयोजन किया गया है।जो 14 सितंबर तक चलेगी,उसके बाद पालकी यात्रा निकाली जायेगी।



मौके पर अध्यक्ष अमुल्य गोप, सचिव पवित्र ज्योतिष कोषाध्यक्ष अंगद गोप, सदस्य उज्जवल मोदक,भवेश गोप, अमरनाथ गोप, विष्णु गोप, भगीरथ गोप, कृष्णा गोप, रईवु गोप , अमित गोप, मुकेश मोदक,नाडू गोप,अनोद साहु, मनमोहन गोप, अश्विनी गोप, सुरेश गोप, राहुल गोप एवं कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

# गौरडीह में आयोजित मां मनसा देवी की पूजा में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के गौरडीह गांव में ग्राम प्रधान सह झामुमो नेता हिमांशु महतो के घर में आयोजित मनसा पूजा कार्यक्रम में बुधवार को पहुंचे जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मनसा देवी के समक्ष मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली कामना की।

विधायक ने बताया कि झामुमो नेता हिमांशु महतो के घर पर तीन पीढ़ियों से लगातार मां मनसा देवी की पूजा-अर्चना होती आ रही है और इस साल भी हर्षोल्लास के साथ पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें गांव के अन्य परिवारों के लोगों ने भी पूजा-अर्चना की। मौके पर हिमांशु महतो, काजल सिंह, शंभु सिंह, शिवशंकर महतो व संतोष महतो आदि मौजूद थे।



# युद्ध की विभीषिका ने नीमडीह के दर्जनों छऊ नृत्य कलाकारों को किया बेरोजगार

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 06 सितंबर 2023 : नृत्य संगीत प्राचीन समय से ही मनुष्य के मनोरंजन का मुख्य साधन है। नृत्य में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने की शक्ति है और संगीत में श्रोताओं को तनावमुक्त करने की शक्ति है। भारत के विभिन्न राज्य में अलग अलग लोकनृत्य और लोकगीत है। झारखंड राज्य के सरायकेला खरसावां जिला में छऊ नृत्य लोकनृत्य है और झुमर गीत लोकगीत है। दोनों कलाएं विश्व के कला की आसमान में अमिट छाप छोड़ने में कामयाब रहा। लोकनृत्य और लोकगीत के माध्यम से नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों कलाकार आर्थिक रोजगार करते हैं।

सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत जामडीह गांव के भारतीय छऊ नृत्य युवा संघ के दर्जनों कलाकार लगभग 30 वर्षों से यूरोप के विभिन्न देशों में मानभूम शैली छऊ नृत्य का प्रदर्शन कर व प्रशिक्षण देकर कला के आसमां में देश का नाम रौशन करते आ रहे हैं और देश के मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा वृद्धि करने में सहयोग देते हैं। यहां के कलाकार प्रति वर्ष जून से सितंबर तक विदेशों में रहकर नृत्य का प्रदर्शन व प्रशिक्षण देते थे। वैश्विक महामारी कोरोना के कारण 2020 से विदेशों में कार्यक्रम पर पाबंदी रहा। अब कोरोना महामारी समाप्त हो गया है। इसलिए कलाकारों द्वारा संभावना जताई जा रहा था कि 2023 में यूरोप के देशों में लोककलाओं का उत्सव शुरू होगा। कलाकार भी तैयारी में जुटे रहे। लेकिन रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण यूरोप के फ्रांस, इटली, स्वीटजरलैंड आदि देशों के उत्सवों में फिर से पाबंदी लगाई गई है। जिससे नीमडीह प्रखंड के दर्जनों कलाकारों में मायूसी दिखाई देने लगा है। यूरोप के देशों से कार्यक्रम की प्रस्तुति के बुलावे के इंतजार में जामडीह गांव के दर्जनों कलाकार हैं। हर साल यहां के कलाकार तीन से चार महीने तक यूरोप के विभिन्न देशों में छऊ नृत्य की प्रस्तुति व प्रशिक्षण देकर आर्थिक रोजगार करते। इस संबंध में अंतराष्ट्रीय छऊ नृत्य प्रशिक्षक उस्ताद अधर कुमार कहते हैं कि यूरोप के देशों में लोककलाओं को काफी महत्व दिया जाता है। कोरोना काल के पूर्व विभिन्न देशों में प्रति वर्ष अंतराष्ट्रीय स्तर पर लोककला महोत्सव का आयोजन होता था। जिसमें विश्व के विभिन्न देशों के हजारों कलाकार अपने देश की लोककलाओं की प्रस्तुति देते थे और दर्शकों के मनोरंजन करने के साथ आर्थिक रोजगार करते थे। कोरोना महामारी के कारण दो साल से यूरोपीय देशों में कार्यक्रम पर पाबंदी रहा अब दो देश रूस और यूक्रेन के युद्ध ने विभिन्न देशों के हजारों कलाकार को मायूस कर दिया। अधर कुमार कहते हैं कि वे लोग अपने देश में आयोजकों से काफी कम रुपए लेकर दर्शकों के मनोरंजन के लिए नृत्य प्रस्तुत करते हैं। लेकिन विदेशों के प्रस्तुति ही रोजगार का मुख्य साधन था।



# राजनगर : स्मार्ट कोचिंग सेंटर में मेधावी छात्र छात्राएं हुए सम्मानित।

## विद्यार्थियों ने कहा "ईस्ट हो या वेस्ट, आवर लोचन सर इस बेस्ट"

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)06सितंबर2023 :- राजनगर स्तिथ स्मार्ट कोचिंग सेंटर में बुधवार को शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया,जहाँ स्मार्ट कोचिंग सेंटर के संचालनकर्ता सह शिक्षक ने वर्ष 2022-23 बोर्ड परीक्षा के टॉपर रैंकिंग छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।वहीं स्मार्ट कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षक के सम्मान हेतु कई आकर्षक तोफा और एक से बढ़ कर एक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की।वहीं इस कार्यक्रम कोचिंग सेंटर की सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थी।रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने गीत,संगीत,कविता ,क्लासिकल एवं वेस्टर्न डांस की प्रस्तुति की।कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे।वहीं स्मार्ट कोचिंग सेंटर के संचालक सह शिक्षक लोचन मंडल ने कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।वहीं छात्र छात्राओं ने कहा हमारे शिक्षक हमारे माता पिता के समान है।स्मार्ट कोचिंग सेंटर की खासियत भी यही है कि यहाँ कोचिंग करने वाले सभी विद्यार्थि में पढ़ाई लिखाई की रुचि काफी बढ़ जाती है।जिस प्रकार सरल तरीके से हमे पढ़ाया समझाया जाता है,शायद ही कहीं ऐसी पढ़ाई जाती होगी।इसलिए राजनगर प्रखंड में सबसे ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी कोचिंग सेंटर में शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

वहीं विद्यार्थियों ने एक सुर में कहा "ईस्ट हो या वेस्ट,हमारे शिक्षक लोचन सर इस बेस्ट"।



# मानव कल्याण पार्टी के संयोजक ने शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का किया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

प्रखंड के रामेश्वर मार्केट मानव कल्याण हॉस्पिटल के समीप,समाजसेवी सह मानव कल्याण पार्टी के संयोजक डां अनिल कुमार के द्वारा शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इस दौरान डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद शिक्षकों को डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। डां अनिल कुमार कहा कि शिक्षक हमारे समाज का नेतृत्व करने के साथ नए पीढ़ियों का मार्गदर्शन भी करते हैं। इसलिए हम शिक्षक दिवस मनाकर उनके योगदान के महत्व का आभास करते हैं और उनका आभार व्यक्त करते हैं। यह एक ऐसा दिन है जब हम अपने गुरु के प्रति अपना समर्पण और आभार दिखा सकते हैं।शिक्षा से ही देश व समाज का विकास संभव है।बच्चों को अच्छी शिक्षा देना शिक्षकों का नैतिक कर्त्तव्य



है। अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार से बच्चे खुद तरक्की करने के साथ-साथ देश व समाज के विकास में सहायक होंगे।शिक्षण जीवन बदलने की कला है। "शिक्षक मन को प्रेरित करते हैं और दिलों को छूते हैं।" एक शिक्षक का प्रभाव जीवन भर रहता है।सम्मानित शिक्षक सेवा निवृत्ति कपिल प्रसाद सिंह,पूर्व साधन सेवी बीरेन्द्र सिंह,प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद सिंह,शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह,शिक्षक विजय कुमार,सेवानिवृत्ति हीरालाल,कृष्णकांत सिंह, अजय कुमार सिंह,अमित कुमार त्रिपाठी,विनोद कुमार,अजय कुमार,कवला सिंह,सुधीर कुमार चौधरी,ओमप्रकाश सिंह,उपेंद्र कुमार,अनिल कुमार,संतोष कुमार,अमित कुमार,समाजसेवी दिलीप केसरी, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष मुरारी ठाकुर,सोनू शर्मा,विजय यादव एवं बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दहेज के खातिर नवविवाहिता की हत्या, बीते जुन माह में ही हुई थी शादी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत बरडीहा गांव में नवविवाहिता की दहेज की खातिर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मृतका के पिता नोखा थाना क्षेत्र के बलिगांवा निवासी अखिलेश कुमार सिंह ने अपनी पुत्री की दहेज के खातिर हत्या कर दिए जाने को लेकर उसके पति के अलावा सास व ससुर के विरुद्ध नटवार थाने में मामला दर्ज कराया है।वहीं मृतका के सास रीना देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार नोखा थाना क्षेत्र के बलिगांवा निवासी अखिलेश कुमार सिंह अपनी 20 वर्षीय पुत्री प्रीति कुमारी की शादी इसी साल जून माह में हिंदू रीति-रिवाजों के साथ बड़े ही धूमधाम से बरडीहा निवासी राहुल कुमार के साथ संपन्न किया था। प्रीति के ससुराल जाने के साथ ही ससुराल



वालों ने दहेज के लिए मांग करने लगे।इसकी सूचना प्रीति ने अपने मायके को कई बार फोन के द्वारा जानकारी दी। लेकिन दहेज नहीं मिलने पर मंगलवार की रात ससुराल वालों ने प्रीति की गला दबाकर हत्या कर दिया। इसकी सूचना जैसे ही मायके वाले को मिला मायके वालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेते हुए सासाराम पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है।थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि इस संबंध में मृतका के पिता अखिलेश कुमार सिंह के बयान पर मृतका के पति राहुल कुमार, सास रीना देवी एवं ससुर को नामजद आरोपी बनाते हुए दहेज उत्पीड़न एवं हत्या करने को लेकर प्राथमिकी कराई है।प्राथमिकी के साथ ही कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मृतका के सास रीना देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# कोचस के धनछुआ गांव में 440 वोल्ट विद्युत तार के चपेट में आने से दो मवेशी की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण राजकुमार सिंह कोचस रोहतास**

प्रखंड क्षेत्र के धनछुआ गांव के गली मे लटके 440 बोल्ट के नंगे विद्युत धारा प्रवाहित तार के चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई जबकि बचाने गए पशुपालक भी करंट की चपेट में आने से झुलस गए। बताया जाता है कि पशुपालक मवेशियों को घर मे बांधने के लिए गली के रास्ते लेकर जा रहा था की मवेसियो के लिए काल बन कर लटका 440 बोल्ट के नंगे विद्युत धारा प्रवाहित तार के चपेट में आ



गए जिसमें दोनों मवेशियों की मौत हो गई। जबकि अपने मवेशी को बचाने गए पशु पालक धनछुआ गांव निवासी धनजी यादव 440 वोल्ट तार के चपेट में आ गाए जिसमें वह बुरी तरह झुलस गए। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह पशुपालक को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सा डॉक्टर तुषार कुमार ने धनजी की हालत गंभीर बनते देख फॉरन प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया है।

# पैसेंजर ट्रेन से अंग्रेजी शराब बरामद

**दैनिक समाज जागरण सासाराम**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया मेमू पैसेंजर से बुधवार की सुबह सासाराम रेल थाने की पुलिस ने काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान जीआरपी ने शिवसागर और कुम्हऊ स्टेशन के बीच गाड़ी संख्या 03384 से लावारिस हालत में पड़े एक उजले रंग के प्लास्टिक बैग को बरामद किया। जिसमें से 180 एमएल के 50 पीस ऑफिसर च्वाइस ब्रांड के अंग्रेजी शराब पाए गए। इस संदर्भ में जीआरपी थानाध्यक्ष के एम खान ने बताया कि डीडीयू गया मेमू पैसेंजर से चेकिंग के दौरान लावारिस हाल में पड़े एक बैग से उत्तर प्रदेश निर्मित 9 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है तथा रेल थाना सासाराम में अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पालीगंज में ऐपवा ने चलाया सदस्यता अभियान

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने के लिए अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन ने सदस्यता अभियान चलाया। इस सम्बंध में ऐपवा की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि पालीगंज विधानसभा के विभिन्न गांवों में इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने व सभी बूथों पर मजबूत प्रतिरोध एवं सशक्त कमेटी बनाया जा रहा है। वही पूरे देश, राज्य, जिला व खास कर पालीगंज विधानसभा में बूथ स्तर पर अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। वही उन महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में गरीब



विरोधी, महिला विरोधी, पिछड़ा व अतिपिछड़ा आरक्षण विरोधी भाजपा सरकार को दिल्ली के गद्दी से उतार फेंकने में मजबूती मिले। वही इसके लिए पालीगंज विधानसभा में 50 हजार महिला सदस्य बनाने के लिए भाकपा माले एवं ऐपवा के महिला कार्यकर्ता बहुत ही मजबूती के साथ लगे हुए है। जिसके तहत बुधवार को नरौली, मठिया, गोपीपुर, बहादुरगंज, लालगंज सेहरा, जरखा, कल्याणपुर, समदा, कौरी व बालीपकड़ सहित प्रखंड के दर्जनों गांवों में महिलाओं को सदस्य बनाने का सदस्यता अभियान चलाया गया है। मौके पर भाकपा माले नेता सुरेंद्र पासवान, विनेश कुमार चौधरी, अविनाश कुमार, जुल्फिकार अली, महेंद्र चंद्रवंशी, राजेश कुमार, ऐपवा नेत्री शांती देवी, अनिता राय, नागो देवी, आशा देवी, सोमारी देवी व राजकुमारी देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नहीं रहे कामरेड नागेंद्र झा, वरिष्ठ पत्रकार द्वय को पितृशोक

**वरिष्ठ पत्रकार निर्भय व प्रवीण गोविन्द के पिता थे कामरेड झा**

**सुपौल ।**

चर्चित कर्मचारी नेता व भाकपा माले के वरीय नेता 81 वर्षीय कामरेड नागेंद नाथ झा का निधन जिला मुख्यालय स्थित उनके कनिष्ठ पुत्र सह वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण गोविन्द के सुपौल स्थित निवास पर बुधवार की सुबह हो गया। उनके निधन पर सभी तबके के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए तमाम राजनीतिक, गैर राजनीतिक, सामाजिक संगठन व बुद्धिजीवियों सहित बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कामरेड झा मृत्यु पर्यंत गरीबों के हितों के लिए संघर्षशील रहे। वे बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोपगुट के प्रांतीय



संघर्ष अध्यक्ष, सिंचाई विभाग कर्मचारी यूनियन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके थे। बुधवार को ही उनके पैतृक गांव कर्णपुर में उनके ज्येष्ठ पुत्र सह दैनिक जागरण खगड़िया के ब्यूरो चीफ निर्भय झा ने मुखाग्नि दी। कॉमरेड झा के निधन पर पूर्व सांसद आनंद मोहन, पूर्व मंत्री सह दिग्गज भाजपा नेता नीरज कुमार सिंह उर्फ बबलू जी, राजद विधायक चेतन आनंद, नगर परिषद सुपौल के चेयरमैन राघवेंद्र झा उर्फ राघव जी, वरिष्ठ अधिवक्ता विनय भूषण सिंह, माले नेता कामरेड अरविंद शर्मा, भाजपा नेता अशोक सम्राट, कांग्रेस नेता पंकज कुमार मिश्र, देश के चर्चित पत्रकार राघवेंद्र, जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल के नेशनल चेयरमैन कुमार सौरभ आदि ने गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की है। महासंघ गोपगुट के नेता कामरेड माधव प्रसाद सिंह ने कहा है कि नागेंद बाबू का निधन अपूरणीय क्षति है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया श्रीकृष्ण-जन्मोत्सव

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बुधवार को बड़े ही धूमधाम से श्रीकृष्ण-जन्मोत्सव मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका एवं सहायिकाओं के द्वारा छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चों को राधा-कृष्ण, गोपिया व सुदामा-बलराम के मनमोहक रूप सजाकर बनाया गया था।जिसको देखने से ऐसा प्रतीत होता था कि स्वयं भगवान श्रीकृष्ण - राधा के साथ गोपियों के बीच आंगनवाड़ी केंद्रों पर विराजमान हो गए हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों से जुड़े छोटे-छोटे नन्हे-मुन्हे बच्चों को भगवान कृष्णा के बाल लीलाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा बालकृष्ण की जीवनी को याद करते हुए अच्छे खासे नृत्य भी किया गया,



जो बेहद ही मनोरंजन एवं मनमोहक रहा। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थित ग्रामीण जनता को पोषण अभियान एवं 20 सितंबर से शुरू होने वाली फाइलेरिया कृमि के संबंध में भी विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया।श्रीकृष्ण-जन्मोत्सव मनाने वालो में आंगनवाड़ी केंद्र शिवपुर 140, भड़कुरिया 144, इन्द्रार्थ कला 25, मोरौना 128, बिक्रमगंज नट टोला 93, नोनहर 09, नोनहर 130, कोल्हा 13, रमन डिहरा 54, रेडिया 65, रकसिया 79, अमाथु 27, दुगार्डीह 69, खिरोधरपुर 62, कुसुमहरा 01, मानी 55, धारुपुर 110, पतरावल 143, शांतिनगर 116, तेंदुनी आसकामिनी नगर 87,आनंदनगर 84, ढिबरा मुहल्ला पुराना बाजार 109 के अलावे प्रखंड क्षेत्र की अन्य सभी आंगनवाड़ी केंद्र शामिल है।

# नेहरु युवा केंद्र के तहत आदर्श युवा क्लब के सदस्यों ने एक मुट्ठी चावल किया एकत्रित

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र रोहतास सासाराम के द्वारा करगहर प्रखंड के आदर्श युवा क्लब शिवपुर के सदस्यों द्वारा शिवन पंचायत के शिवपुर गांव मे आजादी के अमृत महोत्सव व देश की राजधानी नई दिल्ली मे वीरो के बलिदान के सम्मान एवं अमृत वाटिका के निर्माण करने के लिए " मेरी माटी मेरा देश " कार्यक्रम अंतर्गत घर - घर जाकर एक मुट्ठी चावल संग्रहित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व सुनिल पाण्डेय पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ने की। इस अभियान में अनुपम कुमार पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक




सह प्रशिक्षक नेहरू युवा केंद्र रोहतास ने बताया कि " मेरी माटी मेरा देश " के तहत अमर शहीद बलिदानो के सम्मान मे प्रत्येक घर से एक एक मुट्ठी माटी या चावल संग्रहित कर के नेहरू युवा केंद्र रोहतास के द्वारा दिल्ली भेजा जाएगा और अमृत कलश स्थापित कर अमृत वाटिका तैयार होगा। मौके पर पंकज कुमार प्रियांशु (निदेशक प्रशासन एवम लेखा) ग्रामोदय सेवा संस्थान करगहर सिरिसिया उमेश कुमार पाल, रोहित कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, पिंटू सिंह, अनुप कुमार, नितीश कुमार, सुनिल कुमार यादव, हेमंत कुमार, हरेन्द्र यादव , प्रियांशु कुमार तिवारी तथा कई अन्य युवा एवं अभिभावक का सहभागिता रहा।

# सरस्वती विद्या मंदिर में हुई जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों की प्रतियोगिता

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता,तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के छात्र- छात्राओं ने श्रीकृष्ण, राधा रानी, आदि अलग अलग रूप धारण कर प्रतियोगिता में भाग लिया। साथ ही रास लीला एवम् नृत्य का भी प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का समापन कृष्ण आरती से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन थानाध्यक्ष कृपाल जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य जंगलेश प्रसाद चौरसिया तथा वैभव कुमार मौजूद थे।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र- छात्राओं के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथि का स्वागत परिचय प्रधानाचार्य धनंजय शर्मा ने कराया। झाँकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों मे कक्षा नर्सरी से प्रभात सानवी कुमारी प्रथम, आकर्ष कुमार द्वितीय, निहारिका कुमारी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार राजश्रेष्ठ को दिया गया। कक्षा प्रथम से द्वितीय वर्ग में प्रथम वैभव राज, द्वितीय शिवानी कुमारी, तृतीय आरोही कुमारी को पुरस्कार दिया गया। मौके पर अभिभावकों, शिक्षक शिक्षिका सहित सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

# सर्वजन सनातन पार्टी ने सनातन धर्म पर भड़काऊ बयान का किया गया विरोध

**दैनिक समाज जागरण डिहरी ऑन सोन रोहतास**

तमिलनाडु के सी.एम.एमके स्टालिन के बेटे द्रमुक नेता और राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिने द्वारा सनातन धर्म की तुलना डेंगू ,मलेरिया और कोरोना से करने के साथ ही सनातन धर्म को मिटाने का जो नफरती भड़काऊ बयान दिया गया है। वह सनातनियों को अपमानित करने का राष्ट्रविरोधी कार्य किया है। सर्वजन सनातन पार्टी न केवल इसकी घोर निंदा करती है बल्कि इनके खिलाफ विधिसम्मत सभी कानूनी लड़ाई लड़ने की घोषणा करती है। सनातन धर्म को समाप्त करने के आह्वान के दृष्टिगत समस्त सनातनियों से इन जैसे नेताओं को सबक सिखाने हेतु एकजुट होने की अपील करती है। सर्वजन सनातन पार्टी के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी पं रंगनाथ तिवारी ने कहा कि सीएम एमके स्टालिन तथा उनके बेटा उदय स्टालिन को भारत वर्ष के सभी सनातनियों से माफी मंगनी पड़ेगी। अगरे वे माफी नहीं मांगते हैं तो सर्वजन सनातन पार्टी उनपर मुकदमा दर्ज कराएंगी। सनातन धर्म अनादिकाल से है और इसका कभी अंत नहीं हो सकता है। इसका अंत करने वाले समाप्त हो जाएंगे।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 ट्रॉफी का अनावरण एस के मिशन स्कूल के निदेशक अजय सिन्हा एवं पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने संयुक्त रूप से की

**सात विधाओं में से कम से कम तीन विधाओं में विजेता बने विद्यालय को ओवर ऑल चैंपियन्स विद्यालय को दी जाएगी 5 फीट वाली विशाल ट्रॉफी**

**निर्धारित नगद पुरस्कार राशि को अंडर 11, अंडर 16 आयु वर्ग एवं ओपन टू ऑल में विभक्त किया गया है।**

**बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस बालक एवं बालिका वर्ग में फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता बालक वर्ग में अंडर 11, अंडर 16 आयु वर्ग के साथ - साथ ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली जाएगी**

**पूर्णियां।**

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 की शुरूआत दिनांक 29 सितम्बर से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया से होने जा रही है। पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता छः चरणों में खेली जाएगी। प्रथम चरण में 10+2 विद्यालय के अंडर 11 अंडर, 16 आयु वर्ग साथ - साथ ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली जाएगी। प्रतियोगिता में बैडमिंटन,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल,शतरंज, टेबल टेनिस एवं द्वितीय चरण में फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर 11 अंडर 16 आयु वर्ग के साथ - साथ क्रिकेट प्रतियोगिता ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली जाएगी। रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। इच्छुक टीम समय से रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा कर दें। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता छः चरण में खेली जाएगी। प्रथम चरण विद्यालयों के बालक एवं बालिका वर्ग में



बैडमिंटन,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस आदि खेलों से प्रतियोगिताओं से प्रारंभ होगी। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 को सभी के सहयोग से और बेहतर आयोजन बनाया जा रहा है। ट्रॉफी अनावरण के अवसर पर उपस्थित शिक्षाविद व एस के मिशन स्कूल के निदेशक श्री अजय सिन्हा, पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा, श्री मती स्वाति वैश्यंत्री, मिथलेश राय, अविनाश कुमार मिश्रा, सिस्टर बंदिता, अब्बू आलम, मो मंजर मोहशिम, सैदय जब्बार हुसैन, एस एस सिंह गुड्डू, जितेंद्र कुमार सिन्हा गोपी, प्रमोद पंसारी, सुनील सुमन, स्वरुप कुमार दास, बिमल मुकेश, मुरारी झा , अमृत कुमार , अक्षय कुमार सिन्हा, राजेश कुमार साह, हरिओम झा, सलोनी गोलछा राजीव कुमार, बब्लू चौधरी के साथ - साथ पनोरमा स्पोर्ट्स आयोजन समिति सदस्य आदि उपस्थित थे। मौके पर ट्रॉफी अनावरण के अवसर पर उपस्थित शिक्षाविद व एस के मिशन स्कूल के निदेशक श्री अजय सिन्हा एवं गणमान्य खेल प्रेमियों ने इतने बड़े पैमाने पर पनोरमा स्पोर्ट्स के आयोजन के लिए पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा " सर " की भूरी - भूरी प्रशंसा की।

# तेलंगाना राज्य के 40 जातियों को पिछड़ा वर्ग के केंद्रीय सूची में शामिल करने हेतु राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने दिल्ली में जन सुनवाई की गई

तेलंगाना राज्य के 40 जातियों को पिछड़ा वर्ग के केंद्रीय सूची में शामिल करने हेतु राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने दिल्ली में जन सुनवाई की गई। दिनांक 5.9.2023 को सुबह 11.00 बजे से लेकर 3.00 बजे तक, महाराष्ट्र सदन में तेलंगाना राज्य के 40 जातियों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने हेतु यह जन सुनवाई आयोजित की गई थी।

# युवा समाजसेवी के भतीजे का मनाया गया पहला जन्मदिन , वृक्ष लगाकर मनाया गया पहली वर्षगांठ

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करगहर पांडेय पुल के समीप मंगलवार की देर शाम युवा समाजसेवी राहुल पांडेय के भतीजा ओम जी उर्फ पंडित की पहली वर्षगांठ मनाई गई। जहां मौके पर शाहाबाद प्रक्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार पांडेय उर्फ सोनू पांडेय ने पहुंचकर ओम जी को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान ओम जी के पहली वर्षगांठ नयाब तरीके से



मनाया गया, जहां जन्मदिन के मौके पर ओम पांडेय उर्फ पंडित के पिता मिथलेश पांडेय के द्वारा उपस्थित सभी लोगों के साथ एक वृक्ष लगाकर केक काटा गया। मौके पर अजय पांडेय, रविंद्र पांडेय, संतोष पांडेय, कुंदन मिश्रा सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए। विदित हो कि युवा समाजसेवी राहुल कुमार पांडेय के भाई मिथलेश पांडेय उर्फ टुनटुन पांडेय एक भोजपुरी के गायक है।

# पति को छोड़ तीन बच्चों के साथ फरार युवती को प्रेमी संग कोचस पुलिस ने की बरामद

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत कोचस नगर पंचायत के स्थानीय वार्ड नंबर 10 से गत एक सितंबर को अपने तीन बच्चों के साथ फरार मां को पुलिस ने बक्सर जिले के धनसोई थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसी कला गांव से बुधवार को बरामद कर लिया है।दोनों फरार प्रेमी को कोचस पुलिस द्वारा थाना पर लाए जाने के बाद महिला को 164 के बयान के लिए सासाराम न्यायालय व महिला को भगाने के आरोप में प्रेमी बक्सर निवासी चितरंजन राम को कानूनी कार्यवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा



जाएगा।इस संबंध में थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि स्थानीय वार्ड दस निवासी महिला के पति द्वारा गत एक सितंबर को पत्नी के किसी व्यक्ति के साथ भाग जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी।घटना की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए पुलिस द्वारा कार्यवाई के तहत दोनो को उक्त गांव से धर दबोचा।युवक महिला को लेकर उक्त गांव में अपने रिस्तेदार के यहां रहता था। फिलहाल कोचस पुलिस अन्य दृष्टिकोण से पूछ ताछ कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

# चोरी गई मोबाईल और साइकिल के साथ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाने की पुलिस ने बुधवार को छापेमारी कर कुछिला गांव के विद्यालय में छिपे एक व्यक्ति के पास से चोरी के एक साइकिल व एंड्राइड मोबाइल को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि बुधवार के दिन कोचस थाने के कुचला गांव में एक व्यक्ति ने साइकिल व एंड्राइड मोबाइल चोरी कर ली थी, जिसमें पीड़िता कुछिला निवासी रवि कुमार यादव ने थाने में आवेदन के माध्यम से चोरी की नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तभी कोचस पुलिस ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए उक्त गांव में छापेमारी की। जिसमे कुछिला गांव के विद्यालय में छिपे कुछिला निवासी मोहित कुमार राय के पास से चोरी की साइकिल व एंड्राइड मोबाइल को बरामद कर लिया है। वही कोचस पुलिस ने आरोपी को अपने हिरासत मे ले अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# घर से गायब किशोरी को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ही किया बरामद

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत नटवार थाना क्षेत्र के एक गांव से मंगलवार की रात भगाई गई एक किशोरी को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर सासाराम से बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया लड़की के पिता के द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिक दर्ज करते हुए तकनीकी अनुसंधान के आधार पर लड़की को लड़का के साथ सासाराम से बरामद कर लिया गया है। लड़की को 164 के बयान दर्ज करने के लिए कोर्ट में सुपुर्द कर दिया गया है,वही लड़का को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बिक्रमगंज स्टांप होटल में ठेकेदार सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी,बिक्रमगंज रोहतास**

स्थानीय शहर के आरा रोड अवस्थित स्टांप होटल में ठेकेदार सम्मान समारोह( डालमिया सीमेंट) जय बजरंग ट्रेडर्स के सौजन्य से आयोजित की गई।जिस कार्यक्रम में अमृत राज आनंद एरिया सेल्स मैनेजर, समीर खान एरिया सेल्स ऑफिसर, अमित कुमार सिंह इंजीनियर, सुधीर कुमार इंजीनियर, पंकज कुमार इंजीनियर, संदीप दुबे सेल्स रिप्रेजेंटेटिव सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। जिस कार्यक्रम में संबंधित विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदारों में अरविंद कुमार को सैंसुइ कंपनी का लेड टीवी, श्रीभगवान शर्मा को फ्रिज, नसीम अंसारी एवं



विजय कुमार को मोबाइल, भोला साह को जूसर मशीन, रविशंकर प्रसाद को ट्रॉली बैग, बलदेव चौधरी को मिक्सर फाइंडर, मुन्ना कुमार को इंडक्शन, पीर मोहम्मद को मिक्सर थ्राइइंडर सहित अन्य ठेकेदारों को अन्य उपस्करों के साथ सम्मानित किया। साथ ही संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों ने सभी ठेकेदारों को अपने कार्य क्षेत्र में ईमानदारी और सच्ची लगन के साथ कार्य करने को कहा। मौके पर सभी अधिकारी एवं ठेकेदार लोग उपस्थित थे।

# अपराधियों ने चलाई दो लोगो पर ताबड़तोड़ गोलियां, एक की हालत गंभीर

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,व्यूरो रोहतास**

रोहतास जिले अपराधियों के हौसले बुलंद है। जिले में अपराधी प्रतिदिन बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बुधवार की शाम को भी कार सवार अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार कर घायल कर दिया। घटना सासाराम के दरिगांव थाना क्षेत्र स्थित चंद्रवंशी नगर के समीप अवधूत राम कॉलोनी की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार अपराधियों ने दो युवकों पर ताबड़तोड़ गोली चलाने लगे। जिसमे एक युवक के सीने में तीन गोली लगी है। दोनों घायल युवकों को सासाराम सदर अस्पताल के ट्रांस सेंटर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने दोनो की नाजुक हालत देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया। घायल दोनो युवक खैरा गांव निवासी स्व. भगवान गिरी का पुत्र लल्लू गिरी एवं मदन सिंह का पुत्र मंतोष कुमार बताएं जाते हैं। वहीं घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैली हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार किसी पुरानी रंजिश को लेकर दोनों युवकों को गोली मारी गई है। फिलहाल पुलिस हर पहलू को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

# मंडल कारा बांका में स्मार्ट क्लास हाईटेक सेलून एवं तृप्ति कारा कैंटीन का डीएम एवं एसपी ने किया उद्घाटन

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) हाईटेक सेलून एवं तृप्ति कारा कैंटीन का डीएम व एसपी ने किया उद्घाटन मंडल कारा बांका में कैदियों को अब सभी सुविधा मिलने वाली है इसके लिए जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय के द्वारा कई कार्य किया जा रहे हैं वही शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर स्मार्ट क्लास हाईटेक सेलून एवं तृप्ति कारा कैंटीन का उद्घाटन डीएम अंशुल कुमार द्वारा एवं एसपी फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया डीएम ने कैदियों से कहा आप लोगों को सभी सुविधा मिले इसके लिए कार्य किए जा रहे हैं स्मार्ट क्लास में जो बंधिया को शिक्षा लेना है वह ले सकते हैं तृप्ति कारा कैंटीन मैं खाने से लेकर अन्य सामान भी मिलेगी!



## भाजपा फैला रही है धार्मिक उन्माद ,राजेश तिवारी

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी**

गोपालगंज( बिहार )जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि देश आज विषम परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। आवाम को सच्चाई से दूर किया जा रहा है। वर्तमान सरकार विकास के मुद्दे से जनता का ध्यान हटाने के लिए गाय, गोबर, मन्दिर-मस्जिद जैसे धार्मिक उन्माद खड़े कर रही है। जब से भाजपा एवं आर-एसएस की सरकार सत्ता में आई है,तब से लगातार धार्मिक उन्माद फैलाकर देश की सामाजिक और संस्कृति परिदृश्य बदल कर भारत की संविधान को बदलने की साजिश रची जा रही है। भाजपा दलितों व गरीबों को शिक्षा , रोजगार व आवास उत्पीड़न जैसे मुद्दों से धार्मिक उन्माद फैलाकर भटका रही है।श्री तिवारी ने कहा जैसे-जैसे लोकसभा का चुनाव 2024 नजदीक आ रहा है भाजपा अपने धार्मिक एजेंडे पर काम करना शुरू कर दिया है उसका मकसद समाज में नफरत फैलाना गंगा जमुनी तहजीब को नष्ट करना तथा अपने चुनावी फायदा के लिए जाति और मजहब का लड़ाई खाई डालना होगा लेकिन इस बार देश की जनता ने यह तय कर लिया है 2024 भाजपा मुक्त देश होगा तथा समतामूलक समाज का स्थापना करने वाला एवं सब को लेकर चलने वाला एक ऐसी सरकार 2024 में बनेगी जो देश को विकास के रास्ते पर ले जाएगी तथा आपसी भाईचारा कायम होगा महंगाई आज चरम सीमा पर है जनता महंगाई की मार से कराह रही है लेकिन केंद्र सरकार व्यापारियों तथा पूजीपत्ती मित्रों को मदद करने में लगी हुई है आज डॉलर के मुकाबले रुपया का गिरना तथा विदेशी कर्ज का बढ़ना यह देश के लिए चिंता का बात है किसान मजदूर तथा गरीब तबका अपने आप को असहाय एवं थका हुआ महसूस कर रहा है केंद्र सरकार इन लोगों के लिए सिर्फ और सिर्फ सपने दिखाने तथा जुमला बाजी करने के सिवाय कुछ नहीं किया है लेकिन आने वाला समय इन लोगों को सबक सिखाएगी



## जाति आधारित जनगणना को लेकर भाजपा के विरोध में जनता दल यूनाइटेड ने निकाला मशाल जुलूस व कैंडल मार्च

**समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर (बिहार )भाजपा की जनविरोधी केंद्र सरकार द्वारा जाति आधारित गणना रोकने का षड्यंत्र एवं अन्य जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आज जिला जनता दल यूनाइटेड भागलपुर 'पोल खोल अभियान' के तहत विशाल "मशाल जुलूस" एवं "कैंडल मार्च" का आयोजन किया । यह जुलूस 6 बजे शाम में खलीफाबाग चौंक से स्टेशन चौंक होते हुए कोतवाली चौंक होते हुए खलीफाबाग चौंक पर समापन हुआ ।इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार विरोधी जोरदार नारा से सड़क गूंज रहा था ।सभी कार्यकर्ता जोश से भरे हुए थे और मोदी सरकार के दोहरे चरित्र की पोल खोल नारे लगाए जा रहे थे। इसमें पार्टी के प्रमंडलीय कार्यक्रम प्रभारी प्रह्लाद सरकार, जिलाध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह, नगर अध्यक्ष राजदीप राजा, सांसद अजय मंडल, विधायक ललित मंडल, प्रवक्ता शिशुपाल भारती, महिला अध्यक्ष सोनी कुमारी



## डेंगू , मलेरिया, टायफाइड जैसे बीमारियों से बचाव हेतु ब्लीचिंग छिड़काव के लिए चिकत्सा प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/ अमन चौरसिया**

पीरपैंती (बिहार) बाराहाट पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्काउट गाइड के जिला प्रशिक्षक के द्वारा रेफरल अस्पताल चिकत्सा प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया कवही बताया गया कि लगातार जल जमाव के कारण मलेरिया,टायफाइड डेंगू,हैजा जैसी खतरनाक बीमारियों से लोग पीड़ित होते जा रहे हैं क वहीं चिकत्सा प्रभारी डॉ सुकेश कुमार के द्वारा लोगों को आश्वासन दिया गया की बहुत जल्द बाराहाट पंचायत में छिड़काव किया जाएगा साथ ही अन्य पंचायतों में भी छिड़काव की जाएगी, मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बबलू साह, श्रवण कुमार, संतोष कुमार,जय प्रकाश दास,तमीज अंसारी एवं स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद उपस्थित रहे



## इंडियन पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बच्चों ने दिखाएं अपने मॉडलिंग

**दैनिक समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर- (बिहार) गुरुवार को बिहपुर प्रखंड के इंडियन पब्लिक स्कूल मड़वा में कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर कक्षा प्ले से कक्षा पांच वीं तक के बच्चों के लिए रूप सज्जा व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित किया गया ।जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी बच्चे में उत्साह का एक अलग माहौल देखने को मिला । इंडियन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य बसंत भारद्वाज उन सभी अभिभावक को विद्यालय प्रबंधन की ओर से बहुत -बहुत धन्यवाद कहा जिन्होंने अपने बच्चों को विभिन्न रूप में सुसज्जित करके भेजे। वही कक्षा 6 से 10 वीं तक के बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट बनाए जिसमें चन्द्रयान ककक का मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा।

इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य बसंत भारद्वाज ,शिक्षक रामनिवास , आशीष , अजीत , प्रकाश , पियूष , सन्नी , शिक्षका सुप्रिया ,राजनंदनी , चाहत कुमारी एवं विद्यालय के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# शिक्षक दिवस पर भी 0पी0कैरियर कई संस्कृति कार्यक्रम का प्रस्तुत किया गया

**समाज जागरण लालू कुमार यादव**

चकाई (बिहार )प्रखंड के विभिन्न निजी एवं सरकारी शिक्षण संस्थाओं में शिक्षक दिवस उल्लास से मनाया गया।शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक-गुरु परंपरा को यादगार बना दिया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गीत, लघु नाटिका, कविताओं का पाठ से गुरुजनों को भाव विभोर कर दिया। छात्रों ने शिक्षकों को उपहार प्रदान किए और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। शिक्षकों ने भी छात्रों को शुभकामनाएं देकर उज्वल भविष्य की कामना की।

प्रखंड के बीचकोड़वा के नावाडीह गांव स्थित भी. पी. कैरियर स्कुल में मंगलवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई।इस मौके पर स्कूल के छात्र झ छात्राओं द्वारा कई रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।मौके पर टी. डी. वनवासी विकास +2 विचकोड़वा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा की ज्योत जलाकर ही हम



ज्ञान रूपी प्रकाश को जन-जन तक फैला सकते हैं। पुनीत कार्य में ज्ञान प्रदाता शिक्षकों की अहम भूमिका होती है।वर्तमान समय में शिक्षक विद्यार्थी के संबंधों में विश्वास और स्नेह होना आवश्यक है। आगे कहा की शिक्षक माली की तरह बच्चों में संस्कारों को सींचते हैं। स्कुल के डायरेक्ट पंकज कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं। गुरु के बिना ज्ञान की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। प्रिंसिपल विकास कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए डा. राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने की सलाह दी।कार्यक्रम में शिक्षक उदय शंकर,पूर्व मुखिया राजू कोल, समाजसेवी बालदेव यादव, मंटेश्वर सिंह,यशवंत सिंह, लालू यादव, विकाश यादव, रोहित कुमार वर्णवाल, राजेश कुमार, विजय यादव, पिंटू यादव, संजय कुमार यादव,उमेश डॉक्टर,सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश कुमार गुप्ता, गोविंद कुमार हांसदा, सुभाष कुमार, असलम अंसारी, मणिलाल हांसदा, कविता कुमारी, पुष्पा कुमारी सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्ची एवं गन्यमान लोग मौजूद थे।

# जिलाधिकारी द्वारा डेंगू एवं मौसम जनित्र अन्य रोगों से बचाव के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य रथ से प्रचार किया गया

**समाज जागरण कार्यालय**
**संवाददाता दिलीप कुमार साह**

भागलपुर (बिहार)जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन कि अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वर्षा जनित रोग यथा- डेंगू, मलेरिया इत्यादि से सफलतापूर्वक निपटने हेतु किये जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं यथोचित दिशा निदेश दिये गये। समीक्षा क्रम में अधीक्षक मायागंज अस्पताल द्वारा जानकारी दी गई कि डेंगू, मौसम जनित अन्य रोगों के उपचार हेतु अस्पताल द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहें है। वर्तमान में 100 बेड डेंगू रोगियों के उपचार हेतु सुरक्षित किये गये हैं,जिसे अविलम्ब 150 कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने अधीक्षक मायागंज अस्पताल को निदेशित किया कि डेंगू एवं मौसम जनित अन्य रोग से ग्रसित रोगीयों बेहत्तर से बेहत्तर चिकित्सा सुविधा उपलब कराने हेतु ठोस प्रयास सुनिश्चित की जाय,रोगियों की चिकित्सा व्यवस्था में किसी तरह की कोताही न हो, इसे सुनिश्चित करना अनिवार्य एवं अपेक्षित होगा। यह भी निदेश दिया गया कि आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु न्यूनतम 20 बेड तैयार रखी जाय। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभर कर समाने आया कि सदर अस्पताल में भी में डेंगू से ग्रसित रोगियों की चिकित्सा हेतु उत्तम व्यवस्था की गई है। वर्तमान में सदर अस्पताल में डेंगू रोगियों हेतु 25 बेड सुरक्षित है,जिसे बढ़ाने का निर्देश दिया गया



है।तदनुसार अविलम्ब बेड की संख्या 35 किया जाना प्रस्तावित है। सदर अस्पताल में 53 डेंगू रोगियों चिकित्सा की गई है। जिसमें से अधिकांश स्वस्थ्य हो गये हैं।डेंगू से बचाव हेतु किए जा रहे प्रयासों क्रम में नगर निगम द्वारा प्रतिदिन 16 वार्डो में फोगिंग की व्यवस्था की गई। साथ ही एंटी लार्वा कैंपेन हेतु सतत प्रयास किए जा रहे है।जिलाधिकारी ने समीक्षा क्रम में डेंगू एवं मौसम जनित अन्य रोगियों को उत्तम चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है,लापरवाही की स्थिति में कड़ी कारवाई की जाएगी।बैठक में संबंधित एजेंसियों को निदेश दिया गया कि योजना क्रियान्वयन क्रम में खोदे गये गढ़े को अविलम्ब भर दिया जाय, ताकि जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न हो एवं आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो।संबंधित एजेंसियों द्वारा निर्देश अनुपालन में शिथिलता को अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा,तदनुसार आर्थिक दंड अध्यारोपण सहित अन्य यथोचित कारवाई की जाएगी।परियोजना निदेशक बुडको, अनुमंडल पदाधिकारी सदर को इस कार्य के सतत पर्यवेक्षण हेतु निदेशित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा डेंगू एवं मौसम जनित अन्य रोगों से बचाव के संबंध में जागरूकता के उद्देश्य से प्रचार रथ का परिचालन किया जा रहा है। प्रचार रथों को जिलाधिकारी द्वारा झंडा दिखा कर आज रवाना किया गया। प्रचार रथ तयशुदा रूट चार्ट के अनुसार सभी वार्डों में डेंगू से बचाव हेतु जागरूकता संबंधी प्रचार प्रसार का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू से बचाव हेतु आवश्यक है कि आस पास के क्षेत्रों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न हो, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग किया जाय एवं अन्य सुरक्षात्मक मानकों का अक्षरशः पालन किया जाय।

# ब्राह्मण समाज संघ ने राष्ट्रकल्याण में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता**
**कन्हैया खंडेलवाल**

कहलगांव (बिहार ) ब्राह्मण समाज संघ ने शहर स्थित एक भवन में ब्राह्मण बंधूओ की एक बैठक आयोजित की गई, आए हुए सभी ब्राह्मण बंधूओ का स्वागत मीनल कुमारी बबीता कुमारी और काजोल कुमारी ने तिलक लगाकर किया स्वागत के दौरान काजोल कुमारी ने कहा की स्वर्ग में ब्रह्मा और पृथ्वी पर ब्राह्मण देवता तुल्य हैं और यह हमेशा पूजनीय है कबैठक का प्रारंभ गायत्री मंत्र के पाठ से किया गया, बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर उपस्थित ब्राह्मणो ने अपने-अपने विचार रखें, सर्वप्रथम बैठक में सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि ब्राह्मण समाज संघ के द्वारा गौ गंगा गायत्री गुरू और ज्ञान से संबंधित कार्य को किया जाए और वैसे ब्राह्मण जो पथभ्रष्ट हो गए हैं या अपने धर्म करम से किसी कारणवश विमुक्त हो रहे हैं उनको वापस धर्म और कर्म की मुख्य धारा से जोड़ा जाए, ब्राह्मण समाज संघ के संस्थापक जयप्रकाश जोशी ने कहा कि स्वर्णो मे एक जाति आती है ब्राह्मण, जिस पर सदियों से राक्षस दैतय यवन मुगल अंग्रेज राजनीति पार्टी आक्रमण करते आ रहे हैं, जबकी ब्राह्मणों ने समाज को और राष्ट्र को कई तरह के शास्त्र और शस्त्र उपलब्ध करवाए हैं जैसेः- यंत्रसर्वस्वम् (इंजीनियरिंग का आदि ग्रन्थ)-भरद्वाज, वैमानिक शास्त्रम् (विमान बनाने हेतु)-भरद्वाज, सुश्रुतसंहिता (सर्जरी चिकित्सा)-सुश्रुत, चरकसंहिता (चिकित्सा) -चरक, अर्थशास्त्र(जिसमें सैन्यविज्ञान, राजनीति, युद्धनीति, दण्डविधान, कानून आदि कई महत्वपूर्ण विषय हैं)- कौटिल्य, आर्यभटीयम् (गणित)- आर्यभट्ट्। ऐसे ही छन्दशास्त्र, नाट्यशास्त्र, शब्दानुशासन, परमाणुवाद, खगोल विज्ञान, योगविज्ञान सहित प्रकृति और मानव कल्याणार्थ समस्त विद्याओं का संचय अनुसंधान एवं प्रयोग हेतु ब्राह्मणों ने अपना पूरा जीवन भयानक जंगलों में, घोर दरिद्रता में बिताए। उसके पास दुनियाँ के प्रपंच हेतु समय ही कहाँ शेष था? कोई बताएगा समस्त विद्याओं में प्रवीण होते हुए भी, सर्वशक्तिमान् होते हुए भी ब्राह्मण ने पृथ्वी का भोग करने हेतु गद्दी स्वीकारा होह्व? विदेशी मानसिकता से ग्रसित कमनिष्ठों (वामपंथियों) ने कुचक्र रचकर गलत तथ्य पेश किए ।आजादी के बाद इतिहास संरचना इनके हाथों सौपी गई और ये विदेश संचालित षड़यन्त्रों के तहत देश में जहर बोने लगे। ब्राह्मण हमेशा से यही चाहता रहा है कि हमारा राष्ट्र शक्तिशाली हो अखण्ड हो, न्याय व्यवस्था सुदृढ़ हो। *सर्वे भवन्तु सुखिनःसर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत्। का मन्त्र देने वाला ब्राह्मण, वसुधैव कुटुम्बकम् का पालन करने वाला ब्राह्मण सर्वदा काँधे पर जनेऊ कमर में लंगोटी बाँधे एक गठरी में लेखनी, पंचांग, पत्ते, कागज, और पुस्तक लिए चरैवेति-चरैवेति का अनुशरण करता रहा। मन में एक ही भाव था लोक कल्याण! ऐसा नहीं कि लोक कल्याण हेतु मात्र ब्राह्मणों ने ही काम किया। बहुत सारे ऋषि, मुनि, विद्वान्, महापुरुष अन्य वर्णों के भी हुए जिनका महत् योगदान रहा है, आज ब्राह्मणों को फिर से अपने खोई हुई गरिमा को वापस प्राप्त करना है जिसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना है, वही होम्योपैथिक चिकित्सक ब्राह्मण डॉक्टर विप्लव प्रसाद चौधरी ने कहा कि आज जिस देश की शक्ति के संचार में ब्राह्मणों के त्याग तपस्या का इतना बड़ा योगदान रहा। जिसने मुगलों यवनों, अंग्रेजों और राक्षसी प्रवृत्ति के लोंगों का भयानक अत्याचार सहकर भी यहाँ की संस्कृति और ज्ञान को बचाए रखा। वेदों, शास्त्रों को जब जलाया जा रहा था तब ब्राह्मणों ने पूरा का पूरा वेद और शास्त्र कण्ठस्थ करके बचा लिया और आज भी वे इसे नई पीढ़ी में संचारित कर रहे हैं वे सामान्य कैसे हो सकते हैं..? उन्हें सामान्य जाति का कहकर आरक्षण के नाम पर सभी सरकारी सुविधाओं से रहित क्यों रखा जाता है? वही ब्राह्मण समाज संघ के संस्थापक कन्हैया खंडेलवाल ने कहा कि ब्राह्मण अपनी रोजी रोटी कैसे चलाए जबकी ब्राह्मण को देना पड़ता हैः- पढ़ाई के लिए सबसे ज्यादा फीस, काम्प्टीशन



के लिए सबसे ज्यादा फीस, नौकरी मांगने के लिए लिए सबसे ज्यादा फीस, और सरकार की सारी सुविधाएँ अन्य वर्ग या अल्पसंख्यक के नाम पर पूँजीपति या गरीब के नाम पर अयोग्य लोंगों को दी जाती हैं, इस देश में गरीबी से नहीं जातियों से लड़ा जाता है। एक ब्राह्मण के लिए सरकार कोई रोजगार नही देती कोई सुविधा नही देती। एक ब्राह्मण बहुत सारे व्यवसाय नहीं कर सकता जैसेः- पोल्ट्रीफार्म, अण्डा, मांस, मुर्गीपालन, कबूतर पालन, बकरी, गदहा, ऊँट, सुअरपालन, मछलीपालन, जूता, चप्पल, शराब आदि, बैण्डबाजा और विभिन्न जातियों के पैतृक व्यवसाय, क्योंकि उसका धर्म एवं समाज दोनों ही इसकी अनुमति नही देते! ऐसा करने वालों से उनके समाज के लोग सम्बन्ध नहीं बनाते व निकृष्ट कर्म समझते हैं। वो शारीरिक परिश्रम करके अपना पेट पालना चाहे तो उसे मजदूरी नही मिलती। क्योंकि लोग ब्राह्मण से सेवा कराना पाप समझते है। हाँ उसे अपना घर छोड़कर दूर मजदूरी, दरवानी आदि करने के लिए जाना पड़ता है। आज वर्तमान में ही देखा जाए तो कहलगांव के कूछ व्यावसायिक वर्ग मारवाड़ी समाज एवं अन्य घनाघय लोग भी ब्राह्मण वर्गों की उपेक्षा करते नजर आते हैं देखा जाए तो अभी वर्तमान में रक्षाबंधन के समय ब्राह्मण वर्ग आशीर्वाद देने के लिए व्यवसायीक वर्ग एवं मारवाड़ी समाज के घरों में जाकर रक्षा सूत्र बांधते हुए आशीर्वाद देते थे और कहते थे दीनबंधु बलि राजा दानवेंद्रो महाबलः दानवेंद्रो मां चल मां चल का मंत्र जाप करते हुए रक्षा सूत्र बांधते थे और बदले में दांत दक्षिण प्राप्त करते थे, जो की अब कुछ व्यापारी वर्ग एवं मारवाड़ी समाज द्वारा ब्राह्मणों और गायों की उपेक्षा करने के कारण हिंदुओं के धर्म का यह कर्म जो वैदिक काल से करते आ रहे थे वर्तमान में उसे खत्म हुआ देखकर काफी आहत है, वही ब्राह्मण पुजारी अगर मंदिर में सेवायत रहकर कार्य करता है या यजमानों तथा व्यापारी वर्ग आदि की आवश्यकता से संबंधित धार्मिक अनुष्ठानों का कार्य पूरा करता है तो ज्यादातर पुजारी को उचित मजदूरी में नहीं मिलती अब सवाल उठता है ऐसा क्यों हो रहा है जिसने संसार के लिए रात दिन इतनी कठिन तपस्या की उसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों जिसने शिक्षा को बचाने के लिए सर्वसव त्याग दिया उसके साथ इतनी भयानक अत्याचार क्यों अतः हम सभी लोग ब्राह्मण है हमें किसी भी जाति विशेष से द्वेष नहीं है हमने शास्त्रों को जीने का प्रयास किया है धर्म के रासते पर जीने का मार्ग प्रशस्त किया है अतः हमारे सनातन धर्म संबंधी परंपरा व संस्कृति की रक्षा करने पर व पूजा पद्धति के कार्यों को करने के बाद भी उचित मेहनताना प्राप्त न होने के कारण हमारा उपहार होता है हम कब तक इस उपहास को बर्दाश्त करेंगे, विश्व की सबसे समृद्ध और एकमात्र वैज्ञानिक भाषा संस्कृत को हम ब्राह्मण पुजारी ने ही अब तक बचा कर रखा है फिर भी हमें हेय दृष्टि से क्यों देखा जाता है आखिर अन्य जाति के लोग धर्म के कार्यों से क्यों विमुख होते जा रहे हैं जबकि धर्म की नींव ही धार्मिक कार्यों पूजा अनुष्ठानों गौ गंगा गायत्री गुरु आदि वगैरह से हैं, इसलिए कहलगांव में ब्राह्मण समुदाय की एकता की फौज तैयार हो और आत्मनिर्भर स्वावलंबन बनकर धार्मिक क्रियाकलाप पर से भटकने वाले ब्राह्मण बंधूओ के साथ-साथ अन्य जातियों को भी धर्म के मार्गों पर वापस लाया जाए क्योंकि धर्म बचेगा तभी राष्ट्र बचेगा राष्ट्र बचेगा तो हमसब बचेंगे. कन्हैया खंडेलवाल ने यह भी कहा कि ब्राह्मण समाज के माता बहनों को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाते हुए आर्थिक मदद देकर सवरोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा । साथ ही पुरानी बाजार स्थित महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी श्री संजय झा ने कहा कि इस भागीरथी प्रयास के बहती गंगा तट पर स्थित गुप्तकाशी कहलगांव के धरा पर ब्राह्मणों की यह बैठक मिल का पत्थर साबित होगी और इसका लाभ कहलगांव क्षेत्र के साथ-साथ है संपूर्ण जनमानस को प्राप्त होगा पुजारी संजय झाजी ने कहलगांव शहर में संस्कृत विद्यालय, वैदिक अनुष्ठान कार्यक्रम को बढ़-चढ़कर करने के लिए सभी को प्रेरित किया ताकि धार्मिक कार्य के परंपरा से वंचित लोग अपने धर्म और कर्म के कार्यों से जुड़ सके. ब्राह्मण बंधु अधिवक्ता सचिन मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समुदाय के किसी भी माता बहन भाइयों को कानूनी लिगल सलाह मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी और उनके संबंधित कार्य की बंधूभावना के साथ किया जाएगा। बैठक में कहलगांव ब्राह्मण समाज से पुरुषोत्तम कुमार जोशी गोपाल केदारनाथ जोशी श्याम जोशी सचिन मिश्रा जयप्रकाश जोशी पशुपतिनाथ जोशी श्याम सुंदर शर्मा पवन शर्मा दीपक शर्मा विप्लव कुमार चौधरी गौतम जोशी जितेंद्र कुमार मिश्रा गोविंद कुमार शर्मा पंडित संजय झा टूना मिश्रा सहित दर्जनों ब्राह्मण महानुभाव बंधु उपस्थित हुए। हाईवे सभी ब्राह्मण बांधूओ का पशुपतिनाथ जोशी श्याम सुंदर जोशी पवन शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया।

# एनटीपीसी थर्मल पॉवर प्लांट में काम करने वाले 45 वर्षीय श्याम कुमार सिन्हा पर उनकी पत्नी प्रीति कुमारी ने लगाया गंभीर आरोप

**समाज जागरण**

कहलगाँव (बिहार) थाना क्षेत्र के ओगरी गांव का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है, एनटीपीसी थर्मल पॉवर प्लांट में काम करने वाले 45 वर्षीय श्याम कुमार सिन्हा पर उनकी पत्नी प्रीति कुमारी ने मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है , प्रीति कुमारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया मेरी शादी 6 दिसंबर 2013 को ओगरी निवासी विल्लो मंडल के छोटे बेटे श्याम कुमार सिन्हा से मेरी शादी हुआ था, मेरा पति दो भाई हैं, दोनों भाई एनटीपीसी थर्मल पावर प्लांट में ही नौकरी करता है, बड़ा भाई प्रभाष कुमार सिन्हा भी एनटीपीसी थर्मल पावर प्लांट में 18,000 रुपए महीने की तनख्वाह पर नौकरी करता है, मेरा पति श्याम कुमार सिन्हा 97,000 हजार रुपए हर महीने उठता है, साल में एक बार लाख रूपए कैश एवं दस ग्राम सोना बोनस के तौर पर मिलता है, उसके अलावा पेट्रोल खर्च 3000 रूपए व मोबाइल खर्चा 3000 रुपए मंथली मिलता है, टोटल लगभग एक लाख रुपए की तनख्वाह उठाने वाले श्याम सिन्हा मुझे एक नौकरानी से भी बुरी हालत में ज़िन्दगी जिने पर मजबूर कर दिया है, मैं पिछले पांच-छह सालो से एनटीपीसी थर्मल पॉवर प्लांट के क्वार्टर में अकेली रहती हूं , और श्याम सिन्हा अपनी बड़े भाई भाभी के साथ ओगरी गांव में ही रहता है,

मेरा पति मुझे पिछले पांच सालों से अकेली छोड़कर अपनी भाभी के साथ रहता हैं मैं जब भी इसका विरोध करता हूं तो मेरा पति आग बबूला होकर मेरे साथ मारपीट करने लगता है,

मुझे अक्सर मारपीट करता है, खाना नहीं देता है, कभी कभी मुझे दिनभर के लिए बाथरूम में बंद कर देता है,अक्सर मुझे अपने मायके से पैसा मांगने के लिए दबाव बनाया करता है, मेरे पिता से कई बार श्याम कुमार सिन्हा घर जमीन और गाड़ी खरीदने के नाम पर लाखों रुपए ले चुका है, पहली बार दिनांक 20/10/2013 को गाड़ी खरीदने के नाम पर पांच लाख पांच हजार रुपये, जिसका खाता संख्या 0011454991515 / चेक संख 083642 ये है , दूसरी बार दिनांक 22/11/2013 को खाता संख्या 0011454991515/ चेक संख्या 083644 के माध्यम से एक लाख तीस हजार रुपये





(1,30,000) तीसरी बार 28/04/2017 को खाता संख्या 0011454991515 / चेक संख्या 827471 के माध्यम से एक लाख पचास हजार रुपये (1,50,000) इसके अलावा कैश एवं हाथ पैचा पैसा भी लाखों रुपए लेकर डकार गया है श्याम सिन्हा ! इन पैसों कि मांग जब-जब मैं या मेरे पिता जी करते हैं तब-तब श्याम कुमार सिन्हा एवं उनके परिवार के सभी सदस्य गण मिलकर हमारे साथ मारपीट करते हैं , श्याम कुमार सिन्हा कहलगांव के एनटीपीसी में O&M पद पर कार्यरत हैं जमीन रजिस्ट्री के समय मेरी एवं मेरे मां के दस - दस- भरी सोने की जेवर कहलगांव के कन्हैयालाल ज्वेलर्स के गिरवी रखकर पांच लाख रुपए ले चुके हैं, उसके अलावा सोने की चैन, सोने की अंगूठी, सोने का ब्रेस्लैट, कलर टीवी, वाशिंग, घड़ी, 2,50,000 कैश, एटीएम कार्ड, चेक बुक,पासबुक सब लेकर अपने गांव ओगरी में रहने चले गए ! फिल्हाल पिछले पांच सालों से मेरा खर्चा मेरे पिता उठाते आ रहे है और मैं पांच सालों से कहलगांव के एनटीपीसी क्वार्टर में अकेली रह रही हूं , हॉस्पिटल में मेडिकल ट्रीटमेंट के सहारे जी रही हूं , पांच-छह डॉक्टरों की टीम लगातार मेरी देखभाल कर रही है, करीब-करीब 20-25 हजार रुपए हर महीने दवाई में खर्च होती है ,मेरी हत्या करने के इरादे से मुझपर दो बार जानलेवा हमला भी हो चुका है,

तीसरी बार हमारी हत्या करने की नीयत से थर्ड डिग्री जैसा टार्चर करके मारा-पीटा गया, शरीर के सारे कपड़े खोलकर फेक दिया, मुंह में कपड़ा ठूंस दिया कर हाथ पैर बांध दिया था, और कई घंटों तक श्याम कुमार सिन्हा, उसका उसका बड़ा भाई 50 प्रभाष कुमार सिन्हा, उसकी पत्नी 40 उमा भारती , प्रभाष सिन्हा का बडा.बेटा प्रशांत कुमार सिन्हा, छोटा बेटा राज राही उर्फ छोटू सिन्हा, छोटी बेटी छोटी कुमारी, ननद गीता देवी एवं अन्य परिवार सब मिलकर हमारी हत्या करने के इरादे से हमे मारपीट किया , मुझे पक्का यकीन है की मेरी हत्या करके हमारे पिता से लिए गए पैसे को हड़प करना चाहता है श्याम कुमार सिन्हा !!

वही इस मामले को लेकर श्याम कुमार सिन्हा से जब बात किया गया तो उन्होंने कुछ भी बताने से मना कर दिया और कहा कि मामला कोर्ट में चल रहा हैं

# नगर निगम से फरमान हुआ जारी, पार्षद खेमे में मची हड़कंप, अपनी समस्याओं को लेकर विधायक से मिलने पहुंचे दर्जनों पार्षद

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार) विधायक अजीत शर्मा के कार्यालय में आज 14 से 51 वार्ड के पार्षद अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने पहुंचे थे। बतादे



नगर निगम के द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य हो रहे हैं लेकिन कोई वार्ड में ऐसी साफ सफाई नहीं हो रही है जिससे कि लोग संतुष्ट हो। आम लोग पहले ऐसी समस्याओं को लेकर वार्ड पार्षद के पास पहुंचने थे लेकिन अब वह भी निगम में अपनी समस्या रखने से डर रहे हैं क्योंकि नगर निगम प्रशासन की ओर से 12 धाराओं के एक बोर्ड को लगाया है। जिसमें साफ तौर पर लिखा हुआ है, कि अगर सरकारी कर्मियों को परेशान किया जाएगा तो उस पर कानूनी कार्रवाई होंगे। उन्हें इन सब समस्याओं को लेकर विधायक अजीत शर्मा से मिले ।सभी पार्षद अपनी समस्याओं को रखा। वही विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि मैं आपकी समस्याओं को मुख्यमंत्री प्रधान सचिव सहित अन्य लोगों की आपकी बात को रखूंगा, और आपकी समस्याओं को जल्द दूर कर दूंगा। सफाई को लेकर उन्होंने भी कहा कि मेरे आवास के आगे भी गंदगी फैली हुई है लेकिन साफ करने वाला कोई नहीं है।

## पांचवा वार्षिकोत्सव को जीत वेलफेयर फाउंडेशन ने सम्मान समारोह के रूप में मनाया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। समाजसेवी संगठन जीत वेलफेयर फाउंडेशन उत्तर प्रदेश ने अपने पांचवे वार्षिक उत्सव को जनपद फतेहपुर के राधा नगर स्थित तेज स्टेज मैरिज लॉन में आयोजित किया जिसमे संस्था ने निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे समाज के हितैषी एवं समकक्ष्यी साथियों के संग संगठन का वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मानाया। कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती एवं



सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर हुई। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित मंचासीन अतिथियों को सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम प्रांगण में उपस्थित समस्त समाजसेवियों को मंचासीन अतिथियों के कर कमलों द्वारा माल्यार्पण एवं सम्मान पत्र से सम्मानित करने का कार्य किया गया। जिसमें लगभग सैकड़ो की संख्या में उपस्थित समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक तपस्वी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 राजकुमार तिवारी, रक्तवीर गुरुमीत सिंह ,आचार्य रामनारायण ,शशी राज सेन,संस्था के संस्थापक जितेन्द्र सविता, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द मौर्य , कोषाध्यक्ष हिमांशू जी , प्रदेश महासचिव सौरभ गुप्ता, प्रदेश उपसचिव सूरज कुमार, संगठन प्रभारी गोविन्द कुमार, संगठन मंत्री रजोल सेन, विधिक सलाहकार श्री मुकेश श्रीवास्तव जी उर्फ शनी,मीडिया प्रभारी खरविन्द मौर्य,जिलाध्यक्ष रोहित सिंह जिला उपाध्यक्ष अभिनेष मौर्य व संस्था के अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने सीएचसी खखरेरू का किया निरीक्षण.

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जिले के खागा तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत खखरेरू सीएचसी के कई डॉक्टरों के सीएचसी में समय से न पहुंचने पर नगर पंचायत खखरेरू के सीएचसी का सीएमओ डॉक्टर अशोक कुमार के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सीएचसी में उपस्थित सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार ,डॉक्टर राजू राव ,चीफ फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह एल टी, अजय सिंह वार्ड ब्वॉय, शिव रतन सफाई कर्मी ,स्टाफ नर्स वंदना देवी मौजूद रहे ,सीएमओ अशोक कुमार ने बताया कि सीएचसी में कई खामियां मिली है। अनुपस्थित



होने पर डॉक्टर शोएब रफत दंत चिकित्सक का वेतन रोक दिया गया है। जो भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिले हैं । उनको अनुपस्थित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा जायेगा सीएमओ अशोक कुमार सीएचसी लगभग 12:00 बजे पहुंच कर गहनता से जांच करते हुए स्टाफ रजिस्टर उपस्थित डॉ राजू राव ओपीडी रजिस्टर पैथोलॉजी में ओपीडी रजिस्टर आदि का लगभग आधे घण्टे जांच किया गया है। इसी बीच मौके पर सीएमओ से डॉक्टर के समय से न आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि शिकायतों के आधार पर जांच किया गया है । और उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए आख्या मांगी जाएगी। सीएमओ ने डाक्टरों को चेतावनी दिया गया है कि बाहरी दवाएं कतई न लिखी जाए । जो भी सीएससी में मौजूद है । उन्हीं दवाओ का प्रयोग किया जाए। स्वास्थ्य एटीएम मशीन डेंगू आदि की मशीन तत्काल चालू किया जाए। जिससे क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ मिल सके । और सीएचसी में मौजूद यूनानी चिकित्सा में मौजूद फार्मासिस्ट से दवाओ आदि के विषय में जानकारी लेते हुए समय से समय तक रहने के कडे.निर्देश दिए गए हैं।।

## मकान के सहन के सामने निजी भूमि पर विपक्षी गणों को कब्जा करने से रोके जाने के लिए पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिया शिकायती पत्र

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद के थाना गाजीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लिलरा पोस्ट देवलान की मूल निवासी राधा देवी ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का बुजुर्गी मकान,बाग व काश्त स्तिथ है। जहां पीड़िता के रिहायशी पक्के मकान के सामने सहन की भूमि स्तिथ है।जो पीड़िता के पति रमेश कुमार के नाम घाटा संख्या 147/1 व 147/2 तथा राधा देवी पत्नी रमेश कुमार के नाम घाटा संख्या 148/2,148/5,148/6 राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जहां उक्त सहन वाली भूमि पर कच्ची कोठरी,हैंड पंप, चरही स्थित है इसी सहन वाली भूमि पर विपक्षी अभिमन्यु सिंह पुत्र राज बहादुर उर्फ टीरू,शैलेंद्र व राघवेंद्र पुत्रगण अभिमन्यु,भूरा सिंह पुत्र राजबहादुर उर्फ टीरू व अतर सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह उर्फ टीरू द्वारा एक राय होकर जबरियन कब्जा करना चाहते हैं। तथा ट्रैक्टर खड़ा करते हैं जहां पीड़िता ने बताया कि उस के मना करने पर उक्त लोग झगड़ा फसाद पर आमादा हो जाते हैं जहां पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देते हुए उक्त लोगों पर कठोरतम कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जिले के मलवा थानां क्षेत्र में चक्की गाँव ओवर ब्रिज पर अज्ञात वाहन बाइक सवारो को टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे बाइक पर सवार दो लोग रोड पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस ने सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव निवासी राजेन्द्र का 25 वर्षीय पुत्र हरी शंकर व गाँव निवासी इंद्र पाल का 27 वर्षीय पुत्र राजू दोनों बाइक पर सवार होकर बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव गए थे। बीती शाम वहाँ से वापस घर लौटते समय मलवा थानां क्षेत्र के चक्की गाँव ओवर ब्रिज पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने घायलो की हालत गम्भीर देख प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया वही रास्ते मे दोनों की मौत हो गई।

## दबंग पर कोई कार्रवाई ना होने के कारण पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिया शिकायती पत्र

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव



फतेहपुर योगी सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद भी प्रदेश में कानून व्यवस्था सही होने का नाम नहीं ले रही है जहां प्रदेश में इतनी समय दबंगों का कहर लगातार बरकरार है जहां आपको बताते चलें की जनपद के थाना थरियांव क्षेत्र के अंतर्गत रसूलपुर भभैचा गांव के निवासी दूधनाथ सिंह ने पुलिस अधीक्षक को एक तहरीर देते हुए बताया कि 9 अगस्त को गांव के अभियुक्त कुलदीप सिंह,रामबाबू,राम सिंह व फूलचंद ने पीड़ित की जमीन पर अवैध तरीके से पेड़ लगा रहे थे जहां पीड़ित के घर की औरतों ने मना किया तो अभियुक्तगण औरतों को गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर सभी एक साथ होकर पीड़ित की पत्नी राधा देवी,बहू राधिका देवी व भाभी रामादेवी को धारदार हथियार से मारा पीटा जिससे उनको गंभीर चोटे आई पीड़ित इसकी सूचना थाना थरियांव में दिया जिसमें उक्त लोगों पर मुकदमा अपराध संख्या 238/2023 धारा 323,324,506 आईपीसी दर्ज हुई।जहां थाना में एफआईआर दर्ज होने की सूचना अभियुक्त गणों को मिली तो उक्त अभियुक्तगण पीड़ित के घर का ताला तोड़ दिया और गाली गलौज करते हुए घर के अंदर तोड़फोड़ करने लगे और सारा सामान बाहर फेंकने लगे व धमकी देने लगे कि अभी हाथ थोड़ा है अब जान से मार देंगे जहां पीड़ित ने बताया उक्त लोगों के द्वारा घर के बक्से में रखे हुए 105000 जो की आवास बनाने के लिए पैसे रखे हुए थे व सोने की रखी दो चैन एक बेसर चांदी की एक हाफ पेटी व छागल दो जोड़ी तोडिया उठा ले गए जिसकी सूचना पीड़ित ने 9 अगस्त को चौकी हसवा में लिखित तौर पर दिया और 16 अगस्त को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर को लिखित तहरीर दिया जहां चौकी इंचार्ज पीड़ित के गांव गए और गांव वालों से बयान लिया और उसके बाद आज तक कोई भी कार्रवाई नही हुई जहां पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों के खिलाफ जिन्होंने बयान दिया है उनको उक्त रामसिंह जान से मारने की धमकी देता है।पीड़ित ने कहा कि अगर अभियुक्त रामसिंह के ऊपर कानूनी कार्रवाई नहीं किया गया तो रामसिंह से पीड़ित,उसका परिवार व पीड़ित के गांव के जो बयान दिए हैं उनके साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है।जहां पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देते हुए उक्त लोगों पर कठोरतम कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।।

## प्रभारी निरीक्षक एवं चौकी इंचार्ज पर पीड़िता ने लगाए चोरी एवं मारपीट के गंभीर आरोप,पुलिस अधीक्षक के यहां दिया शिकायती पत्र

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद के थाना बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कंचनपुर मजरा सेलावन गांव की मूल निवासिनी ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देते हुए अवगत कराया की 4 सितंबर को वह अपने घर पर मौजूद थी। तभी उसके विपक्षी गोलू, नजीत,सुनील पुत्र गण विनोद अबलू पुत्र चंद्रपाल से कहासुनी व मारपीट हो गई थी जिस घटना को लेकर पीड़िता अपने नजदीकी चौकी खजुहा जाकर शिकायत किया तो पीड़िता ने बताया कि चौकी इंचार्ज भारत सिंह व कई पुलिस कर्मियों के द्वारा उसे चौकी के कमरे पर बंद करके मारा पीटा गया और शाम को यह कहकर छोड़ा गया कि अगर इस बात की कहीं शिकायत करोगी तो फर्जी



मुकदमे में जेल भेज देंगे जहां पीड़िता ने बताया कि तभी 04 सितंबर को विपक्षियों की सह पर प्रभारी निरीक्षक बिंदकी अरुण कुमार चतुर्वेदी सब इंस्पेक्टर भारत सिंह एवं सब-इंस्पेक्टर गोविंद, आरक्षी कप्तान,आरक्षी दीपक के साथ आए और मेरे साथ मारपीट किया तथा फायरिंग करने लगे एवं एलसीडी टीवी, सोलर पैनल तोड़ दिया व ई रिक्शा की चार बैटरी मोटरसाइकिल नंबर यूपी 71 ए वाई 6213 व एक विवो मोबाइल उठा ले गए तथा बिना किसी कारण उक्त पुलिस कर्मियों के द्वारा घर की गृहस्थी का सारा सामान लोडर में भर ले गए।जहां आज 06 सितंबर को पीड़िता अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित तहरीर दिया तथा उक्त घटना में शामिल पुलिस कर्मियों एवं प्रभारी निरीक्षक तथा सब इंस्पेक्टर एवं उक्त दबंगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात कही है।।

## लोक अदालत मैं वादकारियों को सुविधा देने के लिए बनाई गई डेस्क हेल्पलाइन

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद हरवीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 09-09-2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्राधिकरण के सचिव यजुवेन्द्र विक्रम सिंह / अपर जिला न्यायाधीश द्वारा यह अवगत कराया गया कि दिनांक 09 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में जनमानस एवं वादकारियों को होने वाली असुविधा के दृष्टिगत जनपद न्यायालय के




मुख्य द्वार पर हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है। हेल्प डेस्क पर एक महिला एवं एक पुरुष परा विधिक स्वयं सेवकों को नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में बताया कि अपने मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में यदि किसी पक्षकार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हो तो वह प्राधिकरण के कार्यालय को बतौर हेल्प लाइन के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। उक्त हेल्प लाइन का नंबर 05612-285522 यह है। प्रातः 09:00 से लेकर सायं 05:00 तक उक्त नंबर पर भी पैरा विधिक स्वयं सेवक की डयूटी लगायी गयी है। प्राधिकरण के सचिव द्वारा फिरोजाबाद की जनता को अपने मामले उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में समाप्त कराने हेतु प्रेरित किया गया है।

## प्रसव के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

### परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप, स्टाफ भागा

दैनिक समाज जागरण

शिकोहाबाद। कोतवाली के सामने स्थित एक प्राइवेट हॉस्पीटल में भर्ती महिला की उपचार के दौरान आगरा के अस्पताल में मृत्यु हो गई। परिजन अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आगरा से शव लेकर आए और अस्पताल के बाहर रख कर हंगामा करने लगे। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन इस दौरान अस्पताल का पूरा स्टाफ भाग गया। पुलिस ने मृतका के परिजनों को समझा कर मामला शांत कराया। इस मामले में पुलिस जानकारी कर रही है।

नगला खंगर के गांव वीरई जहानाबाद निवासी लवली (25) पत्नी ब्रजेश की 14 माह पूर्व शादी



हुई थी। उसकी पहली डिलेवरी होनी थी। प्रसव पीढ़ा से परेशान लवली को ससुरालीजन मंगलवार शाम को लेकर कोतवाली के समीप स्थित अस्पताल में लेकर आये। यहां पर महिला का ऑपरेशन किया गया और बच्ची को सुरक्षित जन्म दिया। लेकिन इसके बाद महिला की हालत खराब हो गई। देर रात महिला को आगरा एक प्राइवेट अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन शव को लेकर अस्पताल आए और बाहर शव को रख कर हंगामा काटने लगे। चीख पुकार सुन कर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले की जानकारी की और मृतका के परिजनों को समझा कर शव पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज के लिए भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र मिश्रा का कहना है कि ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ने से महिला की मौत हो गई है। परिजन अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## आईवी इंटरनेशनल स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी की पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया ।

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। नन्हे मुन्ने बच्चों ने धूमधाम सेमनाया जन्माष्टमी पर्व आईवी इंटरनेशनल स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी की पावन पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया गया । जिसमें प्री-प्राइमरी के नन्हे मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण के स्वरूप में सभी के आकर्षण का केंद्र रहे । इस उपलक्ष में विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया । जिसमें कक्षा 1 एवं 2 में बांसुरी मेकिंग कक्षा 3 एवं 4 में मटकी डेकोरेशन कक्षा 5 एवं 6 में मुकुट मेकिंग कक्षा 7 एवं 8 में झूला एवम् सिंहासन मेकिंग कक्षा 9 से 12वी कक्षा तक कि छात्राओ के लिए थल सजावट प्रतियोगिता कराई गई । कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्रों के लिए हांडी फोड़ों प्रतियोगिता रखी गई ।जिसमें आईवी के गोविंदाओं की चार टोली बनाई गई । जिसमें



कक्षा 11 की टोली विजेता रही । जिसको विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीदेवी जी के द्वारा ₹1500 का नगद पुरस्कार दिया गया ।

छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य एवं गायन के कार्यक्रम भी किए गए। जिसमें ओ कान्हा अब तो मुरली की ,शामली सूरत पे मोहन, कौन कहता है भगवान आते नहीं अभी का गायन बच्चों के द्वारा किया गया । नंद के आनंद भयो , कृष्णा कृष्णा, राधा ढूंढ रही, ब्रज की होली आदि गानों पर मनमोहक नृत्य किया गया ।

कक्षाओं में प्रतियोगिता में अव्वल प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।

कार्यक्रम का संचालन श्वेता गुप्ता के द्वारा किया गया । विद्यालय की प्रधानाचार्य नंदिनी यादव ने कहां की इस तरह की सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में आध्यात्मिक रुचिया बनी रहती हैं जो की बहुत महत्वपूर्ण हैं साथ ही कृष्ण जन्माष्टमी की सभी को शुभकामनाएं दी ।

## संदिग्ध अवस्था में नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मायके वालों ने हत्या किए जाने का लगाया आरोप

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जिले के औंग थाना क्षेत्र के राम घाट मजरे गलाथा गांव में चार माह पूर्व हुई शादी के बाद नव विवाहिता ने घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के राम घाट मजरे गलाथा गाँव निवासी करन की 21 वर्षीय नव विवाहित पत्नी रिंकी ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था मे फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे चाँदपुर थानां क्षेत्र के मवई गाँव निवासी मृतिका के पिता आनंद पाल और माँ रेखा देवी ने बताया हमने अपनी पुत्री रिंकी की शादी 6 मई 2023 को चार माह पूर्व हिन्दू रीति रिवाज व दान दहेज के साथ औंग थानां क्षेत्र के राम घाट मजरे गलाथा गाँव निवासी करन के साथ किया था। शादी में काफी दान दहेज के साथ मोटर साइकिल भी दिया था। शादी के बाद बुलट मोटर साइकिल और चार लाख रुपए नगद रुपए की उसके सासुराल वाले मांग कर रहे थे। उसी के लिये उसको बराबर मारपीट कर प्रताड़ित किया करते थे। मांग पूरी न होने पर मेरी पुत्री रिंकी का गला दबाकर उसकी हत्या कर शव को फांसी के फंदे से लटकाकर हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिस किया है। हम पुत्री के ससुरालीजनो के खिलाफ हत्या किए जाने की तहरीर देंगे।

## प्रमुख सचिव परिवहन विभाग ने शहर के पालीवाल हॉल में आयोजित सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा "लोक संवाद कार्यक्रम" को किया सम्बोधित,

### बस स्टैण्ड व एआरटीओ ऑफीस का निरीक्षण कर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की बैठक और दिए निर्देश।

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जनपद में एल0 वेंकटेश्वर लू (आई0ए0एस0) प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग उ0प्र0 शासन एवं अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा निर्धारित अपने जनपद भ्रमण के अनुसार आज बुधवार को शहर के पालीवाल ऑडीटोरियम में आयोजित सड़क दुर्घटनाओं में वृद्वि की रोकथाम तथा मानव उत्थान हेतु ‟लोक संवाद कार्यक्रम‟ को सम्बोधित किया तथा बस स्टैण्ड व सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय का निरीक्षण कर कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एल0वेंकटेश्वर लू (आई0ए0एस0) प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग उ0प्र0 शासन का स्वागत जिलाधिकारी डा0 उज्जवल कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अभिषेक कुमार सिंह तथा वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन व प्रवर्तन राजेश कर्दम द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा का माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्जवलित कर किया। तदोपरान्त सृष्टि जैन तथा शिवानी पाण्डेय द्वारा सरस्वती गायन किया गया। प्रमुख सचिव ने लोक संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा परिवहन के लिए अच्छा इंस्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है अब अच्छा इंस्फ्रास्ट्रक्चर विकसित होने के बाद लोगों को अपनी चेतना को भी विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर व्यापकता से लोगों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए बताया कि हम सड़क दुर्घटना और उससे होने वाली जन व धन हानि को कैसे रोक सकते है। उन्होंने कहा कि आज हमारे प्रदेश में पंजीकरण वाहनो की संख्या चार करोड़ से भी अधिक है।



कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा ने अपने सम्बोधन में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था व प्र्मुख चैराहों की ओर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सुभाष चैराहा, कोटला चुंगी चैराहा, जाटवपुरी चैराहा, आसफाबाद चैराहा को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। उन्होने जनपद की सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उन्हे ठीक कराने अथवा साइन बोर्ड लगवाने की तरफ भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होने बताया कि उनके प्रयासों से उसायनी से मक्खनपुर तक बीस किलोमीटर सिक्स लैन बाइपास बनवाया गया है, फिर भी ट्रैफिक व्यवस्था में और सुधार की आवश्यकता है, इसके साथ ही उन्होने सड़क पर वाहन चलाते समय लोगों को स्वंय अनुशासन बरतने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डा0 उज्वल कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि अधिकतर लोगों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी ज्ञान होते हुए भी उसका पालन नही किया जाता है। उन्होने सड़क दुर्घटनों के प्रमुख तीन कारण नशा, नींद और तेज गति से वाहन चलाना बताया और इस पर नियंत्रण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के उपरांत प्रमुख सचिव ने शहर के बस स्टैण्ड परिसर का निरीक्षण किया और वहां की साफ सफाई अच्छी रखने व उसे व्यवस्थित रूप से संचालिजत करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होने सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात कलैक्ट्रेट सभागार में सभी जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों एवं सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को धार्मिक व अध्यात्मिक रूप से झंझोरते हुए शास्त्रों के श्लोक का उच्चारण करते हुए सदकर्मों पर जोर दिया। उन्होने कहा कि कर्म ही पूजा है, इसलिए हम लोगों को निस्वार्थ भाव से जन कल्याण के हित में एक कर्मयोगी की भांति कार्य करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उप परिवहन आयुक्त आगरा परिक्षेत्र आगरा मयंक ज्योति, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अभिषेक कुमार सिंह, रामकृष्ण गोस्वामी, गीता प्रेस गोरखपुर, के0डी0 सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आगरा, नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद, क्षेत्राधिकारी यातायात फिरोजाबाद, एन0सी0सी0 कैडेट्स, राजेश कर्दम, वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन व प्रवर्तन, फिरोजाबाद, आनन्द राय कुरील यात्री व मालकर अधिकारी फिरोजाबाद, राजेन्द्र सिंह, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक फिरोजाबाद, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक अखलेश यादव फिरोजाबाद, जनपद के विभिन्न स्कूल व कॉलेजों के छात्र व छात्रायें इत्यादि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, यातायात पुलिस कर्मियों, परिवहन निगम के चालक, परिचालकों तथा उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## एससी एसटी एक्ट के दोषियों को चार चार वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद। न्यायालय ने एससी एसटी एक्ट के दोषियों को 4 - 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने उसे पर अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना नसीरपुर के गांव रसूलपुर निवासी रामसेवक पुत्र होरीलाल 4 नवंबर 2019 को खेत पर अपनी पत्नी के साथ गया था। खेत पर दोनों नेट बांधने के लिए मिट्टी डाल रहे थे।

इस दौरान दिनेश यादव पुत्र फूलन सिंह तथा छोटू उर्फ सुनील यादव पुत्र दिनेश नगला भूप थाना नसीरपुर वहां पहुंच गए। उन लोगों ने रामसेवक तथा उसकी पत्नी को गाली गलौज दी। जाति सूचक शब्दों से उन्हें अपमानित किया। दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने दोनों के



खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट इफराक अहमद की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पर भी कर रहे विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए।

गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोनों को दोषी माना। न्यायालय ने उन्हें चार-चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उन पर 12 - 12 हजार रुपया अर्थ दंड लगाया। अर्जुन दंड न देने पर उन्हें एक-एक माह के कारावास की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## पोक्सो के आरोपी को 12 वर्ष का कारावास

दैनिक समाज जागरण जिल

फिरोजाबाद। न्यायालय ने पाक्सो के दोषी को 12 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने उस पर अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भगतनी होगी। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय किशोरी 20 मई 2022 को अपने पिता से कह कर गई थी कि वह मां के पास काम करने जा रही है। उसकी मां पड़ोस के घरों में काम करती है।

कुछ देर के बाद उसकी मां काम करने के बाद घर आ गई। उसकी बेटी नहीं आई। पिता ने अपनी पत्नी से उसके बारे में पूछा। पत्नी ने बताया वह उसके पास नहीं पहुंची। दोनों ने बेटी की काफी तलाश की। उसके बाद भी किशोरी का पता नहीं चला। पिता ने थाने पहुंचकर किशोरी के लापता होने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना करने के बाद जीशान पुत्र रशीद के खिलाफ न्यायालय में कई धाराओं में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक अवधेश कुमार सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक अवधेश भारद्वाज ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहो ने गवाही थी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए।

गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने जीशान को दोषी माना। न्यायालय ने उसे 12 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उसे पर 28000 अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न जाने पर उसे चार माह की अतिरिक्त सजा भगतनी होगी।

## युवक की संदिग्ध हालातो में मौत

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालातो में मौत हो गई। परिवरीजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने घर ले गए।

मुरली नगर निवासी जयकिशन 40 वर्ष की सोमवार की रात अचानक तबीयत खराब हो गई। परिवार के लोग उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए। चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की पुष्टि होते ही परिवरीजन रोने लगे। चिकित्सा कर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवाने को कहा।

# विधानसभा चुनाव को लेकर जिला भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारीयो की बैठक आयोजित

## *उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री केपीएस राठौर एवं संभागीय संगठन प्रभारी कांति देव सिंह ने दिया मार्गदर्शन*

रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की नवगठित जिला चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारीयो की विशेष बैठक का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें प्रभारी के रूप में उत्तर प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार केपीएस राठौर एवं भोपाल संभाग के भाजपा संगठन प्रभारी कांति देव सिंह ने परिचय प्राप्त करते हुए मार्गदर्शन दिया। बैठक से पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित करते हुए बैठक का शुभारंभ किया। इसके पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने पुष्पहार के साथ अतिथियों का स्वागत किया एवं जिला भाजपा संगठन की गतिविधियों एवं विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार के साथ पूरी जानकारी से अवगत कराया।

**भाजपा का प्रत्येक बूथ पार्टी की जान है,, केपीएस राठौर**

भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक बूथ ही पार्टी की जान है हमारा बूथ मजबूत होगा उतनी ही पार्टी मजबूत होगी और हमें सफलता हासिल होगी जिला चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें की जिला भाजपा अध्यक्ष द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विश्वास व्यक्त करते हुए जो जिम्मेदारी आपको दी है उसका पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ पालन करें और लक्ष्य की ओर ध्यान देकर कामकाज में जुट जाए किसी भी काम में सफलता के लिए लक्ष्य को लेकर चलना जरूरी होता है जैसे महाभारत काल में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा था कि मानव का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए कि उसे पकडने के बाद ही दम लेना है जैसे अर्जुन को उस समय चिड़िया की आंख दिख रही थी इसके सिवाए उन्हें कुछ दिखाई नहीं दे रहा था इसी तरह से भारतीय जनता पार्टी के सभी जिम्मेदार पदाधिकारी कार्यकर्ता -अपने दायित्वों का कुशल निर्वहन करते हुए लक्ष्य की ओर आगे बढ़े और भारतीय जनता पार्टी की रायसेन जिले में सभी विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विजय हो इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए काम में जुट जाना है। प्रभारी श्री राठौर ने बैठक में मौजूद जिला चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारीयो से परिचय प्राप्त करते हुए उनसे विस्तार के साथ चर्चा की एवं पदाधिकारीयो को चुनाव संबंधी चुनाव संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया।

**पूरे भोपाल संभाग में रायसेन बीजेपी का संगठन सबसे मजबूत,,,, कांति देव सिंह**

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित जिला चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारीयो को मार्गदर्शन देते हुए भोपाल संभाग के संगठन प्रभारी क्रांति देव सिंह ने कहा कि इस समय पूरे भोपाल संभाग में रायसेन जिले का भाजपा संगठन सबसे मजबूत स्थिति में है और आपकी जिम्मेदारी है कि इसी तरह से सक्रिय रहकर आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरी मेहनत के साथ जुट जाए हमारे प्रधानमंत्री जी नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जो कार्य योजनाएं बनाकर जनता के लिए बनाई है उनका लाभ भरपूर जनता को मिल रहा है आप इन योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं उन्होंने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्र से लेकर गांव-गांव तक संपर्क करते हुए आम जनता के लोगों को जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल करें और भाजपा के प्रत्येक बूथ लेवल के कार्यकर्ता




अधिक से अधिक संख्या में जन आशीर्वाद यात्रा में आमजन को जोड़ने पूरी मेहनत से कार्य में जुट जाए।

**जिला चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारीयो को सौंपे गए दायित्व,,,,**

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश संगठन प्रभारी हितानंद शर्मा, भोपाल संभाग प्रभारी कांति देव सिंह, जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल, मंत्री, सांसद एवं भाजपा विधायकों से विचार विमर्श एवं सहमति से जिला भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति का गठन कर पदाधिकारीयो को जो जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाह को पहले ही प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिला चुनाव प्रबंधन समिति का जिला संयोजक नियुक्त किया जा चुका है। इसके अलावा चुनाव कार्यालय प्रलेखन दस्तावेजीकरण एवं आंकड़े कार्य के लिए मोहन चक्रवर्ती, जितेश ठाकुर, सभा रैली भाषण राजनीतिक मुद्दों का चयन के लिए भूपेंद्रसिंह वर्मा, केंद्रीय नेताओं के प्रवास एवं सभाओं के लिए राजेंद्र ठाकुर, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष प्रवास एवं सभा आयोजन के लिए वीर सिंह पटेल, प्रदेश नेता प्रवास एवं सभा के लिए कुलदीप बिश्नोई, अतिथि व्यवस्था आवास वहां भोजन व्यवस्था के लिए चंद्र कृष्ण रघुवंशी, विमानन शासकीय अनुमति कार्य के लिए राकेश तोमर, बूथ प्रबंधन के लिए रामकुमार साहू, मतदाता सूची परीक्षण नव मतदाता प्रवासी दिव्यांग मतदाता 80 वर्ष आयु सूची संपर्क कार्यक्रम के लिए दीपक पंड्या, मीडिया प्रबंधन कार्य की जिम्मेदारी पत्रकार चुन्नीलाल गौर, सोशल मीडिया डिजिटल मीडिया के लिए शुभम उपाध्याय, दूरसंचार एवं सूचना तकनीकी कार्य के लिए ब्रज विश्वकर्मा, न्यायिक एवं चुनाव आयोग संबंधी कार्य के लिए बृजेश चतुर्वेदी, युवा कार्य मोर्चा प्रकोष्ठ कार्यक्रमों के लिए जीवन सिंह पाल, महिला संबंधी कार्य व्यवस्था के लिए के लिए श्रीमती नीलम चंद्रवंशी, जातिगत सामाजिक धार्मिक व्यापारी झुग्गी बस्ती कर्मचारी यूनियन संस्कृतिक प्रावधान खेल कला एवं संवाद कार्यक्रम के लिए सुरेश ताम्रकार, सम्मेलन कार्यक्रम एवं अन्य कार्य के लिए जमना सेन, जन आशीर्वाद यात्रा के लिए सुरेंद्र तिवारी, प्रशासकीय अनुमति समन्वय कार्य के लिए राकेश तोमर, प्रवासी कार्यकर्ता विस्तारक संपर्क समन्वय के लिए दीपेंद्र पाल, लेखा कार्य के लिए शेर सिंह चौधरी, विज्ञापन प्रचार सामग्री साहित्य निर्माण प्रशासन एवं वितरण के लिए बबलू ठाकुर, संसाधनो की व्यवस्था के लिए एस मुनियन मतगणना कार्य के लिए धीरेंद्र सिंह कुशवाह को जिम्मेदारी दी गई है।

**इन्हें बनाया गया विधानसभा संयोजक एवं विस्तारक,,,,**

जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए विधानसभा संयोजक एवं विस्तारक की नियुक्ति की गई है जिसके तहत सांची विधानसभा के लिए दातार सिंह मीणा, सिलवानी विधानसभा के लिए विष्णु रावत, उदयपुरा विधानसभा के लिए प्रहलाद लोधी, भोजपुर विधानसभा के लिए रविंद्र विजयवर्गीय को विधानसभा संयोजक बनाया गया है वहीं विस्तारक के रूप में सांची विधानसभा के लिए शिव प्रताप सिंह भदोरिया, सिलवानी विधानसभा के लिए राजकुमार पटेल, उदयपुरा विधानसभा के लिए आनंद तिवारी, भोजपुर विधानसभा के लिए अनुज दुबे तथा आकांक्षी विधानसभा प्रभारी के रूप में भगत सिंह कुशवाहा को नियुक्त किया गया है।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया देश की पहली सोलर सिटी सांची का लोकार्पण

## *मानवता का संदेश के बाद विश्व पर्यटन नगरी सांची स्वच्छ ऊर्जा का पूरी दुनिया को देगी संदेश*

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

भोपाल/ रायसेन। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोलर सिटी की परिकल्पना को साकार करने के लिए सांची वासियों का आभार किया, उन्होंने इसे देश की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि दुनिया को मानवता का संदेश देने वाली भगवान बुद्ध की नगरी सांची एक बार फिर दुनिया को सौर ऊर्जा यानि स्वच्छ ऊर्जा का संदेश देकर पर्यावरण बचाने की राह दिखाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रिमोट का बटन दबाकर बुधवार को रायसेन जिले के सांची सोलर सिटी का लोकार्पण कर नागरिकों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने रायसेन जिला मुख्यालय पर मेडिकल कालेज स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने सलामतपुर में अगले शिक्षण सत्र में सीएम राइज स्कूल, जिला पंचायत रायसेन और नगर पंचायत सांची का नया भवन के अलावा, महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना, अहिरवार समाज की धर्मशाला सहित अधूरी दो सड़को के निर्माण की घोषणा भी की।

**बहनों की जिंदगी बदलना हमारा लक्ष्य,,,,**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहनों को सितम्बर की 10 तारीख को एक हजार रुपए पुन खाते में आने और अक्तूबर से हर माह 1250 रुपए खाते में भेजे जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि बहने चिंता न करे वे उनकी हर दिख दर्द दूर कर बहनों के चेहरे पर खुशियां लाएंगे

**किसान चिंता न करें,संकट से निकाल ले जायेंगे,,,,**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सूरज हमारे सौर मण्डल का केन्द्र बिन्दु है। सूरज सृष्टि का आधार है। सूरज ना हो तो, जीवन ना हो। बारिश भी सूरज की वजह से होती है। पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं हो रही थी, लेकिन अब एक बार फिर बारिश शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की संकट की घड़ी उत्पन्न होने पर वह किसानों को संकट की घड़ी से निकालकर बाहर ले जाएंगे।

**देश की पहली सोलर सिटी बनी बौद्ध नगरी सांची,,,,**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अत्यंत गौरव का विषय है कि देश का पहला शहर सांची है जो सोलर सिटी घोषित हो रहा है। हमें बिजली की जितनी जरूरत है, उसे हम सूरज से बनाकर पूरी करेंगे। कोयले की बिजली, पेट्रोल-डीजल की बिजली के अंधाधुंध उपयोग के



कारण प्रकृति पर बड़ा दुष्प्रभाव पड़ा है। हम सभी का कल्याण इसी में है कि हम सूरज से ऊर्जा बनाकर उसका उपयोग करें। सूरज बारह महीने चमकता है, इससे ऊर्जा बनाकर हम अपनी जरूरतों को पूरा कर लेंगे और प्रकृति को भी नुकसान नहीं होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस धरती को बचाने के लिए पर्यावरण बचाना जरूरी है और पर्यावरण बचाने के लिए हम सौर ऊर्जा का उपयोग करें। साथ ही अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि मैं सांची को बधाई देना चाहता हूँ कि पहले नागौरी में तीन मेगावाट का सोलर पावर प्लांट लगाया और अब पांच मेगावाट का सौर ऊर्जा का पावर प्लांट लग रहा है। सांची नगर में सात हजार नगरवासियों ने ऊर्जा बचत और सौर ऊर्जा के उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता जताई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांची सोलर सिटी बनने से हर साल लगभग 13747 टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी जो कि लगभग 2.3 लाख वयस्क वृक्षों के समान है। सांची में सभी शासकीय संस्थानों की एनर्जी ऑडिट एवं ऊर्जा दक्ष उपकरणों के माध्यम से सालाना 63,367 किलोग्राम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में बचत होगी। यहां सभी शासकीय भवनों एवं घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 235 किलोवॉट के रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना की गई है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने सांची को देश की पहली सोलर सिटी होने का गौरव प्रदान करने के लिए सांची और रायसेन जिले के सभी नागरिकों की ओर से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत करते हुए कहा कि अभी तक सांची दुनिया में बौद्ध स्तूप के नाम से जानी जाती थी, अब देश की पहली सोलर सिटी के नाम से भी जानी जाएगी। इस अवसर पर आई आई टी कानपुर और प्रदेश के नवकरणीय ऊर्जा विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी हुए। कार्यक्रम को प्रमुख सचिव नवकरणीय ऊर्जा संजय दुबे ने सोलर सिटी बनाए जाने के सफर की जानकारी दी, उन्होंने सांची के सौर ऊर्जा साक्षरता के लिए नागरिकों को बधाई दी और आभार माना। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह , कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया सहित अन्य अधिकारी सहित हजारों की संख्या में आम जनता के लोग उपस्थित रहे।

# नियम विरुद्ध एवं अनियमितता पाए जाने पर भरवेली स्थित समर्थ मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक का लायसेंस निलंबित

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(07 सितम्बर )मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय ने मध्यप्रदेष रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञप्ति अधिनियम 1973 के तहत कार्यवाही करते हुये श्रीनॉय डहरवाल द्वारा संचालित द्वारा वार्ड. नं. 13, सेमरे निवास, बैहर रोड़, भरवेली में संचालित समर्थ मल्टीस्पेषलिटी क्लीनिक को तत्काल बंद करने का आदेश दिया है और इस क्लीनिक का लायसेंस अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। डॉ. मदन मेश्राम, जिला स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट के नेतृत्व मे डॉ. प्रियंका सोलंकी चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय बालाघाट एवं अन्य सहित गठित निरीक्षण दल के सदस्यों को तहसीलदार बालाघाट एवं थाना प्रभारी भरवेली के सहयोग से श्रीनॉय डहरवाल द्वारा संचालित ह्लसमर्थ मल्टीस्पेषलिटी क्लीनिकह्व भरवेली को तत्काल सील बंद करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है निरीक्षण दल के द्वारा पाया गया कि क्लीनिक में 02 परामर्ष कक्ष/चेम्बर तथा एक कक्ष पाया गया । इस कक्ष में 03 रोगी बिस्तर लगे पाये गये । एक बेड पर रोगी रामचंद पिता श्रीराम सेमरे आयु 67 वर्ष भर्ती पाये गये। रोगी लकवा ग्रस्त थे, जिनके द्वारा बताया गया कि वे मकान मालिक भी है। उनके द्वारा नागपुर के चिकित्सक से उपचार कराया जा रहा है, उनका परिवार इसी भवन के प्रथम तल पर निवासरत है । निरीक्षण के दौरान क्लीनिक संचालक श्रीनॉय डहरवाल उपस्थित था । किन्तु कोई भी चिकित्सक क्लीनिक में उपस्थित नहीं पाया गया। श्रीनॉय डहरवाल की योग्यता बी.फार्मा. है। श्रीनॉय डहरवाल के पास समर्थ मल्टीस्पेषलिटी क्लीनिक में सेवाएं प्रदान कर रहे चिकित्सक डॉ. अजय वासनिक बी.एच.एम.एस एवं डॉ.प्रगति भटेले बी.एच.एम.एस. की योग्यता एवं मध्यप्रदेष राज्य होम्योपैथी परिषद भोपाल से प्रदाय पंजीयन संबंधी प्रमाण-पत्र तथा इस समर्थ मल्टीस्पेषलिटी क्लीनिक में सेवाएं देने के संबंध में सहमति पत्र उपलब्ध नहीं पाये गये। श्रीनॉय डहरवाल द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा उक्त चिकित्सकों से कोई सहमति पत्र प्राप्त नहीं किया गया है किन्तु उक्त दोनो चिकित्सकों द्वारा इस क्लीनिक में प्रतिदिन नियमित रूप से सेवाएं दी जा रही है। क्लीनिक में परीक्षण तथा उपचारित किये गये रोगियों का विवरण निर्धारित प्रारूप में रखे जाने वाला रजिस्टर निर्धारित संधारित नहीं पाया गया। जाँच दल द्वारा पायी गयी अनियमितता एवं नियम विरुद्ध के चलते श्री नाय डहरवाल के क्लिनिक को सील करने का निर्देश दिया गया हैं।

# समरसता भोज 22 समाज के प्रतिनिधि हुए शामिल असम विधायक दीपायन ने जूठी पत्तल उठाई , दिया सामाजिक समरसता का संदेश

**समाज जागरण ब्यूरो**

बिलासपुर । मस्तूरी विधानसभा के प्रवासी विधायक कार्यक्रम के तहत मस्तूरी पहुंचे असम के विधायक दीपायन चक्रवर्ती व मस्तूरी विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी देवरीखुर्द के गदा चौक स्थित क्षत्रिय बिल्डिंग के प्रथम तल में आयोजित समरसता भोज में शामिल हुए। इसमें सभी समाज के लोगों ने एक साथ बैठ कर भोजन किया। विधायक दीपायन ने भोज में शामिल लोगों की पत्तलें उठाई। विधायक चक्रवर्ती और डा बांधी ने समाज के माते- मुखियांजनों का श्रीफल से सम्मान किया। उन्होंने कहा कि छुआ-छूत और भेद-भाव जैसी सामाजिक बुराईयों भाषण देने से दूर नहीं होगी। इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा। इस दौरान डॉ. बांधी ने कहा कि समाज में समरसता लाने के लिए सामाजिक समरसता कुटुम्बकम तैयार किये जायेंगे। ऐसे एक हजार कुटुम्बकम का निर्माण किया जाएगा। जिनके जरिये सामाजिक समरसता बनाएं रखने का कार्य किया जाएगा। समरसता कुटुम्बकम में लोग बिना किसी भेद भाव के सुख दुख में शामिल होंगे। उन्होंने कहा यदि हम किसी को अपना परिवार माने तो



उसके हर सुख-दुख में बराबरी के भागीदार बनें, उनकी मदद करें। विधानसभा के संयोजक बी पी सिंह ने कहा भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सभी समाज सभी धर्म पंथ का सम्मान करती है आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एजेंडे में हम सभी समान है हम सभी एक है । डॉ बांधी हमारे क्षेत्र के विकास पुरुष है जिन्होंने सभी समाज के हर मांग को पूरा करने का प्रयास किया है इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन विधान सभा के सयोजक व प्रवास के प्रभारी बी पी सिंह ने किया सभी समाज प्रमुख और व्यापारी संघ के लोगो का स्वागत कर भोजन के लिए आमंत्रित किया । कार्यक्रम में व्यापारी संघ के अध्यक्ष विक्की यादव के नेतृत्व में उपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी गण शामिल हुए साथ ही 22 समाजों के गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे साथ ही भाजपा के कार्यकर्ता दिलेन्द्र कौशिक ,राजेश शिंदे, शंभूनाथ मानिकपुरी, युगल किशोर झा,कुसुमलता श्रीवास,रवि बारगाह,राजेश पटेल,रितेश नायक,बजरंग पटेल,सुनील भोई,अशोक चौहान,मोहन सिंह,रामायण शर्मा,वैशाली बोले,गोलू यादव,मोनू गुप्ता, राजकुमार सिंह,एस पी सिंह,प्रेम कोल ,शरद श्रीवास, चंदू चौहान आदि व्यवस्थापक के रूप में उपस्थित रहे।

# कल की तरह कानपुर में आज भी धूमधाम से श्री कृष्ण का जन्मोत्सव : सजे मंदिर और झांकियां

**– पुलिस लाइन समेत थानों में भी सजे मंदिर**

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। बीते कुछ सालों से हिंदुओं के हर त्योहार और पर्व एक दिन के बजाय 2 दिन मनाये जा रहे हैं ,जिससे योगेश्वर भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव भी अछूता नहीं है। प्रदेश के इस संवेदनशील महानगर कानपुर में भी आज धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई और ऐसा ही आज भी रहेगा ` मतलब कल बुधवार को जहां मंदिरों में भगवान कृष्ण का जन्मदिन मनाया गया। वहीं घरों में आज गुरुवार को कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए दुल्हन की तरह सजे मंदिरों में भक्त भगवान के दर्शन के लिए सुबह से ही पहुंच गए। सबसे ज्यादा भीड़ बिठूर के इस्कॉन मंदिर में नजर आई। इसी तरह से अन्य मंदिरों में भी काफी भीड़ रही ,जहां भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाने के बाद लोगों को प्रसाद का भी वितरण किया गया। यहां योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पुलिस विभाग में बड़ी धूमधामकी तैयारी पहले से ही कर ली गई थी। इसके लिए पुलिस लाइन में भी हर साल की तरह इस बार भी जन्माष्टमी का समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें पुलिस कमिश्नर के साथ पुलिस विभाग के अन्य सभी अधिकारी भी मौजूद रहे। यहां पुलिस कमिश्नरेट के सभी पुलिस थानों गोविंद नगर, नौबस्ता, बर्रा , किदवई नगर ,बाबू पुरवा जूही, पुलिस चौकी इंडस्ट्रियल एरिया पनकी , कोहना , कल्याणपुर ,काका देव, स्वरूप नगर ,छावनी, कलेक्टरगंज ,रेल बाजार आदि में जन्माष्टमी पर भजन कीर्तन के साथ अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करने की भी तैयारी पहले से ही कर ली गई थी । इस दौरान पुलिस थानों और दुल्हन की तरह सजे उनके मंदिरों में प्रभारी निरीक्षकों ने विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद प्रसाद वितरण भी करवाया। इसी क्रम में महराजपुर, नर्वल ,सचेंडी, बिधनू, घाटमपुर, सजेती, ककवन, बिल्हौर, शिवरापुर, चौबेपुर आदि भी योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने में पीछे नहीं रहे।

# कुम्हारी और धपेरा के बीच वैनगंगा नदी पर पुल बनने से ग्रामीणों को मिली सुविधा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(07 सितम्बर )कुमरी और धपेरा के बीच वैनगंगा नदी पर पुल बन जाने से कुम्हारी और आस-पास के गांव के लोगों को लालबर्रा जाने के लिये अब कम दूरी तय करना पड़ता है। इसी प्रकार मोहगांव धपेरा और उसके आस-पास के गांव के लोगों को बालाघाट आने के लिये बेहरई और कनकी नही जाना पड़ रहा है। इस पुल के बनने से वैनगंगा नदी में बाढ़ आने पर भी अब आवागमन बाधित नही होता है और इस क्षेत्र के लोगों का सड़क सम्पर्क बना रहता है। कुम्हारी और धपेरा के बीच वैनगंगा नदी पर मंडी निधि की लगभग 20 करोड़ रुपये की राशि से 325 मीटर लम्बाई का पुल बन गया है और इससे आवागमन प्रारंभ हो गया है। मध्यप्रदेश शासन के तत्कालीन कृषि मंत्री गौरीशंकर बिसेन द्वारा इस पुल निर्माण के लिये



राशि स्वीकृत की गई थी और 17 जून 2018 को इसका भूमि पूजन किया गया था। इस पुल के बन जाने से कुम्हारी से लालबर्रा की दूरी लगभग 15 कि.मी. हो गई है। अब कुम्हारी और उसके आस-पास के लोगो को लालबर्रा जाने के लिये बालाघाट या समनापुर होकर नही जाना पड़ता है बल्कि वे सीधे इस पुल से धपेरा होकर लालबर्रा पहुंच जाते है। मोहगांव एवं धपेरा के लोगो को बालाघाट आने के लिये अब छतेरा, बेहरई, कनकी, गर्रा होकर अधिक दूरी तय नही करनी पड़ रही है। इस पुल के बनने से बालाघाट क्षेत्र की जनता को आवागमन का एक अच्छा मार्ग मिल गया है। इससे उनके समय एवं श्रम की बचत हो रही है।इस सुविधा से ग्रामीणों में खुशी देखी गयी हैं और उन्होंने शासन एवं मंत्री गौरीशंकर बिसेन का आभार व्यक्त किया हैं।

# जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से गुंजा शहर,आज होगी मटकी फोड़ प्रतियोगिता

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(07 सितम्बर )कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मंगलवार को पूरा जिला जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से गुंजायमान हो गया।भगवान कृष्ण के मंदिर को विशेष रूप से साज सज्जा कर सजाया गया हैं, जहाँ भक्त गण पहुंच कर भजन कीर्तन करते हुए अपने आराध्य भगवान श्री कृष्ण के जन्म लेते ही जयघोष करने लगे।भक्त गण अपने अपने घरों में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक प्रतिमा को घर लाकर पूजा अर्चना किये। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर उनकी स्थापना की गई। मुख्यालय सहित पूरे जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर घरों में भक्त, भक्तिभाव



से भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा विराजित कर, उनका विधि-विधान से पूजा अर्चना कर मध्यरात्रि में उनका जन्मोत्सव मनाया गया।

**मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान कृष्ण जन्मोत्सव के पश्चात मटकी फोड़ का आयोजन किया जायेगा जिसमे आस पास के गोपालो के द्वारा मटकी फोड़ आयोजन में हिस्सा लेकर पुरुस्कार जीतने का प्रयास किया जायेगा। बिरसा के दुर्गा मंदिर प्रांगण में मटकी फोड़ का आयोजन किया जायेगा जिसमे गोपालों को हिस्सा लेने की अपील की गयी हैं।

# मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने कुम्हारी में 15 लाख रुपये के विकास कार्यो का किया भूमि पूजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(07सितम्बर )मध्यप्रदेश शासन के नर्मदा घाटी विकास मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुम्हारी में 15 लाख रुपये की लागत के दो कार्यो के लिये भूमि पूजन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, उप सरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे मंत्री बिसेन ने ग्राम कुम्हारी में 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले व्यायाम शाला एवं 05 लाख रुपये की लागत से बनने वाले प्रवेश द्वार के निर्माण के लिये भूमि पूजन किया। इन दोनो कार्यो के लिये मंत्री श्री बिसेन ने अपनी विधायक निधि से राशि स्वीकृत की है। मंत्री बिसेन ने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित



करते हुये कहा कि राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र विकास हमारा एजेण्डा है और इसी लक्ष्य को लेकर हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम कुम्हारी में ग्रामीणों द्वारा जो कुछ भी समस्याएं बतायी गई है उनका निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ देकर हमारी सरकार ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उज्जवला योजना की हितग्राही महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेण्डर देने की घोषणा मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा की गई है। इसका लाभ जिले की उज्जवला योजना की हितग्राही महिलाओं को भी मिलेगा।

# मल्हार के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शेषनारायण गुप्ता शिक्षक दिवस में हुए सम्मानित

**समाज जागरण ब्यूरो**

मल्हार। मल्हार के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शेषनारायण गुप्ता का सम्मान जल संसाधन विभाग के प्रार्थना भवन में शॉल श्रीफल पेन डायरी में मोंटू देखकर छत्तीसगढ़, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा श्रीमती रश्मि सिंह एवं संतोष कौशिक गुरु जी के कर कमलों द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि गुप्ता ने अपने अध्यापक कार्य करते हुए 400 कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन डेढ़ सौ एक डेढ़ सौ कविता क्षणिका तथा 21 वार्ता आकाशवाणी बिलासपुर रायपुर से किए हैं। साथी मध्यान भोजन में उनके द्वारा नवाचार अप्रोच रोड निर्माण तथा मंच निर्माण कराकर शाला एवं छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर अनुकरणीय कार्य किया है। सम्मान समारोह के अवसर पर जिला शाखा अध्यक्ष चंद्रशेखर पांडे, विकासखंड शिक्षा



अधिकारी मस्तूरी अश्वनी भारद्वाज, श्रीमती सुषमा शर्मा, कौशल कौशिक, डीआर कौशिक, देवेंद्र पटेल, अखिलेश तिवारी, देवेंद्र ठाकुर आदि के संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 199 शिक्षकों का सम्मान विधायक संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किया गया। महिला शिक्षकों की उपस्थिति रही। श्री गुप्ता के सम्मानित होने पर गणेश राजू राजेश पांडे पोस्टमास्टर ओम प्रकाश पांडे ने प्रसन्नता व्यक्त किया

# हलशष्ठी पर माताओं ने की रखी संतान की प्राप्ति एवम उनकी दीघाऊं की कामना

**समाज जागरण ब्यूरो**

सीपत। भाद्र मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि मंगलवार 5 सितंबर को महिलाओं ने हलशष्ठी माता की पूजा अर्चना कर व्रत रखी इस दौरान उन्होंने अपने संतान की प्राप्ति और दीघार्यु होने की कामना की हलशष्ठी व्रत के दिन महिलाएं पूजा के बाद छठ का प्रसाद लगाई और पुजन कथा के पश्चात अपने बच्चों को पोता मारकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान कर उनकी दीर्घाऊ की कामना की ' इस दिन पर पसहर का चावल भैंस की दूध दही घी लेने की विधि है और महिलाएं आज के दिन हल से जोते हुए अनाज का सेवन करना उन्हे वर्जित रहता है पूजा के समय महुआ के पत्ते पर भैंस के घी से छठ माता का चित्र बनाकर पूजा कर दो बनावटी तालाब बनाकर उसमें पलाश बेर आम का नकली पेड़ लगाकर पूजा अर्चना की और अपनी पुत्र दीघार्यु की कामना की ' सीपत नगर के सभी मोहल्लों भक्ति भाव से हलशष्ठि माता की पूजा अर्चना की गई ।

# गुड मार्निंग फैमिली चंद्रशेखर नगर ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर गुड मॉर्निंग फैमिली चंद्रशेखर नगर बलिया द्वारा नगर स्थित एक रेस्टोरेंट के सभागार में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान गुड मॉर्निंग फैमिली द्वारा जनपद में शिक्षा व पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों व पत्रकारों को स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र तथा अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गुड मॉर्निंग फैमिली के सदस्य व पत्रकार पद्मदेव सिंह के द्वारा राहुल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बलिया जनपद के अपर जिला सूचना अधिकारी जितेंद्र सिंह यादव को पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर पीके सिंह द्वारा अंगवस्त्रम व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे हेमवंती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय गढ़वाल उत्तराखंड के पूर्व कुलपति लल्लन सिंह ने अपनी रचित पुस्तक 'आधुनिक राज्य का रक्षा तंत्र' का भी विमोचन कर अपने छात्रों को शिक्षक दिवस का उपहार दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बांसडीह नगर पंचायत के अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पीके सिंह तथा अपर सूचना



अधिकारी जितेंद्र सिंह यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल सिंह व संचालन सुधीर सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री प्रकाश पांडे मुन्ना जी, राघवेंद्र सिंह पप्पू, डा. केके उपाध्याय, मंटू बाबा, ओमप्रकाश वर्मा, अनुपम खत्री, इम्तियाज अहमद, अर्जुन सिंह, राजेश्वर सिंह एडवोकेट, रजनीश श्रीवास्तव, अजय सिंह, सूचना विभाग से देश दीपक यादव "सोनू", अरुण कुमार, प्रभु नाथ जी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवि के दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के तत्वावधान में उच्च शिक्षा के सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. संजीत कुमार गुप्ता, कुलपति ने कहा कि यह दिन उन गुरुओं को स्मरण करने का है जिन्होंने भी हमें जीवन में कुछ सिखाया है। सम्मानित गुरुओं के चरणागम से हमारे विवि का कल्याण होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रो. लल्लन जी सिंह, पूर्व कुलपति, हेमवतीनंदन बहुगुणा विवि, उत्तराखंड ने कहा कि प्रकृति प्रदत्त हमारी प्रथम गुरु माँ है, जिसने हमें जीवन का प्राथमिक ज्ञान दिया।

विशिष्ट अतिथि प्रो. गोपालनाथ तिवारी, पूर्व प्रोफेसर, आईआईटी दिल्ली ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते क्योंकि शिक्षक विद्यार्थियों को जीवनपर्यंत ज्ञान प्रदान करता है। हम सभी शिक्षक यदि राधाकृष्णन नहीं बन सकते तो अपने गाँव का तो राधाकृष्णन बन ही सकते हैं। विशिष्ट अतिथि तुलसीराम ने कहा कि हम सभी गुरु ऋण से कभी उऋण नहीं हो सकते। भारतीय परंपरा में गुरु की महत्ता अत्यधिक रही है। यह गुरुवंदन का



कार्यक्रम उसी की एक कड़ी है। विशिष्ट अतिथि परमेश्वरन श्री रहे। कार्यक्रम का संचालन शोधपीठ के निदेशक प्रो. रामकृष्ण उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में प्रो. कामेश्वरनाथ सिंह, प्रो. कल्पनाथ चौबे, प्रो. दिलीप श्रीवास्तव, प्रो. हैदर अली, प्रो. गणेश पाठक, प्रो. अंजनी कुमार सिंह, प्रो. रामशरण पाण्डेय, प्रो. गजेंद्रपाल सिंह, प्रो. रीना सक्सेना, प्रो. प्रतिभा त्रिपाठी आदि प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया।

# कालाजार उन्मूलन के लिए प्रभावित आठ ब्लॉक में हो रहा कीटनाशक छिड़काव

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जनपद में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कालाजार रोधी सिंथेटिक पायराथ्राईड का छिड़काव किया जा रहा है` छिड़काव का काम एक सिंतबर से चल रहा है।ग्रामीण इलाकों मे मिट्टी के घरों या कच्चे घरों, दरारों, दीवारों आदि में पनपने वाली बालू मक्खी को खत्म करने के लिए इंडोर रेजीडुअल स्प्रेईंग (आईआरएस) की जाती है।



जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) सुनील कुमार यादव ने बताया कि जनपद में जनवरी 2023 से अब तक कालाजार के तीन रोगी पाए गये, जिसमें एक वीएल (बुखार वाला कालाजार) और दो पीकेडीएल (चमड़े वाला कालाजार) के मरीज हैं। उन्होंने कहा कि कालाजार एक जानलेवा रोग है जो कि बालू मक्खी के काटने से फैलता है और अक्सर यह ग्रामीण क्षेत्रों में मकान की दरारों,कच्चे घरों, दीवारों में पायी जाती है` घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखकर एवं मच्छरदानी का प्रयोग कर इस रोग से बचा जा सकता है उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति को 15 दिन से अधिक बुखार का आना, भूख नहीं लगना, खून की कमी, वजन घटना, रोगी की त्वचा का रंग काला होना आदि कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। वहीं इसके मुख्य लक्षण मे से एक है त्वचा पर धब्बा बनना। यदि किसीव्यक्ति में इस तरह के लक्षण नजर आएं तो तत्काल अपने नजदीक के सामुदायिक- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी व पीएचसी) पर जांच कराएं तथा जिला चिकित्सालय पर इलाज कराऐं

### *कालाजार प्रभावित ब्लॉक*

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जनपद में हनुमानगंज, मुरलीछपरा, कोटवा, रेवती, दुबहड़, चिलकहर, मनियर, बांसडीह, सोहाव,और पंदह ब्लॉक कालाजार प्रभावित हैं।

# सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर चल रही सरकारी योजनाओं की समीक्षा

## *-खराब प्रगति वाले अधिकारियों को जिलाधिकारी ने दी कड़ी हिदायत*

## *-कहा, सुधार नहीं हुआ तो ह्यनो वर्क नो पेह्य की होगी कार्रवाई*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर चल रही सरकारी योजनाओं की समीक्षा बुधवार को विकास भवन सभागार में की। उन्होंने विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। जिनकी प्रगति खराब मिली, सम्बन्धित अधिकारी को कड़ी चेतावनी देते हुए सुधार लाने की हिदायत दी। कहा कि बिना किसी सही कारण के प्रगति खराब मिली तो सम्बन्धित की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरूद्ध ह्यनो वर्क नो पेह्य की भी कार्यवाही होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिस अधिकारी की वजह से जिले की पूरी रैंकिंग खराब होगी, उनको बख्शा नहीं जाएगा। इसलिए इसका ख्याल रखते हुए अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान दें। निर्धारित समयावधि के बाद भी कई आवेदन लम्बित होने के कारण श्रम विभाग की श्रेणी ज्यादा खराब होने पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी को फटकार लगाते हुए एक हप्ते के अंदर सुधार लाने की कड़ी चेतावनी दी। कृषि विभाग व लोक निर्माण विभाग की भी प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए सुधार लाने को कहा। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन जिलों की प्रगति अच्छी है, वहां के अपने समकक्ष अधिकारी से बात करें, उनसे सीख लेते हुए अपने यहां भी बेहतर परिणाम लाकर दिखाएं। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, एडीएम डीपी सिंह, डीएसटीओ विजय शंकर, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाली कार्यदाई संस्थाओं पर होगी करवाई

## -विकास भवन के सभागार में मुख्यमंत्री प्राथमिकता वाली विकास योजनाओं की समीक्षा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली एवं 50 लाख से अधिक लागत वाली निमार्णाधीन विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में कार्यदायी संस्थाओं के मुख्य अधिकारी सम्मिलित रहे। इस बैठक में पिछले माह से वर्तमान माह तक की भौतिक रिपोर्ट का आकलन किया गया। जिले में सीएन्डडीएस उत्तर प्रदेश जल निगम आजमगढ़, यूपीपीसीएल यूपीआरएनएसएस, बलिया (पूर्व नाम पैकफेड), राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, निर्माण खंड-वाराणसी- 03 आजमगढ़, उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड, बलिया, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड (पूर्व नाम लैकफेड), उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड, वाराणसी, और उत्तर प्रदेश जल निगम, बलिया सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जिले में विकास से संबंधित निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

कार्यदायी संस्था सीएन्डडीएस के कार्यों में राजकीय इंटर कॉलेज, सिकंदरपुर, राजकीय पॉलिटेक्निक, बैरिया नगर पंचायत नगरा एवं रतसड़ में नगर पंचायत भवन का निर्माण ,नगर पालिका परिषद बलिया में लीगेसी वेस्ट के निस्तारण के निर्माण कार्य और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बलिया एवं सीयर को उन्नयन किए जाने हेतु आधुनिक कार्यशाला, प्रशिक्षण कक्ष का निर्माण की भौतिक प्रगति कम पाए जाने पर जिलाधिकारी




ने इस संस्था के अधिशासी अभियंता के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार यूपीपीसीएल के कार्यों की समीक्षा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रसड़ा एवं चिलकहर में हॉस्टल निर्माण का कार्य, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के परिसर में अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं हेतु 100 छात्रों की क्षमता के छात्रावास का निर्माण कार्य ,जिला चिकित्सालय बलिया में नलकूप रिवोर पाइपलाइन की स्थापना एवं ओवरहेड टैंक के मरम्मत का कार्य और जनपद के थानों में हॉस्टल वैरक व विवेचना कक्ष जैसे निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सोनबरसा ,राजकीय महाविद्यालय, बैरिया के अधूरे पड़े निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। इसी प्रकार यूपीआरएनएसएस, यूपीसिडको तथा अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जिले में संचालित निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी द्वारा बारी-बारी से समीक्षा की गयी और जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। कहा कि जितने भी निमार्णाधीन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उसे संबंधित विभाग को हैंड ओवर करें और अधूरे निर्माण कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं निमार्णाधीन परियोजनाओं की भौतिक प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री अनुश्रवण प्रणाली पोर्टल के माध्यम से अपडेट करें।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में लापरवाही करने वाली कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को चेतावनी दी और कहा कि निमार्णाधीन परियोजनाओं को तय समय में पूरा न करने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और इसकी रिपोर्ट शासन में भी भेजी जाएगी। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा एवं अन्य अधिकारियों सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद थे।

# आबकारी व खाद्य कारोबारियों के लिये चार दिवसीय कैम्प का आयोजन

**समाज जागरण**

बलिया : आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर जनपद में आबकारी और अन्य खाद्य पदार्थों से जुड़े व्यवसाइयों के लिए तहसीलों में कैंप का आयोजन 7 से 10 सितंबर तक किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आबकारी से जुड़े कारोबारकताओं के लिए कार्यालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन पर 8 सितंबर को कैंप लगाया जाएगा। इसके साथ ही सिकंदरपुर तहसील के सब्जी मंडी में 7 सितंबर को, सदर तहसील के मॉडल तहसील में, बैरिया तहसील के रानीगंज में 8 सितंबर को, नगर पालिका बलिया क्षेत्र के कारोबारकताओं के लिए सब्जी मंडी में 9 सितंबर को तथा रसड़ा तहसील के खाद्य कारोबारकताओं के लिए 10 सितंबर को भगत सिंह चौराहे पर कैंप लगाया जाएगा। श्री मिश्र ने बताया कि कैंप में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आबकारी कारोबारियों व अन्य खाद्य कारोबारी जो अब तक लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन प्राप्त नहीं किए हैं या जिनका कालातीत हो गया है वे कैंप के माध्यम से लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन प्राप्त कर सकते हैं।

# उत्सव के माहौल में होगा अमृत कलश यात्रा का आयोजन

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमाार ने ह्यमेरी माटी मेरा देशह्ल कार्यक्रम के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा के आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार में बैठक की। उन्होंने सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को बताते हुए उसी हिसाब से अभी से अपनी तैयारी करने का निर्देश दिया।

कहा कि जिनको जो कार्य करना है, पूरी गंभीरता से करेंगे। इस अभियान से जुड़े कार्य में थोड़ी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। नगरीय क्षेत्रों में तैयारी पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 11 सितम्बर से कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र में हर ग्राम पंचायत में ढ़ोल, नगाड़ों, शहनाई के वादन के साथ जुलूस निकलेगी और हर घर से एक मुट्ठी मिट्टी व एक चुटकी चावल अक्षत के रूप में लिया जाएगा। जुलूस में युवक व महिला मंगल दल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम सहित समस्त ग्राम स्तरीय कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व ग्राम सभा के उत्साही युवा मिट्टी व अक्षत एकत्र करने के किसी साधन के साथ



प्रतिभाग करेंगे। सग्रहण करने के बाद पंचायत भवन पर इसे रखा जाएगा। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार यही कार्यवाही होगी। प्रत्येक ग्राम व वार्ड से लायी गयी मिट्टी को अमृत कलश में भरने के बाद धूमधाम से ब्लॉक मुख्यालय तक, और वहां से जिला मुख्यालय भेजा जाएगा। ब्लॉक व जिले पर भव्य कार्यक्रम भी होगा, जिसमें पंच प्राण की प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी।

### अमृत यात्रियों पर पुष्पवर्षा

जिलाधिकारी ने कहा कि कलश को स्थानीय स्तर से सुलभ वाहनों पर सजाकर धूमधाम से ले जाया जाएगा। यह पूरा कार्यक्रम एक उत्सव के माहौल में किया जाएगा। कलश सुंदर कलात्मक, सजावट किया हुआ या तिरंगा के रंग में रंगा हुआ होगा। कलश लेकर चलने वाले अमृत यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इसके लिए डीआईओएस व बीएसए को निर्देशित किया। बताया कि राजधानी लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम होगा, जहां अमृत कलश-संवाहक जिला स्तरीय चयनित प्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, एडीएम डीपी सिंह सहित पंचायत व नगरीय निकाय से सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

# बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया विद्युत स्टेशन का घेराव

## -अधिकारी विद्युत स्टेशन जाने की नहीं जुटा पाए हिम्मत, विधायक आवास पर हुई जुटान

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर गाँव में बिजली की समस्या को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने सैदपुर घोघा स्थित बिधुत सब स्टेशन का घेराव कर दिया।

विद्युत स्टेशन के बाहर ग्रामीणों की भीड़ देखकर वहां से कर्मचारी खिसक गये और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्रामीण जेइ व एसडीओ को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। ग्रामीणों के तेवर देखकर किसी भी अधिकारी ने वहां पंहुचने की हिम्मत नही की और अधिकारियों के घंटो इंतजार के बाद ग्रामीणों का हुजूम बांसडीह विधायक के मैरिटार स्थित आवास पर पंहुच गया। और बिजली की समस्या के निस्तारण के लिये विधायक के आवास पर बैठ गए। बड़ी संख्या में ग्रामीणों के वहां पंहुचने के बाद विधायक उनके बीच आकर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा तो ग्रामीणों ने बताया कि दस हजार की आबादी वाले उनके गांव में विद्युत आपूर्ति के लिये पांच ट्रांसफार्मर लगाये गए हैं। जिनमें मौजूदा समय सभी ट्रांसफार्मर कई दिन से जल चुके है और लाख



शिकायत के बाद भी विजली विभाग से कोई राहत नही मिली है। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद विधायक ने तत्काल उपखंड अधिकारी और जेइ को फोन कर ग्रामीणों की समस्या को निस्तारित करने के लिये कहा। और कहा कि किसी भी हाल में बुधवार शाम तक सभी ट्रांसफार्मर बदलवा दिया जाय। चेताया कि शासन की मंशा के विपरीत कार्यप्रणाली कतई स्वीकार नही की जायेगी। विधायक के आश्वासन पर सभी ग्रामीण वापस हो लिए। इस संबंध में विधायक केतकी सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जले हुए ट्रांसफार्मर की समस्या बताई गयी। जिसे तत्काल निस्तारित करने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों को उनकी हर समस्या में सहयोग का आश्वासन भी दिया गया। इस दौरान अजीत कुमार, संजय सिंह परिहार, चंदन सिंह ,समीर अंसारी, विजय चौधरी, संतोष सिंह, मिथुन पासवान ,गुड्डू पासवान ,सोनू गुप्ता समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# माधुरी स्मृति ज्ञान प्रतियोगिता, एसडीएम रहे मुख्य अतिथि

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : अंकुर पब्लिक इं० कालेज बांसडीह के प्रांगण में बुधवार को माधुरी स्मृति ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी बांसडीह राजेश गुप्ता रहे। उपजिलाधिकारी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया ।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि आज यही बच्चे राष्ट्र की धरोहर है।यही बच्चे आगे चलकर



देश के विभिन्न कोने में जाकर देश का नाम रौशन करते हैं।

बता दे की विद्यालय में प्रत्येक वर्ष विद्यालय की संस्थापिका माधुरी देवी की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राएं प्रतिभाग करते हैं। इसी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले कक्षा 10 के जयंत सिंह को साइकिल द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली मन्नत कुमारी को सीलिंग फैन व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली भूमांजली को घड़ी पुरस्कार स्वरूप उपजिलाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक तरुण प्रकाश सिंह उर्फ पप्पू ने उपजिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

व आये हुए अतिथियो का स्वागत किया। प्रधानाचार्य डॉ नीतू सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# पटमदा के लावा गांव में 2 ट्रांसफॉर्मर खराब, अंधेरे में सैकड़ों ग्रामीण

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखंड मुख्यालय से सटे लावा गांव में 2 विद्युत ट्रांसफॉर्मर खराब होने से सैकड़ों ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। इस संबंध में लावा के ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने बताया कि काली मंदिर के पास स्थित 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर पिछले दो दिनों से खराब होने से बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल फोन चार्जिंग, मोटर पंप से पानी भरने जैसी कई जरूरी सेवाएं बंद हो गई है।



वहीं पेट्रोल पंप के पास स्थित 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर मंगलवार से खराब है। दोनों ही ट्रांसफॉर्मर खराब होने से गांव पूरी तरह से अंधेरे में है और लोगों को बरसात के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात के अंधेरे में लोगों को सांप-बिच्छुओं से खतरे का भय बना हुआ है।व्यवसायी सह समाजसेवी विजय कुमार पंडित का कहना है कि उमस भरी गर्मी के कारण परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी एवं विद्युत विभाग के जेई से भी बात की गई है लेकिन कोई सकारात्मक आश्वासन नहीं मिला। उन्होंने बताया कि टीआरडब्ल्यू में ही स्टॉक नहीं होने की जानकारी दी गई है इसलिए आज भी ट्रांसफॉर्मर मिलने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब देने लगा है और लोग आंदोलन का मूड बना रहे हैं। दोनों ही ट्रांसफॉर्मर करीब 8 माह पूर्व लगाया गया था जो उस वक्त भी पुराना ही मिला था इसलिए जल्द ही खराब हो गया।

# पटमदा में प्रखंडस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता संपन्न, दर्जनों बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बुधवार को पटमदा के एसएस प्लस टू हाई स्कूल मैदान में प्रखंडस्तरीय खेलो झारखंड 2023-24 का आयोजन बारिश के बीच देर शाम तक संपन्न हुआ। इसमें कक्षा 6-8 बालक-बालिका एवं 9-12 बालक-बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर व 800 मीटर रेस, तीरंदाजी, लम्बी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, शार्ट पुट, जैवलिन थ्रो आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

प्रखंड शिक्षा परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पटमदा उत्तरी के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पटमदा दक्षिणी के जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, मुखिया संघ के अध्यक्ष कृष्णपद सिंह तथा सेवानिवृत्त शिक्षक छुटुलाल महतो ने दर्जनों सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इससे पूर्व उपस्थित अतिथियों को प्रखंड शिक्षा परिवार की ओर से फूलदार पौधों द्वारा स्वागत किया गया।



मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, खेल संचालन कमेटी के सदस्य राजेश कुमार, अवनी महांती, रवि नरेश प्रसाद, प्रबोध कुमार महतो, रामपद महतो, डॉ. समीर कुमार ,अजीत कुमार, गोपेश्वर रजक, पशुपति महतो, इंद्र नारायण गोप, हरप्रीत सिंह कोर, कृष्ण चंद्र दास, अमरेश कुमार, निशित कुमार एवं अन्य शिक्षकों का सक्रिय योगदान रहा।

# शिक्षक दिवस पर सम्मानित डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा- अन्य स्कूलों को भी मिलेगी प्रेरणा

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : मंगलवार को जमशेदपुर में शिक्षक दिवस के मौके पर जिलास्तर पर आयोजित समारोह में सम्मानित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा के प्रधानाध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार ने इसका श्रेय सहायक शिक्षकों व विद्यार्थियों को दिया है।



उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों के कठिन मेहनत, विद्यार्थियों द्वारा समय सारणी के अनुसार सभी शैक्षणिक गतिविधियों में नियमित रूप से भाग लेने एवं वरीय पदाधिकारियों के नियमित मार्गदर्शन से ही यह संभव हो पाया है। शैक्षणिक सत्र 2023 -24 में हम सभी शिक्षकों की जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ गई है। कहा कि इससे क्षेत्र के अन्य स्कूलों को भी प्रेरणा मिलेगी और क्षेत्र का शैक्षणिक माहौल भी बेहतर होगा।

गौरतलब हो कि प्लस टू राज्य संपोषित उच्च विद्यालय पटमदा के छात्रों ने वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा में पूर्वी सिंहभूम जिला एवं कोल्हान प्रमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रधानाध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार को जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निर्मला कुमारी बरेलिया, जिला शिक्षा अधीक्षक सुश्री निशु कुमारी व अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी धालभूम आशीष पांडे द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इसके बाद क्षेत्र के अभिभाववक व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों से लगातार मिल रही बधाइयों से वे काफी उत्साहित हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के आदेशानुसार आयोजित समारोह में जिले के चार स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया था।

# कृषि छात्रों की बेहतरी के लिए एक आयोजन

**समाज जागरण**

बलिया : श्री मुरली मनोहर टाउन महाविद्यालय में कृषि के छात्र छात्राओं हेतु एकेडमीक कैरियर दिशा निर्देश के तत्वावधान में एक आयोजन हुआ।

प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह के संयोजक के रूप में कैरियर इन फूड प्रोसेसिंग तथा उद्योग विषय पर अमरनाथ द्विवेदी फाउंडर आफ अड्डुतेज, कृषि प्रोसेस फूड प्रोडक्ट मुंबई द्वारा एग्रो इंडस्ट्रीज जुड़ाव, स्वरोजगार के आयाम, कृषि के सभी क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएं तथा फ्लेक्स बीज के उत्पाद,



विज्ञापन, पैकेजिंग और बाजार में आने वाले समस्या तथा प्रतियोगिता परीक्षा पर ट्रिक बताये। व्याख्यान के डेढ़ घंटे पश्चाता छात्रों ने लगभग 2 घण्टे तक प्रश्नोत्तर के माध्यम से लाभ लिए। कृषि के छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम में प्रोफेसर निशा राघव के निर्देश पर वनस्पति विज्ञान के छात्र छात्राएं, शोध छात्र भी जानकारी लिए। आज जब रोजगार एक मुख्य मुद्दा है ऐसे में छात्रों ने इस प्रकार के मुद्दों पर अपना ध्यानाकर्षक कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह तथा धन्यवाद प्रोफेसर दायालानंद राय ने ज्ञापित किया।

# अवैध खनन मामले में हेमंत सोरेन सहित 20 के विरुद्ध साहिबगंज के मुफ्फसिल थाने में ऑनलाइन प्राथमिकी

**दैनिक समाज जागरण साजिद ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) बोकारो के जरीडीह निवासी तीर्थ नाथ आकाश ने तीन सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 20 के विरुद्ध ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह प्राथमिकी साहिबगंज के मुफ्फसिल थाने में दर्ज कराई गई है। झारखण्ड उच्च न्यायालय ने 27 अप्रैल को इस संबंध में आदेश जारी किया था। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले में शिकायतकर्ता तीर्थ नाथ आकाश ने 21 मई 2021 को हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। जिसमें आरोप है कि सभी आरोपियों की मिलीभगत से साहिबगंज में अवैध पत्थर खनन कर प्रतिदिन एक हजार से अधिक ट्रकों से अवैध पत्थर की ढुलाई हो रही है। इससे राज्य सरकार को भारी मात्रा में राजस्व का नुकसान हो रहा है। खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद हैं। आरोप है कि उनके प्रभाव की वजह से संबंधित विभागों के अधिकारी सबकुछ जानते हुए भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

इनके विरुद्ध दर्ज कराई गई है प्राथमिकी

जिनके विरुद्ध ऑन लाइन प्राथमिकी दर्ज कराई गई है उनमें, हेमंत सोरेन, अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, पंकज मिश्रा, जिला वन अधिकारी साहिबगंज मनीष तिवारी, जिला खनन पदाधिकारी साहिबगंज विभूति कुमार, उपायुक्त साहिबगंज राम निवास यादव, तत्कालीन एसपी साहिबगंज अनुरंजन किस्पोट्टा, एसडीपीओ साहिबगंज राजेंद्र दुबे, तत्कालीन एसडीपीओ बड़हरवा प्रमोद कुमार मिश्रा, दाहू यादव, विष्णु प्रसाद यादव, पवीतर कुमार यादव उर्फ गुड्डू, आलोक रंजन, पतरू सिंह




उर्फ अवध किशोर सिंह, टिंकल भगत, बच्चू यादव, संजय कुमार यादव उर्फ काला संजय, भगवान भगत, भवेश भगत और विक्रम प्रसाद सिंह उर्फ सोनू सिंह शामिल है।

हर साल 400 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान

प्राथमिकी में यह भी बताया गया है कि पूरे इलाके में अवैध खनन के लिए अवैध तरीके से खनन में विस्फोटकों का भी प्रयोग किया गया। अवैध पत्थरों को गंगा नदी, सड़क व रेल के माध्यम से भी ढुलवाया गया। वहीं प्रति ट्रक 1500 रुपये की अवैध तरीके से वसूली भी की गई। आंकड़ा देखा जाय तो प्रतिदिन एक करोड़ आठ लाख रुपये के राजस्व का नुकसान राज्य सरकार को हुआ। हर साल करीब 400 करोड़ के राजस्व का नुकसान सरकार को हुआ। साहिबगंज में तीन जगहों से फेरी सेवा के माध्यम से अवैध पत्थरों की ढुलाई कराई गई। इनमें साहिबगंज के गरम घाट से बिहार के कटिहार का मनीहारी घाट, समदा घाट से मनीहारी घाट व राजमहल घाट से पश्चिम बंगाल के मानीकचक घाट शामिल हैं। साहिबगंज से अवैध पत्थर की ढुलाई मिर्जा चौकी से पिरपैंती व कोटालपोखर से पश्चिम बंगाल की तरफ होती है। अवैध खनन को झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास, मुख्य सचिव, डीसी साहिबगंज ने भी सहयोग किया। सभी आरोपियों व संदिग्धों को अवैध खनन के लिए उत्प्रेरित किया गया और उन्हें संरक्षण दिया गया।

# कार्यपालक अभियंता पर रिश्वत लेने और करोड़ों की चल-अचल संपत्ति अर्जित करने का आरोप

**दैनिक समाज जागरण साजिद ब्यूरो चीफ**

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दी है। मुख्यमंत्री ने इस कड़ी में प्रथम श्रेणी के पदाधिकारी मनोज कुमार विद्यार्थी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, चाईबासा के विरूद्ध पी.ई. दर्ज करने की अनुमति दिये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है।

बताते चले उक्त अधिकारी पर रिश्वत लेने और करोड़ों की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

मामले के सत्यापनकर्ता पुलिस निरीक्षक द्वारा समर्पित प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी मनोज कुमार



विधार्थी की गिरफ्तारी के उपरांत उनके घर की तलाशी में बरामद 9,05,200 रूपए के संबंध में आरोपी के द्वारा रिश्वत लेने एवं रिश्वत की रकम को अपने किराए के मकान में रखने के आरोप को प्रथम दृष्टया सत्य पाया गया। आरोपी एवं आरोपी की पत्नी के नाम से पटना, रांची एवं उनके पैतृक गांव में करोड़ों की अचल संपत्ति होने का उल्लेख किया गया है। मामले में गुप्त रूप से सत्यापन के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी है कि आरोपी मनोज कुमार विद्यार्थी ने ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के बिल भुगतान करने के एवज में प्रतिशत के हिसाब से रिश्वत लिया करते थे।

# नियमित पानी के मांग को लेकर घेराव प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण**

तिसरा। गोल्डन पहाड़ी में नियमित पिट वाटर पानी की आपूर्ति की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने जनता मजदूर संघ के नेतृत्व में नॉर्थ साउथ तिसरा परियोजना पदाधिकारी एसके सिन्हा और प्रबंधक डीके माजी को परियोजना कार्यालय में लगभग तीन घंटा तक घेराव किया। बाद में लोदना जी एम से दूरभाष पर परियोजना पदाधिकारी ने आंदोलन कार्यों की वार्ता कराई टैंकर से जलापूर्ति करने का आश्वासन दिया इसके बाद घेराव समाप्त हुआ।

नेतृत्व कर रहे केंद्रीय उपाध्यक्ष संजीत सिंह और क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह ने बताया कि गोलडेन पहाड़ी में इन दोनों पानी का घोर पिछले 15 दिनों से क्षेत्र में परेशानी थी जब वह ठीक हुआ तो अब एक सप्ताह से पानी ही नहीं आ रहा टैंकर से भी आपूर्ति होती थी उसमें भी भेदभाव किया जा रहा है यहां तक की कोलियरी का टैंकर खराब पड़ा है दो हजार से अधिक लोग यहां रहते हैं साउथ तीसरा में एक मोटर पंप जिससे वहां से पानी की आपूर्ति होती थी वह भी खराब है संजीत सिंह ने यहां तो का रोक



लगाया कि प्रबंधन को यदि आउटसोर्सिंग के अधिकारी बोलेगा तो उसके लिए बीसीसीएल का क्रेन चला जाएगा लेकिन जब मजदूर कॉलोनी की बात होती है तो क्रेन नहीं मिलता है इसका रंग काम करने में परेशानी हो रही है। परियोजना पदाधिकारी को पानी के सवाल पर काफी फजीहत की गई प्रबंधक डी के माजी आक्रोशित लोगों को समझ रहे थे लेकिन लोग मरने को तैयार नहीं थे लोगों का कहना था कि अक्सर गोल्डन पहाड़ी के लोग ही पानी के लिए परेशान रहते हैं प्रबंध ने जल्द जल्द समाधान करने की बात कही तब जाकर घेराओ समाप्त हुआ। मौके पर अभियंता हिमांशु कुमार , राय बाबू सिंह,उमेश सिंह,रितेश निषाद,रमेश सिन्हा, मुकुटमणि भटाचार्या , तूफान सिंह अशोक पासवान संजय पासवान विक्की सिंह टिंकू निषाद विजय शर्मा उज्जवल सिंह।

# पटमदा के लावा गांव में 2 ट्रांसफॉर्मर खराब, अंधेरे में सैकड़ों ग्रामीण

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखंड मुख्यालय से सटे लावा गांव में 2 विद्युत ट्रांसफॉर्मर खराब होने से सैकड़ों ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। इस संबंध में लावा के ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने बताया कि काली मंदिर के पास स्थित 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर पिछले दो दिनों से खराब होने से बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल फोन चार्जिंग, मोटर पंप से पानी भरने जैसी कई जरूरी सेवाएं बंद हो गई है।

वहीं पेट्रोल पंप के पास स्थित 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर मंगलवार से खराब है। दोनों ही ट्रांसफॉर्मर खराब होने से गांव पूरी तरह से अंधेरे में है और लोगों को बरसात के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात के अंधेरे में लोगों को सांप-बिच्छुओं से खतरे का भय बना हुआ है।व्यवसायी सह समाजसेवी विजय कुमार पंडित का कहना है कि उमस भरी गर्मी के कारण परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी एवं विद्युत विभाग के जेई से भी बात की गई है



लेकिन कोई सकारात्मक आश्वासन नहीं मिला। उन्होंने बताया कि टीआरडब्ल्यू में ही स्टॉक नहीं होने की जानकारी दी गई है इसलिए आज भी ट्रांसफॉर्मर मिलने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब देने लगा है और लोग आंदोलन का मूड बना रहे हैं। दोनों ही ट्रांसफॉर्मर करीब 8 माह पूर्व लगाया गया था जो उस वक्त भी पुराना ही मिला था इसलिए जल्द ही खराब हो गया।

# भाजपा मयूरहंड मंडल की बैठक हुई संपन्न : लिये गये कई अहम निर्णय

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)06 सितम्बर 2023:-जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में बुधवार को भाजपा मयूरहंड मंडल की बैठक अयोध्या नंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजत की गई।बैठक में मुख्य रुप से भाजपा जिला महामंत्री सह प्रवेक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह एवं सिमरिया विधानसभा के भाजपा पूर्व प्रत्याशी सुजित भारती उपस्थित हुए।बैठक में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अगामी 12 सितंबर को सिमरिया में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करेंगे।इसे लेकर मयूरहंड प्रखंड के दस पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सिमरिया पहुंचने



का संकल्प लिया गया।इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाडा मनाने को लेकर चर्चा की गई।मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सभी गांवों से मिट्टी संग्रह करने को लेकर कमिटी का गठन किया गया। ताकि सभी गांवों से मिट्टी संग्रह कर प्रखंड मुख्यालय लाया जा सके।मेरी माटी मेरा देश के तहत मयूरहंड मुखिया मृदुला देवी ने कलश में मिट्टी समर्पित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री महेंद्र नायक, अश्विनी सिंह, नरेश सिंह, अशोक मेहता, सुदामा महतो, डी एन प्रसाद, संतोष कुमार,सुभाष वर्मा के अलावा दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्वच्छता प्रमंडलीय कार्यालय परिसर के चौकीदार के किए एफ आई आर पर चोरों को किया गया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण साजिद ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) चास थाना क्षेत्र के पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडलीय कार्यालय परिसर में रखा पुराना चापाकल का बैरल को चोरों द्वारा मंगलवार रात पिकअप वाहन(जेएच12ई-4012) में लोड कर भाग निकले। चोरी की सूचना पर रात्रि गश्ती पर निकले पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और कार्रवाई करते हुए चास थाना में एक एसआईटी का गठन किया। एसआईटी ने घेराबंदी कर दो चोरों को खदेड कर पकड़ लिया। पकड़े गए चोरों में झोपड़ी कॉलोनी निवासी रंजन कुमार पंडित एवं चास के सर्वोदय नगर निवासी विट्ठ कुमार राणा शामिल है। साथ ही पिकअप में लोड पुराना चापाकल के बैरेलों को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार



अभियुक्त से पूछताछ करने पर चोरी में अपने अन्य सहयोगी राणाप्रताप नगर चास निवासी मिन्नी उर्फ शुभम कुमार, आकाश, गुमला कॉलोनी निवासी संजीव साहनी के भी शामिल होने की बात कहीं। जो घेराबंदी के क्रम में रात एवं अंधेरा का फायदा उठाकर पिकअप वाहन से कूदकर भाग गए।

छापामारी दल के सदस्य श्री संतोष कुमार पुलिस निरीक्षक-सह -थाना प्रभारी चास , अजय कुमार उपाध्याय, रवि शर्मा, प्रभात किरण कोकिल , रॉकेश बाण्डो, साविरउद्दीन अंसारी , रंजन मिश्रा ,आरक्षी 816 रामप्रसाद महतो , आरक्षी 1342 दीपक महतो थे।

## रक्तदान महादान

# देशहित, समाजहित के लिए कार्य कर रही सामाजिक संस्था "समर्पण एक नेक पहल" द्वारा हजारीबाग सदर में एक मरीज को तत्काल दुर्लभ रक्त समुह ओ नेगेटिव उपलब्ध कराई गई

**दैनिक समाज जागरण धनबाद (झारखंड)**

रविवार को संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि हजारीबाग के सदर अस्पताल में भर्ती 32 वर्षीय मरीज दिनेश कुमार को दुर्लभ रक्त समुह ओ नेगेटिव की आवश्यकता हैं घर वाले बहुत परेशान थे क्योंकि दुर्लभ रक्त समुह होने के कारण कहीं मिल पाना असम्भव सा हो गया था,

तभी इसकी सूचना संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को हुई उन्होंने श्रीनिवास ब्लड बैंक हजारीबाग के प्रबंधक से बात कर मरीज को तत्काल एक



यूनिट दुर्लभ रक्त समुह ओ नेगेटिव प्रदान करने का आग्रह किया और इसके बदले में रक्तवीर श्री प्रकाश यादव जी ने अपना ओ पॉजिटिव रक्तदान किया इसके बाद मरीज को रक्त की प्राप्ति हो सकीं और घर वालों ने चैन की साँस ली, यह संस्था लगातार तीन वर्षो से अधिक समय से जन कल्याणकारी कार्य करते आ रही हैं और इसी क्रम में अब तक सात से आठ हजार लोगों को रक्त मुहैया करा चुकी हैं

# झारखंड बंगाल भाषा उन्नयन समिति ने आमटाल विद्यालय में बांग्ला किताब का वितरण किया।

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता**

धनबाद (झारखंड)बलियापुर। झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के तत्वावधान मे बुधवार को बलियापुर प्रखंड अंतर्गत आमटाल उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओं के बीच समिति की ओर से अपुर पाठशाला खोला गया।जिसमें सभी बच्चों को बांग्ला किताब ईश्वर चंद्र विद्यासागर का वर्ण परिचय किताब वितरण किया गया,समिति के संस्थापक बेंगु ठाकुर ने कहा कि सरकार के शिक्षा नीति में साफ शब्दों में लिखा है की मातृभाषा का एक विषय विद्यालय में पढ़ना अनिवार्य है। बांग्ला भाषा के छात्र-छात्राएं अपने मातृभाषा से अपेक्षित क्यों है,सरकार




क्यों नहीं इस पर ध्यान देती है,समिति की ओर से सरकार से यह मांग करती है की झारखंड के सभी सरकारी विद्यालय के सभी बच्चों को निशुल्क बांग्ला किताब वितरण करने का काम करें।कार्यक्रम में रीना मंडल,राजू राम,सपन बनर्जी, राणा चट्टराज,सुरजीत चंद्र,अचिंत चटर्जी, जितेन दे,अभिषेक चक्रवर्ती, अशोक कुमार ग्रहचार्य,संजय गनक,पतित पावन माजी, शिबू चक्रवर्ती, आलोक माजी,राजेश कुमार महतो, अंजलि हेंब्रम,मृत्युंजय बनर्जी, गातुल ग्रहचार्ज,विमलवाला कोईरी,संदीप कुमार महतो एवं आमटाल स्कूल के शिक्षक गण तथा बंगला भाषा उन्नयन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# पटमदा में प्रखंडस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता संपन्न, दर्जनों बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बुधवार को पटमदा के एसएस प्लस टू हाई स्कूल मैदान में प्रखंडस्तरीय खेलो झारखंड 2023-24 का आयोजन बारिश के बीच देर शाम तक संपन्न हुआ। इसमें कक्षा 6-8 बालक-बालिका एवं 9-12 बालक-बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर व 800 मीटर रेस, तीरंदाजी, लम्बी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, शार्ट पुट, जैवलिन थ्रो आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

प्रखंड शिक्षा परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पटमदा उत्तरी के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पटमदा दक्षिणी के जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, मुखिया संघ के अध्यक्ष कृष्णपद सिंह तथा सेवानिवृत्त शिक्षक छुटुलाल महतो ने दर्जनों सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इससे पूर्व उपस्थित अतिथियों को प्रखंड शिक्षा परिवार की ओर से




फूलदार पौधों द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, खेल संचालन कमेटी के सदस्य राजेश कुमार, अवनी महांती, रवि नरेश प्रसाद, प्रबोध कुमार महतो, रामपद महतो, डॉ. समीर कुमार ,अजीत कुमार, गोपेश्वर रजक, पशुपति महतो, इंद्र नारायण गोप, हरप्रीत सिंह कोर, कृष्ण चंद्र दास, अमरेश कुमार, निशित कुमार एवं अन्य शिक्षकों का सक्रिय योगदान रहा।

# जन्माष्टमी पूजा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)06 सितम्बर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा मे जन्माष्टमी पूजा समिति के द्वारा गांव मे स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमे जन्माष्टमी पूजा समिति के सदस्यो ने भाग ले कर धर्म के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया।जिसमे जन्माष्टमी पूजा समिति के अध्यछ आदित्य कुमार सचिव विकास कुमार ,धीरज कुमार,मिथिलेश कुमार ,सौरभ कुमार रामनिवास कुमार ,राजा प्रसाद साहू,सुजल कुमार सोनु कुमार (शेरू),अंकित कुमार ,अभिराम शेखर,अमरदीप कुमार जो समिति के सक्रिय सदस्य है वो शामिल थे और इस अभियान मे अभिभावक स्वरूप विजय प्रसाद अहम भूमिका निभा रहे थे। अध्यछ आदित्य कुमार ने बताया की किसी भी धार्मिक कार्य की शुरूआत स्वच्छता से होती है और इसी स्वच्छता को हर किसी को अपने मन के अंदर लाने की अवस्यकता है तब ही मानव जाति का कल्याण संभव है।इस स्वच्छता अभियान को एक सराहनीय शुरूआत का स्वरूप है।



# प्रधानमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले SPG के डायरेक्टर अरुण कुमार सिन्हा का निधन

**दैनिक समाज जागरण साजिद ब्यूरो चीफ**

रांची: पीएम की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG) के डायरेक्टर अरुण कुमार सिन्हा को आज सुबह (6 सितंबर) को निधन हो गया. बताया जाता है कि लिबर में दिक्कत होने के वजह से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में 4 सितंबर में भर्ती कराया गया था. उसी दौरान 61 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई.



बता दें, भारत सरकार की मंत्रीमंडल की नियुक्ति समिति ने स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG) के निदेशक के लिए आइपीएस अरुण कुमार सिन्हा को नियुक्त किया गया था. इनकी नियुक्ति 19 मार्च 2020 से 30 जुलाई 2021 तक की अवधि थी. अरुण कुमार 1987 बैच के केरला कैडर के आईपीएस अधिकारी रह चुके थे. SPG प्रधानमंत्री सहित सभी वीवीआईपी को सुरक्षा प्रदान करते थे. इन्हें हाल ही में एसपीजी के निदेशक के तौर पर एक साल का एक्सटेंशन दिया गया था.

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमे के छात्र-छात्राओं मनाया शिक्षक दिवस

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)06 सितम्बर 2023:-जिले के प्रतापपुर के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में 5 सितंबर दिन मंगलवार को शिक्षक दिवस विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा श्रद्धा के साथ मनाया गया। बताते चले कि देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था। वह प्राध्यापक भी रह चुके थे। शिक्षक दिवस उन्ही के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हुए अपने गुरु का ,शिक्षकों का सम्मान देते हुए कृतज्ञता प्रकट विद्यार्थी वर्ग किया करते हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमे के छात्र एवं छात्राओं ने समारोह का आयोजन कर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर तिलक लगाकर, फूलमाला चढ़कर, धूप दीप दिखाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया। शिक्षक और बच्चे सभी मिलकर संयुक्त रूप से केक को काटा एवं बच्चों के बीच केक और मिठाई का वितरण किया गया । बच्चों ने, शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपनी अपनी बातें रखी। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे तथा प्रधानाध्यापक अवध ठाकुर, शिक्षक कुजेश्वर यादव, शिक्षिका निर्मला देवी कल्पना देवी, सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।



# दी सक्सेस हब कोचिंग सेंटर में मनाई गई शिक्षक दिवस

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद झ्रदी सक्सेस हब कोचिंग सेंटर लगातार 11 वर्षों से शिक्षा का ज्योत जलाकर हमारे देश को कई होनहार विद्यार्थी एवं नागरिक सौंपा हैं ।



11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक ढंग से शिक्षक दिवस मनाया । इस अवसर पर कोचिंग संस्थान के निदेशक मंटू प्रसाद ने बच्चों के समक्ष कहा की शिक्षक वह कलाकार की भांति है जो " पैरो के नीचे रौंदे जाने वाले मिट्टी को भी शिल्पकृत कर सुंदर मूरत में परिवर्तित कर देता है "। मिट्टी जिसका कोई मोल नहीं होता है परंतु ज्यो ही वह गुरु रूपी शिल्पकार के हाथों सुंदर मूरत में परिवर्तन हो जाता है तब उसकी कीमत लाखों में हो जाती है । ठीक उसी प्रकार नन्हे-मुन्ने बच्चे हैं , जो गीली मिट्टी के समान है और गुरु शिल्पकार की भांति उन बच्चों को समाज में एक अच्छा नागरिक , डॉक्टर , इंजीनियर वैज्ञानिक एवं व्यापारी तरह-तरह की शिल्पकारिता कर समाज में सम्मान एवं देश को तरक्की दोनों देता है । क्योंकि मानव संसाधन ही सबसे बड़ा संसाधन है और शिक्षक ही वह रूप है जो देश को सबसे बड़ा संसाधन उपहार स्वरूप भेंट करती हैं ।

# संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित अंगदान जागरूकता कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ

## मुख्य सचिव ने कहा कि दान हमारी सनातन सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ। गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में नक्षत्र फाउंडेशन एवम् स्पर्श वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित अंगदान जागरूकता कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की उपस्थिति रही। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि दान हमारी सनातन सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। इस बहुमूल्य शरीर को मिट्टी में मत मिलाइये, अंगदान देकर हम किसी को नई जिंदगी दे सकते हैं। प्रदेश में रक्तदान के लिए अभियान चलाया जाता है, जिससे जनमानस को रक्त के लिए परेशान नहीं होना पड़ता है। अंगदान को लेकर लोगों में शंका और भ्रम है, लोग घबराते हैं। इसके लिए लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि एकमात्र दानी है जो मरकर भी अपने दान के कारण अमर रहता है। हमारे देश में दानवीरों की कमी नहीं है। आज भी महर्षि दधीचि, राजा बलि, राजा हर्षवर्धन, कर्ण, आदि का नाम महादान वीर के रूप में हर कोई जानता है। अंगदान के लिये लोगों को प्रेरित करना चाहिये। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि की उपस्थिति में अंगदान पर व्याख्यान में लिवर प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ.विवेक गुप्ता, सोटो के निदेशक डॉ.राजेश हर्षवर्धन, वरिष्ठ विज्ञान कवि पंकज प्रसून के साथ किडनी प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ.मनमीत सिंह ने अपने व्याख्यान से अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और अंगदान के लिये लोगों को प्रोत्साहित किया।

इसी कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में "आर्ट ऑफ हैप्पीनेस" विषय पर व्याख्यान एवम् प्रदेश के कुछ शिक्षकों को शिक्षा रत्न सम्मान भी प्रदान किया गया, व्याख्यान में डा मनमीत कौर सोढ़ी, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग नवयुग कन्या महाविद्यालय, लखनऊ, अनुपम श्रीवास्तव, वरिष्ठ संवाददाता, हिंदुस्तान टाइम्स, लखनऊ, डा अमरजीत यादव, योग विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, ने अपने विचार रखे। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव डा अखिलेश मिश्र एवम् गृह विभाग के उप सचिव श्री अर्जुन देव भारती द्वारा प्रदेश के कुछ शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दोनों सत्रों का संयोजन डा ऋचा आर्या एवम् रेखा झा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्पर्श वेलफेयर सोसाइटी के डॉ.धर्मेन्द्र कुमार शर्मा एवं नक्षत्र फाउंडेशन के डॉ.उदय प्रताप सिंह जी भी उपस्थित रहे।

# महापौर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ रोजगार मेला, 140 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ। बुधवार सुषमा खर्कवाल की गरिमामयी उपस्थिति में नगर निगम द्वारा संचालित अटल बिहारी बाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग के तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 15 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 885 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इन अभ्यर्थियों में से 140 का चयन किया गया।

उक्त मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि माननीया महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया। चयनित सभी 140 अभ्यर्थियों को महापौर द्वारा सांकेतिक ऑफर लेटर वितरित कर सभी को शुभकानाएं भेंट की गईं। उन्होंने अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन एवं रोजगार से सम्बन्धित अधिकाधिक जानकारी भी प्रदान की। उक्त आयोजन में महापौर ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वःरोजगार से जोडकर आत्म निर्भर भारत अभियान को सफल बनाना है।उन्होंने कहा कि "हर हाथ को काम" सरकार की प्राथमिकताओं में है। बेरोजगारी किसी भी देश के विकास में प्रमुख बाधाओं में से एक है। उन्होंने कहा भारत में बेरोजगारी हमेशा से एक गंभीर मुद्दा रहा है, लेकिन इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए भारत सरकार द्वारा योजनाबद्ध ढंग से कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं और निरन्तर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री बेरोजगरी के खात्मे के लिए प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभा एवं प्रतिभागियों के रोजगार सृजन में रोजगार मेले का बहुत महत्व होता है, क्योंकि यहां प्रतिभाग करने से युवाओं को नई दिशा प्राप्त होती है और वे रोजगार से संबंधित तमाम योजनाओं की भरपूर जानकारियां भी यहां से जुटा सकते हैं। हमें खुशी है कि इस रोजगार मेले के जरिये हमारे युवा रोजगार सृजन के साथ-साथ इस समाज और राष्ट्र के उत्तरोत्तर विकास की दिशा में समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकेगें। इस

# साहब: दबंगो में चकरोड तोड़कर अपने खेतों में मिलाया

कोंच (जालौन) कोंच तहसील के चांदनी गांव में खेतों की ओर जाने वाले चकरोड को तोड़कर दबंग किसानों ने अपने खेत में मिला लिया है। जिससे आगे खेतों वाले किसान आने जाने के लिए परेशान हैं। पीड़िता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर चकरोड की पैमाइश कराकर उसे दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। पिरौना निवासी शीला देवी ने एसडीएम कोंच को शिकायती पत्र देकर बताया कि चांदनी मौजा में उनकी खेती है। उनके खेतों पर जाने के लिए चकरोड बना था। लेकिन पास के कुछ दबंग किसानों ने जबरन चकरोड पर कब्जा जमाकर उसे तोड़ डाला और चकरोड अपने खेत में मिला लिया है। जिससे खेतों पर जाने के लिए अन्य किसानों को परेशानी हो रही है। वह अपने कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं। इतना ही नहीं चकरोड न होने के कारण वह कृषि उपकरण भी नहीं जा पा रहे हैं। जिससे उनकी खेती नष्ट हो रही है। दबंग लोगो को जब चकरोड तोड़ने से मना किया गया। तो वह लड़ाई, झगड़े व मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित महिला ने एसडीएम से चकरोड की पैमाइश कराकर चकरोड को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है।

## गलत पैमाइश करने का लेखपाल पर भी लगाया आरोप

वही शीला देवी ने उपजिलाधिकारी कोंच को बताया कि मौजा चांदनी लेखपाल ने सही से पैमाइश नही की। जबकि वर्तमान में खेत तक आने जाने के लिए चकरोड था लेकिन लेखपाल ने गलत पैमाइश की जिससे दबंग लोगो ने चकरोड को तोड़ कर अपने खेतों में मिला लिया।

# जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह द्वारा नगर की स्वच्छता, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने, शहर में चल रहे विकास कार्यों को गति प्रदान करने एवं जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से निरंतर नगर का निरीक्षण किया जाता है।

इसी क्रम में बुधवार को नगर आयुक्त द्वारा प्रातः जोन 07 क्षेत्र के इंदिरा प्रियदर्शिनी वार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी वाई.के. सिंह, जोन 07 के जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी आफिसर, नगर अभियंता सहित क्षेत्रीय पार्षद भृगुनाथ शुक्ला, पार्षद प्रतिनिधि सूरज जसवानी, पार्षद प्रतिनिधि राम कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

क्षेत्र के भ्रमण में विभिन्न क्षेत्रों की साफ-सफाई व्यवस्था का पर्यवेक्षण करते हुए नियमित कूड़ा उठान करने व साफ सफाई कराये जाने के निर्देश जोनल सेनेटरी अधिकारी को दिए गए। जोन-7 के सेक्टर-14 में कल्याण मण्डप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सेक्टर-14 स्थित कल्याण मण्डप की स्थिति जर्जर भवन के रूप में पायी गयी।

निरीक्षण के दौरान पाये गये बिन्दुओं पर चर्चा एवं निदेशों के अनुपालन के संबंध में निरीक्षण उपरांत जोन-7 कार्यालय में समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जोन में कूड़ा उठान, साफ-सफाई व्यवस्था, वाहनो की रवानगी की कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा कार्यो में आ रही समस्याओं की जानकारी की गयी। बैठक में वर्तमान में फैल रहे संक्रामक रोगो की रोकथाम हेतु समुचित सफाई व्यवस्था बनाये रखने तथा जलभराव न होने देने के साथ-साथ एंटी लार्वा व सघन फागिंग के निर्देश दिये गये।

# संस्कृतभारती के सहयोग से प्रधानमंत्री के संस्कृत भावों को नगर-निगम विद्यालयों मे लागू करने के उद्देश्य से हुई बैठक

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ । बुधवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संस्कृतभारती व नगर-निगम विद्यालयों की समन्वय गोष्ठी सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य रूप से संस्कृत भाषा को नई शिक्षा नीति मे शामिल किए जाने पर चर्चा हुई।

श्रीश्देव पुजारी ने संस्कृत भाषा को नई शिक्षा नीति मे तीन भाषाओं के चयन मे प्रथमिकता के आधार पर चयनित करने हेतू तथा रूचिकर रूप छात्रों को प्रेरित करने का आग्रह किया। गौरव नायक संगठन मंत्री ने विद्यालय के शिक्षकों को सम्भाषण शिविरों मे सम्मलित होने का आवाह्न करते प्रशिक्षण हेतू विद्यालय मे ही सत्र करने का आग्रह किया।

जे. पी. सिंह अध्यक्ष संस्कृत भारतीन्यास अवधप्रान्त ने समस्त उपस्थित प्रधानाचार्यो को विषयगत चर्चा करते हुए न्यूनतम साप्ताहिक शिक्षक प्रशिक्षण सत्र के लिए अपेक्षा करते हुए नई शिक्षा नीति के आलोक मे विद्यालयों को शिक्षण तथा संस्कृत भाषा उन्नयन हेतू सरल शब्दों को संस्कृत के सापेक्ष छात्रों को परिचयात्मक पाठ्यक्रम के साथ प्रारम्भ करने का अनुरोध किया।

महापौर ने समस्त विमर्श को विद्यालयों मे प्रारम्भ करने हेतू प्रधानाचार्यो को निर्देशित करते हुए नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालयों को कारवाई हेतू अपेक्षित सहयोग के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात मे प्रदर्शित भावों के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतू हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। जिसके लिए विस्तृत विचार-विमर्श कर चीजों को अमल में लाने की योजनाबद्ध रणनीति तैयार की जाएगी । आज हुए विमर्श अनुरूप पुनः प्रगति की समीक्षा विद्यालयों के अनुभव के आधार पर माह पश्चात पुनरीक्षण की जाएगी।

उक्त बैठक में संस्कृतभारती के श्रीश्देव पुजारी अखिल भारतीय सम्पर्कप्रमुख , जे पी सिंह अध्यक्ष संस्कृतभारतीन्यास अवधप्रांत व गौरव नायक संगठन मंत्री,अवधप्रांत तथा लखनऊ नगर निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र पाण्डेय, साहब लाल मिश्र,रीता सिंह, सविता सिंह, आयशा

# राजकीय आईटीआई लखनऊ में 12 सितम्बर को रोजगार मेला का आयोजन

06 सितम्बर 2023 लखनऊ। समाज जागरण

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 12 सितम्बर 2023 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 14 कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि हाईस्कूल, इण्डटमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, बीटेक या बीबीए, बीसीए, एमबीए उत्तीर्ण हो तथा आयुसीमा 18 से 40 वर्ष तक हो, वे अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के पात्र होंगे। कंपनियों द्वारा वेतन 8,000 से 30,000 रुपए प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी । मेले में पुरूष व महिला दोनों अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कंपनियों द्वारा कुल 1250 पदों पर चयन किया जायेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी 12 सितम्बर 2023 को अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

रोजगार मेले में कम्पनी एबीआई शोवाफटेक प्रा. लि. स्थान-पालिवलम, तमिलनाडु, कम्पनी जेबीएम ऑटो कम्पोनेंट्स लि., स्थान-फरीदाबाद, कम्पनी डॉन बॉस्को टेक प्रा. लि.,स्थान-लखनऊ, कम्पनी मदरसन सुमी सिस्टम्स लि., स्थान-अहमदाबाद, गुजरात, कम्पनी बीकेटी टायर्स इंडस्ट्रीज लि., स्थान-गुजरात, कम्पनी याजाकी इंडिया लिमिटेड, स्थान- बेंगलोर व अहमदाबाद, कम्पनी एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, स्थान-लखनऊ, लखीमपुर, सीतापुर, कम्पनी जय भारत मारुति लि., स्थान-अहमदाबाद, गुजरात, कम्पनी ईस्ट इंडिया टेक्नोलॉजी प्रा. लि., स्थान-नोएडा, कम्पनी पेटीएम प्रा. लि., स्थान-ऑल यूपी, कम्पनी टाटा मोटर्स लि., स्थान-पंतनगर, कम्पनी एसाइन सर्विसेस प्रा. लि., स्थान-लखनऊ, कम्पनी बजाज अलियांज लाइफ इंश्योरेंस, स्थान-लखनऊ तथा कम्पनी मैथनिक्स एडवरटाइजिंग, स्थान-लखनऊ के लिए युवाओं को चयनित करेंगी।

# Petty Offence वादों की आयोजित विशेष लोक अदालत में कुल 23957 वादों का निस्तारण किया गया।

समाज जागरण

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में **Petty Offence** वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में आज दिनांक 06.09.2023 को जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें विभिन्न जिला न्यायालयों द्वारा कुल 23957 वादों का निस्तारण किया गया।

श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा न्यायालयवार प्राप्त विवरण के अनुसार बताया गया कि श्री सुशील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 867 वाद, श्रीमती शिवानी त्यागी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम द्वारा 10006 वाद, श्री प्रदीप कुशवाहा, सिविल जज सी0डि0/एफटीसी द्वारा 10013 वाद, श्रीमती महिमा जैन, सिविल जज जू0डि0/एफटीसी-प्रथम द्वारा 223 वाद, श्रीमती आकृति, सिविल जज जू0डि0/एफटीसी-द्वितीय द्वारा 208 वाद, श्रीमती नूपुर श्रीवास्तव, अपर सिविल जज जू0डि0-द्वितीय द्वारा 283 वाद व श्रीमती रिचा शुक्ला, पीठासीन अधिकारी वर्चुअल कोर्ट द्वारा 2148 वादों का निस्तारण किया गया। उपरोक्तानुसार विशेष लोक अदालत में कुल 23957 मामलों का निस्तारण किया गया।

# जिला कारागार, गौतम बुध नगर में महिला बंदियों के लिए आयोजित किया विधिक साक्षरता शिविर ।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतबुद्वनगर श्री अवनीश सक्सैना के दिशा-निर्देशन तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दिनांक 06.09.2023 को समय 11:00 बजे से विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन महिला बंदियों के मध्य जिला कारागार, गौतम बुध नगर में आयोजित किया गया।



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में दिनांक 1 सितंबर से 7 सितंबर तक आयोजित राष्ट्रीय पोषण सप्ताह national nutrition week के अंतर्गत साक्षरता शिविर का आयोजन जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियो के मध्य किया गया।

उक्त कार्यक्रम के माध्यम से निरुद्ध बंदियों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं (निःशुल्क कानूनी सहायता, बंदियों के अधिकार, आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया। शिविर में महिला बंदियों को उनके मुकदमें में विधिक सहायता हेतु जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त गलगोटिया विश्वविद्यालय के विधि विद्यार्थियों द्वारा महिला बंदियों से उनकी मुकदमों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। गलगोटिया विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओ के लिये सेनिट्री नेपकीन, दलिया, फल व बिकिट एंव महिला बंदियो के साथ रह रहे बच्चों के लिये दूध पाउडर, फ्रूट , बिस्किट सेरेलेक आदि सामग्री वितरण की गयी तथा मनोचिकित्सक तथा योग शिक्षक द्वारा महिलाओं को जिला कारागार में रहते हुए इस समय का सदुपयोग करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई

उक्त शिविर में श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्वनगर के साथ श्री अरुण प्रताप सिंह, अधीक्षक, जिला कारागार व श्री नरेन्द्र कुमार प्रोफेसर, डा० श्रीमती नमिता, डीन विधि विभाग गलगोटिया विश्वविधालय व अधिक संख्या में छात्र व छात्राये उपस्थित रहे।

# पौष्टिक/मोटे अनाज की खेती, प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत आईआईएमटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा में अध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण।



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 को अन्तराष्ट्रीय मिलेट्स मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। राज्य में पौष्टिक/मोटे अनाज की खेती, प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में आज दिनांक 6 सितम्बर 2023 को आई0आई0एम0टी कॉलेज ऑफ पॉलेटेक्निक में अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य मोटे अनाज के गुणों से अध्यापकों को जागरूक करना रहा, जिससे अध्यापकों के माध्यम से स्कूल करीकुलम का हिस्सा बन ये जानकारी विद्यार्थियों को प्राप्त हो सके व उनके माध्यम से उनके अभिभावक तक मोटे अनाज के आर्थिक व पौष्टिक लाभों को सांझा किया जा सके व अन्ततः मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा मिल सके और कृषकों की आय में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ प्रदेश के जन-मानस का स्वास्थवर्द्धन कर एक आर्थिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ समाज के निर्माण को बल मिल सके।छात्र एंव छात्राओं के माध्यम से उनके अभिभावकों तक मिलेट्स के उपभोग पर जागरुक किये जाने के लिए मिलेट्स पुनरोद्वार कार्यक्रम योजनान्तर्गत सरकारी/मान्यता प्राप्त/निजी जूनियर हाईस्कूल एंव इण्टरमीडिएट विद्यालयों से 55 अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह द्वारा की गयी तथा विशेष अतिथि के रुप में मेरठ मंडल मेरठ के संयुक्त कृषि निदेशक श्री ए.एन. मिश्रा उपस्थित रहें। कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक किया गया, जिसमें जनपद के 57 स्कूलों के अध्यापक प्रशिक्षण लेने के लिए उपस्थित रहे। मिलेट्स सीरियल श्री अन्न का प्रशिक्षण देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डॉ मयंक राय, डॉ विपिन कुमार एंव डॉ विनीता सिंह द्वारा अपने-अपने व्याख्यानों में उत्पादन से लेकर उपभोग करने के संबन्ध में अवगत कराया गया। रामपुर फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी के प्रतिनिधि अमित वर्मा, मैत्री संस्थान की प्रतिनिधि नम्रता नाराण, नाईन ग्राम मिलेट्स से प्रियंवदा, खन्ना मिलेट्स फॉर हेल्थ से राजीव पाण्डेय उपस्थित रहे, आप सभी ने मिलेट्स के प्रोडेक्ट कैसे तैयार किये जायें रसोई तक कैसे पहोंचाया जाये और किसानों को कैसे लाभ मिले इसकी न्यूट्रीसन वेल्यूम क्या है, आदि के संबन्ध में अवगत कराया। उप कृषि निदेशक श्री विनोद कुमार द्वारा मिलेट्स (श्री अन्ना) की कार्ययोजना से अतिथियों एंव प्रशिक्षण कताओं को अवगत कराया गया, संयुक्त कृषि निदेशक मेरठ मंडल मेरठ ने अध्यापकों से आग्रह किया कि श्री अन्न का विस्तार किया जाये साथ ही अपने स्कूल में पढाने के लिए तैयार किया जाये। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# गौतम बुद्ध नगर में प्रस्तावित यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं मोटो जीपी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी गण एक्टिव।

## माननीय मुख्यमंत्री जी के हृदय से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो, अधिकारीगण युद्ध स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप करें प्रदान।



उत्तर प्रदेश शासन के निदेशों के क्रम में एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में आयोजित होने जा रहे यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं बुद्ध इंटरनेशनल स्पोर्ट सिटी ग्रेटर नोएडा में होने वाले मोटो जीपी कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण युद्ध स्तर पर अपनी-अपनी तैयारी को अंतिम रूप प्रदान कर रहे हैं, ताकि उक्त दोनों कार्यक्रमों को जनपद में सकुशल भव्यता के साथ संपन्न कराया जा सके। इसी कड़ी में आज मंडलायुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे. जनपद गौतम बुद्ध नगर के भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम बुद्ध इंटरनेशनल स्पोर्ट्स सिटी ग्रेटर नोएडा पहुंची, जहां पर मोटो जीपी कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। मंडलायुक्त ने मोटो जीपी कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी तैयारियां समय रहते मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किये। उसके उपरांत मंडल आयुक्त के द्वारा मोटो जीपी कार्यक्रम स्थल का बहुत ही गहनता के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। उसके उपरांत मंडल आयुक्त ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचकर यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं मोटो जी पी कार्यक्रम के आयोजन के दौरान जनपद की यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए रूट प्लान तैयार कर लिया जाए एवं कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों के लिए रहन-सहन, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य, खानपान इत्यादि सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराए जाने की सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। इस अवसर पर मंडल आयुक्त ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग गौतम बुद्ध नगर द्वारा इंडिया एक्सपोर्ट में लगाए गए स्टॉल का भी फीता काटकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया एवं इंडिया एक्सपोर्ट में लगाए गए अन्य सभी स्टालों का बहुत ही गहनता के साथ अवलोकन भी किया। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने मंडल आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ को वर्तमान तक की गई तैयारी से अवगत कराते हुए आश्वस्त किया कि मोटो जीपी एवं यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर जो आज आपके द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं उन्हीं के अनुरूप सभी तैयारियां अधिकारियों के माध्यम से समय रहते पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर डीसीपी पुलिस साद मिया खान, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी

# समर से पानी न देने पर परिवार के लोगों ने ही भाई तथा उसके बच्चों को मारपीट कर किया घायल

फिरोजाबाद। थाना नारखी क्षेत्र में खेत में समर से पानी न देने पर परिवार के लोगों ने ही लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है। भगीपुर निवासी वीरेंद्र कुमार ने अपने समर से भाइयों को खेत भरने के लिए पानी देने से मना कर दिया था। उसका कहना था कि आज दूसरे का खेत भर रहा है। इसी बात को लेकर उसके भाई बौखला गए। उन लोगों ने लाठी डंडों से उसे मारना शुरू कर दिया। पता चलने पर उसकी बेटी तथा परिवार के अन्य लोग उसे बचाने आए। हमलाबरो ने उन लोगों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। उनकी चीखपुकार सुन काफी लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने हमलावरों से उन्हें बचाया। मारपीट में घायल रेखा पुत्री वीरेंद्र काजल पुत्री वीरेंद्र राजकुमारी पथरी नेमीचंद्र वीरेंद्र पुत्र राम लखन का पुलिस ने मेडिकल कराया है।

# पीड़िता की पैरवी करना पूर्व सैनिक पर पड़ा भारी

## सैनिक विहार कॉलोनी निवासी,छात्रा की पैरवी करने वाले के घर की रात में रेकी

अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के रेवतापुर सैनिक विहार कॉलोनी के बाद ,पास के पटेल नगर में बाइक सवार बदमाशों ने असलहे से लैश होकर घरों की रेकी की,जानकारी होने पर लोगों ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी,कालोनी में हलचल होने पर बदमाश मौके से भाग निकले। बदमाशों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पूर्व सूबेदार प्रकाश सिंह बिष्ट 2-43/ पटेल नगर,हरिहरनगर, निलमथा, कोतवाली सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ में रहते हैं।

प्रकाश सिंह बिष्ट ने बताया कि बीती 5,6अगस्त की रात करीब साढ़े बारह बजे, बाइक सवार तीन बदमाश जो असलहे और धारदार हथियारों से लैस होकर कालोनी में घुसे,और उनके घर की रेकी करते नजर आए,इसकी जानकारी उन्होनें कालोनी के अन्य लोगों को दी,और तत्काल 112 पर पुलिस को सूचना दी,सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आस-पास गस्त की, लेकिन तब तक वो लोग भाग चुके थे। इस घटना से कालोनी के लोगों में दहशत है।

### इस लिए है बदमाशों के निशाने पर -

प्रकाश सिंह बिष्ट ने बताया कि, अभी हाल ही में रेवतापुर,सैनिक विहार कॉलोनी की छात्रा के साथ हुई जधन्य घटना में, पीड़िता के परिवार के साथ कोतवाली पीजीआई में मुकदमा दर्ज करवाने में साथ रहे थे। मामले की पैरवी की,मुझे आशंका है कि जेल भेजे गए आरोपियों के गैंग के बदमाशों ने दुश्मनी कर ली है। पूरी आशंका है कि उक्त हथियारबंद हमलावर जान माल की हानि कर सकते हैं।

सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।